✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 198 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 15 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित नवीन पुलिस केन्द्र में केन्द्रीयकृत रसोई-सह-भोजनालय में जीविका दीदियों से संवाद करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## पीएम नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने नितिन नवीन को दी बधाई | बिहार में चारों तरफ जश्न का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली। पटना।** बिहार सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नबीन को भाजपा ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति 14 दिसंबर 2025 यानी आज से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन सीधे घर पहुंचे और अपने पिता की तस्वीर को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान वो भावुक नजर आए। अगर वह नड्डा की जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो बिहार के पहले नेता होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी। नितिन नबीन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो, या बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव है। आज उनका राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना दिन-रात परिश्रम



करने वाले हर युवा भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है। मैं उनके नवीन दायित्व और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार के रहने वाले नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पांचवीं बार विधायक निर्वाचित हुये हैं और हमारे साथ मंत्रिमंडल में ऊर्जावान सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। श्री नवीन एक समर्पित और अनुशासित राजनीतिज्ञ हैं। मुझे उम्मीद है कि उनकी इस नई जिम्मेदारी से भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती मिलेगी। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्वल कार्यकाल की कामना है। मुख्यमंत्री ने नितिन नवीन से दूरभाष पर वार्ता कर भी उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनायें दी। बता दें कि नितिन दिग्गज बीजेपी नेता नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र हैं। नितिन नबीन महज 45 साल के हैं। वह भाजपा की यह जिम्मेदारी संभालने वाले सबसे कम उम्र के नेता बन गए हैं। जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी वही संभालेंगे। 45 साल के नितिन बिहार के पहले नेता हैं, जिसे भाजपा ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। अमित शाह जब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 50 साल थी। ऐसे में उन्हें ये जिम्मेदारी देकर बीजेपी ने एक बड़ा दांव खेला है। नितिन नबीन के पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा बीजेपी के मजबूत नेता थे। उनके निधन के बाद उपचुनाव हुआ तो जनता ने उनके बेटे पर भरोसा किया। फिर नितिन नबीन की राजनीतिक में एंट्री हुई। इसके बाद बांकीपुर सीट से वो लगातार चार से जीतते आ रहे है। पथ निर्माण मंत्री के रूप में उनकी पहचान ऊर्जावान और काम करने वाले नेता के रूप में बनी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन बीजेपी ऑफिस पहुंचे। उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े। इसके साथ ही उसके समर्थन में नारे लगाए। नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी ऑफिस में जश्न का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं।

### बिहार के लिए गर्व की बात : सुशील

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को लेकर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उन्हें बधाई दी। श्री सिंह ने कहा कि नितिन नवीन का औरंगाबाद से गहरा नाता है। औरंगाबाद शहर में उनका ननिहाल होने के कारण यहां के लोगों से उनका गहरा लगाव है। उन्होंने कहा कि श्री नवीन एक कुशल संगठनकर्ता हैं और उन्हें संगठन तथा सरकार दोनों में काम करने का व्यापक अनुभव है। पूर्व सांसद ने बताया कि जब नवीन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष थे तब से पार्टी को उनके अनुभव का लाभ मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने से पहले, नितिन नवीन भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं जहां उनके संगठनात्मक कौशल को पहचान मिली थी। उनके राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी और यह बिहार के लिए गर्व की बात है। श्री नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से औरंगाबाद में जश्न का माहौल है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा राजद जिलाध्यक्ष विनय साहू गिरफ्तार

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** कबैया थाना पुलिस ने शहर के नया बाजार पचना रोड मोड़ के पास करीब चार माह पूर्व सड़क जाम के एक मामले में नामजद अभियुक्त युवा राजद के जिलाध्यक्ष विनय कुमार साहू को शहर के वार्ड नंबर 33 लाली पहाड़ी मोहल्ला स्थित आवास से शनिवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसी सड़क जाम मामले में विनय साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस विनय साहू को गिरफ्तार कर कबैया थाना के बदले लखीसराय थाना में रखा। रविवार को दोपहर बाद उसे लखीसराय कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

### एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी की गाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी की कि उनकी गाड़ी को टक्कर मारी गयी है। हालांकि एमएलसी उस वक्त गाड़ी में नहीं थे इसलिए उनकी जान बच गयी। एमएलसी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पटना जंक्शन पर ट्रेन में बिठाकर मेरे अंगरक्षक और चालक मुजफ्फरपुर लौट रहे थे। इसी दौरान सारण जिले के दीघा-पहलेजा चेक पोस्ट के पास ट्रक से मेरी गाड़ी में टक्कर मारी गई है। प्रतीत होता है कि हत्या करने के इरादे से इस घटना को अंजाम दिया गया है।

### पाटलिपुत्र विवि का दीक्षांत समारोह जनवरी में

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विवि का पीजी नियमित और सेल्फ फाइनेंस सत्र 2023-25 का दीक्षांत समारोह जनवरी में होगा। इसके लिए विवि प्रशासन ने राजभवन से 20 से 30 जनवरी के बीच के समय के लिए अनुमति देने का प्रस्ताव भेजा है। दीक्षांत समारोह में शामिल होनेवाले छात्रों की औपबंधिक मेधा सूची जारी कर दी गई है। सूची में संशोधन के लिए विवि प्रशासन ने छात्रों को 17 दिसंबर तक का समय दिया है। 17 दिसंबर तक छात्र मेधा सूची में संशोधन करवा सकते हैं।

### सिन्हा लाइब्रेरी के हेरिटेज भवन का होगा जीर्णोद्धार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सिन्हा लाइब्रेरी के हेरिटेज भवन का 3.50 करोड़ से जीर्णोद्धार होगा। काम शुरू है। कुछ माह में यह अपने नये स्वरूप में नजर आएगा। बता दें कि अंग्रेज के समय का बना यह भवन अब कई जगहों पर जर्जर हो गया है। भवन में वर्ष 1900 से लेकर अबतक के अखबार हैं। भवन जर्जर होने का असर इन अखबारों पर भी हो रहा है। इसलिए इसे दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही सच्चिदानंद सिन्हा की लिखी 130 किताबों को भी डिजिटल करने का काम शुरू है। इसके लिए लाइब्रेरी में अपना सर्वर बनाया जा रहा है। लाइब्रेरी के सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष अंजय कुमार ने बताया कि सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा लिखी किताबों के पन्ने अब फट रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने नवीन पुलिस केन्द्र में 700 क्षमता वाले पुरूष सिपाही बैरक का किया उद्घाटन

# पुलिस बल के कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राजधानी पटना स्थित नवीन पुलिस केंद्र परिसर में केंद्रीकृत रसोई-सह-भोजनालय और 700 क्षमता वाले पुरुष सिपाही बैरक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए तैयार की गई आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए पुलिस केंद्र के विकसित होने से पटना पुलिस को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में काफी सहूलियत मिलेगी और कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध होगा। नवीन पुलिस केंद्र के अंतर्गत प्रशासनिक भवन, महिला पुलिस बैरक, पुरुष सिपाही बैरक, भोजनालय, पार्किंग शेड, वाहन स्टैंड, शौचालय, गार्ड रूम और अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास किया गया है। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के लिए



बनाए गए बैरक और भोजनालय का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस बल के कल्याण और सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। नई व्यवस्थाओं से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाकर राज्य में कानून-व्यवस्था को और बेहतर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना पुलिस केन्द्र में रहने वाले पुलिस बलों को अपनी ड्यूटी करने के साथ-साथ राशन, भोजन आदि की व्यवस्था करने में काफी कठिनाई होती थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस लाईन में जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ किया जा रहा है। इससे यहां रहने वाले लगभग तीन हजार पुलिस बलों को सस्ते दर पर पौष्टिक भोजन प्राप्त होगा। समय एवं श्रम की बचत होने से वे बेहतर ढंग से अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, पूर्व डीजीपी आलोक राज, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, आयुक्त अनिमेष पराशर, पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, पटना के जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार को मिले दस नए आइएएस अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार ने 2024 में यूपीएससी से चयनित 179 आईएएस को कैडर आवंटित कर दिया गया है। बिहार कैडर में कुल 10 आईएएस अधिकारी मिले हैं। इनमें ऑल इंडिया आठवां रैंक हासिल करने वाले सीतामढ़ी के राजकृष्ण झा शामिल हैं। बिहारी मूल के एक दर्जन आईएएस अधिकारी को दूसरे राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश का कैडर मिला है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक ऑल इंडिया 43वां रैंक रखने वाले झारखंड के सौरव सिन्हा, 60वीं रैंक रखने वाली मध्य प्रदेश की फरखंदा कुरैशी, 62वां रैंक वाली बिहार की कुमुद मिश्रा, 66वीं रैंक वाले उत्तराखंड के केतन शुक्ला, 67वीं रैंक वाली दिल्ली की कल्पना रावत, 68वीं रैंक वाले राजस्थान के निलेश गोयल, 82वां रैंक वाले दिल्ली के प्रिंस राज, 133वां रैंक वाले राजस्थान के अमित मीणा और 178वां रैंक रखने वाले दीपक कुमार को बिहार कैडर आवंटित हुआ है। इनके अतिरिक्त गृह राज्य बिहार वाले 12 आईएएस को दूसरे राज्य का कैडर अलॉट हुआ है। इनमें ऑल इंडिया 13वां रैंक वाले हेमंत और 17वीं रैंक संस्कृति त्रिवेदी को उत्तर प्रदेश, 32वीं रैंक की शोभिका पाठक को महाराष्ट्र, 75वां रैंक वालेरित्विक मेहता को झारखंड, 98वां रैंक वाले ऋत्विक रंजन को केरल, 103वां रैंक वाले अर्णव आनंद गुप्ता को राजस्थान, 120वां रैंक वाले संदीप कुमार को उत्तर प्रदेश, 121वां रैंक वाले पारस कुमार को तेलंगाना, 140वां रैंक वाले सुधा चौहान को ओडिशा, 149वां रैंक वाली लक्ष्मी नारायण वर्मा को एजीएमयूटी, 154वीं रैंक वाले सौरभ सुमन को असम-मेघालय और 156वां रैंक रखने वाले सुशांत कुमार को एजीएमयूटी कैडर आवंटित किया गया है।

# बेकाबू होकर गड्ढे में गिरी बाइक, दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव के समीप शनिवार की देर रात बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ननौरा गांव निवासी शिवजी पासवान के पुत्र अर्जुन पासवान (21) और महेंद्र चौहान के पुत्र राजू चौहान (22 ) के रूप में हुई है। दोनों युवक बिजौली गांव में एक जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। इसी दौरान बिजौली गांव के समीप रात के अंधेरे और तेज रफ्तार के कारण बाइक नहर पुल के पास बेकाबू हो गई और नीचे जा गिरी। दुर्घटना के बाद दोनों




युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में काफी देर तक घटनास्थल पर पड़े रहे। राजपुर थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि दुर्घटना बिजौली गांव के समीप रात लगभग 2 बजे हुई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो एक युवक चेतन अवस्था में था। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे ने रविवार सुबह इलाज के दौरान अंतिम सांस ली।

# बिहार विधानसभा में 18 समितियों का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा के गठन के बाद अध्यक्ष प्रेम कुमार ने 18 समितियों का गठन कर दिया है। विधानसभा सचिवालय ने शनिवार की देर शाम को अधिसूचना भी जारी कर दी है। सभी कमेटी में 10 से लेकर 16 विधायक को सदस्य बनाया गया है। तीन महत्वपूर्ण समितियां को विधानसभा अध्यक्ष ने अपने पास रखा है। हालांकि उसमें दोनों उपमुख्यमंत्री और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है। बिहार विधानसभा की ओर से जारी अधिसूचना में 18 कमेटी में विशेष अधिकार समिति, नियम समिति और सामान्य प्रायोजन समिति विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने पास रखी है। वहीं दोनों



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव को इसका सदस्य बनाया है। अन्य महत्वपूर्ण कमेटियों में राजद के वरिष्ठ नेता विधायक भाई वीरेंद्र को लोक लेखा समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं भाजपा के विधायक नीतीश मिश्र को प्राक्कलन समिति का सभापति बनाया गया है। भाजपा के विधायक जनक सिंह को याचिका समिति का सभापति बनाया गया है। जदयू के दामोदर रावत को राजकीय आश्वासन समिति का सभापति बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार पांडे को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति का सभापति बनाया गया है। भाजपा विधायक संजीव चौरसिया को आचार समिति का सभापति बनाया गया है। एआइएमआइएम के विधायक अख्तरुल इमान को अल्पसंख्यक कल्याण समिति का सभापति बनाया गया है। भाजपा की रेणु देवी को बिहार विरासत विकास समिति का सभापति बनाया गया है। निशा सिंह को कर सुधार समिति का सदस्य बनाया गया है। जदयू विधायक बुलो मंडल को जिला परिषद और पंचायत की राज्य समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं जदयू के विधायक संतोष कुमार निराला को एससी एस टी कल्याण समिति का सभापति बनाया गया है। जदयू की विधायक अश्वमेघ देवी को महिला एवं बाल विकास समिति का सभापति और सिद्धार्थ सौरव को निवेदन समिति का सभापति बनाया गया है। बता दें कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को 243 में से 202 सीटें मिली हैं जबकि महागठबंधन को मात्र 35। इसी कारण अधिकांश समितियों में सत्ता पक्ष का प्रभुत्व दिख रहा है। विभिन्न समितियों में कुल 25 सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर रविवार सुबह उमता धरनई के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल सभी घायलों और मृतकों को मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। रेफरल अस्पताल में डॉक्टरों ने दो व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया। दो गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मृतकों में एक की पहचान मखदुमपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी धर्मेंद्र चौधरी के बेटे पप्पू चौधरी के रूप में हुई है। दूसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घायलों की पहचान पटना जिले के रुस्तम चक्र निवासी अनमोल कुमार और हर्षित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पप्पू चौधरी अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर से गया की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल गया की ओर से जहानाबाद की तरफ आ रही थी। उमता धरनई के पास ही दोनों मोटरसाइकिलों की जबरदस्त टक्कर हो गई। मृतक पप्पू के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और वे अस्पताल पहुंच चुके हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# परिमार्जन के मामलों में अब देरी नहीं : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री और डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि समीक्षा के क्रम में पाया गया कि परिमार्जन प्लस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती जा रही है। इसलिए रैयतों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने के लिए सभी कार्यों के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके बाद किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी मामलों का निस्तारण अनिवार्य होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि परिमार्जन प्लस के मामलों में अब शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया लापरवाही बरतने वालों को फौरन



निलंबित कर दें। विजय सिन्हा ने कहा कि आम नागरिकों और भू-धारियों को भूमि संबंधी मामलों में त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने परिमार्जन प्लस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए स्पष्ट और सख्त समय-सीमा निर्धारित कर दी है। विभाग ने साफ किया है कि अब जमाबंदी से जुड़ी त्रुटियों के सुधार में भी अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अब तक लगभग 4.50 करोड़ जमाबंदियों को ऑनलाइन किया जा चुका है। हालांकि, डिजिटलीकरण के क्रम में कुछ जमाबंदियों में रैयत के नाम, पिता का नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान आदि से संबंधित त्रुटियां सामने आई हैं। इन्हीं विसंगतियों के त्वरित और सुव्यवस्थित समाधान के लिए परिमार्जन प्लस पोर्टल विकसित किया गया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से डिजिटाइज्ड जमाबंदी में नाम, पिता का नाम, जाति, पता, खाता, खेसरा, रकबा और लगान से जुड़ी त्रुटियों के सुधार के साथ-साथ छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करने की सुविधा है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि समय-सीमा निर्धारित नहीं होने के कारण अंचल स्तर पर आवेदनों के निष्पादन में अनावश्यक देरी हो रही है जिससे बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं और आम रैयतों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने परिमार्जन प्लस के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए अधिकतम समय-सीमा तय कर दी है। इसके अनुसार लिपिकीय/टंकण भूल या लोप से जुड़ी त्रुटियों का सुधार 15 कार्य दिवस में किया जाएगा। अन्य जमाबंदी संबंधी त्रुटियों का सुधार 35 कार्य दिवस में होगा। छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करने का कार्य 75 कार्य दिवस में निर्धारित किया गया है। भू-मापी की आवश्यकता वाले मामलों का निष्पादन भी 75 कार्य दिवस में अनिवार्य रूप से करने की सीमा तय की गई है।

### नाव हादसे में दादा और पोती की मौत

**कटिहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमदाबाद में रविवार को नाव हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दादा और पोती शामिल हैं। हादसा अमदाबाद थाना क्षेत्र के दुर्गापुर पंचायत अंतर्गत बहरसाल गोविंदपुर गांव के समीप महानंदा नदी के उपधार में हुआ। घटना करीब सुबह 9 बजे की बताई जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान बहरसाल गोविंदपुर वार्ड संख्या 6 निवासी अशोक मंडल (49) और उनकी 2 वर्षीय पोती रुचिता मंडल के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुरेश मंडल ने बताया कि वे मक्का के खेत देखने जा रहे थे। इसी दौरान नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई, जिससे दोनों गहरे पानी में डूब गए।

# गया औद्योगिक कोरिडोर से 1.10 लाख को मिलेगा रोजगार : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/गया।** डोभी में बनने वाले औद्योगिक कोरिडोर के लिए जून तक पूरी जमीन अधिग्रहित हो जाएगी जब बनकर तैयार हो जाएगा तो करीब 1.10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। डोभी, शेरघाटी और बोधगया एनसीआर के रूप में विकसित करेगा। इसके अलावा गया जी शहर के विकास और व्यावासियों के लिए कई महत्वपूर्ण काम होने वालेहैं। उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को अभिनंदन समारोह में कहीं। सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शहर के एक निजी होटल में आयोजित समारोह में डॉ. कुमार ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स की पहल पर सड़कों का वर्गीकरण ठीक कराकर नगर निगम का टैक्स कम कराया। गया जी की वजह से




पूरे बिहार को लाभ मिला। कहा कि जाम को लेकर अतिक्रमण हटाया गया। अवैध बस और ऑटो पार्किंग स्थल को बंद कराया। अतिक्रमण हटाने के साथ ही केपी रोड से होने वाले नाजायज आदमनी को बंद कराया। वेंडिंग जोन बनेगा। जाम से निजात के लिए तीन फ्लाई ओवर का निर्माण होगा। विस अध्यक्ष ने कहा सूबे में गया जी का चैंबर ऑफ कॉमर्स सबसे बढ़िया व महत्वपूर्ण है। 1990 से चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ रहा हूं, आगे भी साथ रहूंगा। गया जी के साथ व्यावसायियों के विकास के लिए लगातार काम होता रहेगा। ऐतिहासिक जीत हासिल कर विधानसभा अध्यक्ष बनेन पर विधायक डॉ. प्रेम कुमार का रविवार को भव्य अभिनंदन किया गया। सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शहर के एक निजी होटल में विस अध्यक्ष के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तल ेविभिन्न व्यावसायिक संगठनों ने विस अध्यक्ष का अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल और संचालन संरक्षक डॉ. कौशलेंद्र प्रताप ने किया। इस मौके पर चैंबर के महासचिव सुनील कुमार, पूर्व अध्यक्ष संजय भारद्वाज, डी के जैन,प्रमोद भदानी, बाल किशन भारद्वाज, आलोक नंदन, राजेश झुनझुनवाला, बुलियन एसो.की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार बरनवाल, सचिव संजय वर्मा, दवा विक्रेता संघ की ओर से संजय जमुआर, आनंद कुमार मंटू , प्रेम नारायण पटवा, शिरीष प्रकाश व शुभ्रा गुप्ता सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मंत्री नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# नितिन नवीन कर्मठ, जुझारू और मेहनती नेता : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को आज भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की खबर की सूचना मिलते ही बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न का दौर शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल और नगाड़े की थाप पर झूमे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी और जमकर मिठाईयां बांटी गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहली बार बिहार के किसी नेता को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व निभाने का मौका मिला है। इधर, बिहार भाजपा के अध्यक्ष और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हाल में एनडीए की मिली प्रचंड जीत का तोहफा बिहार को मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश के किसी नेता को पहली बार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, यह प्रदेश के



लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिहार के मंत्री नितिन नवीन कर्मठ, जुझारू और मेहनती नेता हैं जिनका इनाम आज इन्हें इतना बड़ा दायित्व देकर पार्टी ने दिया है। नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नितिन नवीन को हृदय से अभिनंदन एवं असीम शुभकामनाएं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नितिन नवीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन को राष्ट्रीय फलक पर नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा करोड़ों कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महती भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नितिन नवीन के कार्यकाल के लिए ढेरों मंगलकामनाएं भी दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि नितिन नवीन की पहचान राजनीति के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में रही है। वे 14 वर्षों से पटना में श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के माध्यम से भव्य रामनवमी के आयोजन करते रहे हैं।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधार की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर पूर्णिया के सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता विजय कुमार श्रीवास्तव ने बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को पत्र भेजकर बिजली बचत के हित में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि विकास आयुक्त, ऊर्जा विभाग के सचिव तथा बिहार विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष को भी भेजी है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस हर वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, लेकिन बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में दिन के समय स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं और रात में अंधेरा रहता है। इससे जहां अनावश्यक बिजली की खपत हो रही है, वहीं स्ट्रीट लाइटें जल्दी खराब हो जाती हैं और नगर निकायों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। प्रतिदिन हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है जिससे ऊर्जा संरक्षण दिवस की भावना का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइटों को सूर्योदय के बाद बंद और सूर्यास्त के बाद जलाने की कोई व्यवस्थित व्यवस्था दिखाई नहीं देती। यह स्थिति दुखद और आपत्तिजनक है। स्ट्रीट लाइटों की निगरानी के लिए एप आधारित और टाइमर युक्त सेंट्रल मॉनीटरिंग सिस्टम को शीघ्र लागू करने की आवश्यकता है। रात में अंधेरा रहने से आम नागरिकों को परेशानी होती है और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है। पत्र में सुझाव दिया गया है कि आक्टोगोनल स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बैटरी चोरी रहित सोलर लाइट सिस्टम लगाने, पुराने स्ट्रीट लाइट सिस्टम को बदलने तथा प्रशासन और विद्युत विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए। विजय कुमार श्रीवास्तव ने यह भी मांग की कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिनमें पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, बहस, संगोष्ठी, कार्यशाला, जागरूकता रैली और ऊर्जा बचत की शपथ जैसे कार्यक्रम शामिल हों। ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की संस्था ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी की सहायता लेने का भी अनुरोध किया गया है। उन्होंने बिजली बचत के हित में उपरोक्त बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

बांकीपुर और पटना साहिब विधानसभा में 'कार्यकर्ता सम्मान समारोह' आयोजित

# भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपरांत बांकीपुर और पटना साहिब विधानसभा में 'कार्यकर्ता सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया और उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में भाजपा के कार्यकर्ता, कई गणमान्य लोग और मतदाता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी कार्यकर्ताओं के अलावा बिहार के मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की जीवित पहचान हैं और प्रत्येक जीत का पहला प्रमाण है। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बने समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान और उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करने से बड़ी खुशी और कुछ नहीं हो सकती है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत को लेकर कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और विश्वास ही एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत का आधार है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बिहार के विकास एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ाने का अब उत्तरदायित्व भी हम लोगों का है। उन्होंने दावा किया कि इस उत्तरदायित्व को भी हम निभाएंगे। भाजपा अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने दावा किया कि हम सभी मिलकर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए बिहार के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ेंगे। यह विजय कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनता के विश्वास और विकासोन्मुखी राजनीति की जीत है। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि जन-जन के लिए समर्पित सरकार के अनुशासन और क्षेत्र में विकास की मजबूत बागडोर भी हमारे कार्यकर्ताओं से संभव है।

इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने समारोह में आये कार्यकर्ताओं के उत्साह, समर्पण और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को नमन करते हुए कहा कि कर्मठ कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ और शक्ति हैं। उनके परिश्रम और संकल्प से ही संगठन निरंतर मजबूत होता है और जनसेवा का संकल्प साकार होता है। समारोह में सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद विवेक ठाकुर, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बिहार के मंत्री नितिन नबीन, विधायक रत्नेश कुशवाहा, संजीव चौरसिया, संजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, अमृता भूषण राठौड़, प्रवक्ता अरविंद सिंह, सुषमा साहू, प्रभाकर मिश्रा, संजीव मिश्रा, पटना जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, जिला प्रभारी सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन ने किया 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** फ्रेजर रोड स्थित यूथ हॉस्टल से गांधी मैदान के गांधी मूर्ति स्थल तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा देश के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन के बैनर तले निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर एनजीओ हेल्पलाइन सूचना शक्ति के संस्थापक-निदेशक, अर्थशास्त्री एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट पंडित संजय कुमार झा ने युवाओं को झंडी दिखा कर विदा किया। अपने संबोधन में




सीए झा ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत केवल सरकारी योजनाओं से नहीं बनेगा, बल्कि ईमानदार, जागरूक और संकल्पबद्ध युवाओं से बनेगा। आज का युवा यदि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करे, अंतिम व्यक्ति तक सोचकर योजनाएं बनाए और नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बने तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल भौतिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला सम्मान और युवा सशक्तिकरण है। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी विचारक प्रेम जी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत की नींव आत्मनिर्भरता पर टिकी है जब तक युवा अपने पैरों पर खड़ा नहीं होगा, तब तक देश पूर्ण रूप से विकसित नहीं होगा। गांधीजी के विचार-सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और सेवा, आज भी विकसित भारत के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु संकल्प दिलाते हुए सामाजिक सेवा, स्वदेशी सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर प्रमोद चंद्रवंशी ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व एवं संसदीय बोर्ड द्वारा बिहार के समर्पित पार्टी कार्यकर्ता से नेता बने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन सिन्हा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बिहार के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा संसदीय बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। इसे बिहार के लिए गौरव का दिन बताया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी द्वारा कहा गया कि



भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो साधारण कार्यकर्ता को भी संगठन और सत्ता के सर्वोच्च पदों तक पहुंचाने का अवसर देती है। नितिन नवीन का राजनीतिक सफर इस बात का प्रमाण है कि पार्टी में परिश्रम, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान किया जाता है। मृदु भाषा, सरल व्यक्तित्व और कार्यकर्ताओं के प्रति हमेशा समर्पित रहने वाले नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर यह संदेश दिया गया है कि एक साधारण कार्यकर्ता भी किसी भी ऊंचे पद तक पहुंच सकता है। बताया गया कि नितिन नवीन एक कुशल संगठनकर्ता और सफल नेतृत्वकर्ता रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में पार्टी को बड़ी सफलता मिली थी। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ बिहार ही नहीं, पूरे देश को मिलेगा। आगामी बंगाल चुनाव में भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा क्योंकि बंगाल में बिहार के करोड़ों लोग निवास करते हैं। उनके नेतृत्व में बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव समाप्त होगा और वहां कमल खिलेगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी ने कही।

# रात में औचक निरीक्षण करने पहुंचे कृषि मंत्री, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज सिवान जिले के चैनपुर में खाद दुकान का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उनके द्वारा दिए गए विभागीय निर्देशों के तहत किया गया था जिसमें शनिवार और रविवार को मुख्यालय छोड़ कर फील्ड में जाकर स्थिति का जायजा लेने की बात कही गई थी। औचक निरीक्षण के दौरान सिवान के जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार के साथ स्थानीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। मंत्री राम कृपाल यादव ने खाद की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर विक्री के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा किसान हमारे राज्य की रीढ़ हैं। अगर कोई खाद की कालाबाजारी करता है या उसे अधिक मूल्य पर बेचता है, तो हम उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करेंगे। किसानों का शोषण करने वाला चाहे कोई भी हो, कितना भी बड़ा हो, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। हम ऐसी सजा देंगे कि उसकी आने वाली पीढ़ियां भी किसानों के साथ गलत करने से पहले सौ बार सोचेंगी। यह औचक निरीक्षण कृषि मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का पालन था जिसके तहत किसान हित में हर संभव कदम उठाने की योजना बनाई गई है। मंत्री ने सिवान जिले में किसानों के बीच खाद की सही आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने का निर्देश भी दिया। उन्होंने इस अवसर पर किसानों से अपील की कि वे खाद की गुणवत्ता और कीमत पर नजर रखें और किसी भी अनियमितता के बारे में तुरंत सूचित करें।

# वोट चोरी का आरोप लगा कांग्रेस कर रही है देश के मतदाताओं का अपमान : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने रविवार को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार मिल रही चुनावी हार की हताशा में वोट चोरी का अनर्गल आरोप लगा रही है। एक तरह से यह देश के मतदाताओं का अपमान है। कांग्रेस की रैली का मकसद घुसपैठियों और अवैध रूप से भारत में रह रहे बंगलादेशियों का बचाव करना है। बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने एसआईआर के विरोध में यात्रा निकाली थी। मगर बिहार के मतदाताओं ने कांग्रेस की मिट्टी पलीद कर दी। श्री पांडेय ने कहा कि दरअसल कांग्रेस एस आई आर के विरोध के बहाने घुसपैठियों का संरक्षण करना चाहती है। कांग्रेस की मंशा बंगलादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के जरिए देश में अराजकता पैदा करना चाहती है। एस आई आर के जरिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण भारत के चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार है। मगर कांग्रेस चुनाव आयोग और देश के प्रधानमंत्री पर वोट चोरी का निराधार आरोप लगा कर देश के लोकतंत्र और मतदाताओं का अपमान कर रही है।

# ऐतिहासिक रही वोट चोर गद्दी छोड़ रैली : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में देश भर से कांग्रेसजन पहुंचे और इस ऐतिहासिक रैली से भाजपा और चुनाव आयोग के द्वारा की जा रही वोट चोरी पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जमकर हुंकार भरी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार से हजारों की संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस समर्थकों ने रैली में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया और इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारी



विचारधारा सत्य और अहिंसा पर आधारित है जबकि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा केवल सत्ता प्राप्ति की है। हम सत्य के साथ खड़े होकर फासीवादी सोच की उपज भाजपा के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहें हैं और इन ताकतों को सत्ता से उखाड़ फेंक कर ही दम लेंगे। बिहार में चुनाव में अपनी हार को देखते हुए भाजपा ने एसआइआर किया और फिर भी हार भांप कर वोटर्स को दस हजार लोन के रूप में अकाउंट में डालने का काम किया जो आदर्श आचार संहिता के खिलाफ थी बावजूद चुनाव आयोग ने चुप्पी साध ली। बिहार के जनमत को चुनाव आयोग और पैसे के दम पर प्रभावित किया गया। बिहार के सभी कांग्रेस नेताओं का उन्होंने विशेष आभार जताते हुए कहा कि हमने बिहार में इनकी वोट चोरी के तंत्र से मजबूती से लड़ाई लड़ी और चोरी को उजागर किया और आज दिल्ली में अपनी ताकत का प्रदर्शन भी किया।

# शांति व सद्भावना के लिए आध्यात्म ज्ञान का प्रचार जरूरी : सतपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** विश्व में शांति और सद्भावना के लिए अध्यात्म ज्ञान का बेहद जरूरी है। अध्यात्म ज्ञान के प्रचार से ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। परमात्मा के नाम का निरंतर भजन-सुमिरन ही नकारात्मक और विनाशकारी सोच को समाप्त कर सकता है। उक्त बातें उत्तराखंड सरकार के मंत्री व आध्यात्मिक गुरु श्री सतपाल महाराज ने रविवार की शाम गया जी में कहीं। गया कॉलेज खेल परिसर में मानव उत्थान सेवा समिति की शाखा बिहार प्रांत की ओर से आयोजित दो दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह के समापन पर प्रवचन करते हुए महाराज जी ने कहा कि जब व्यक्ति भजन करता है और शांत रहता है तो उसके परिवार में शांति होती है। यही शांति समाज, जिला, प्रदेश से लेकर पूरे देश में फैलती है। उन्होंने इसे जीवन की सच्ची कमाई बताया और कहा कि हमें कर्मों को छोड़कर प्रभु के नाम का भजन करना चाहिए। श्री महाराज ने पर्यावरण पर भी अपन ेविचार रखे। उन्होंने कहा कि सूर्य का प्रकाश जब पेड़ों के हरे पत्तों पर पड़ता है तो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया होती है जिससे कार्बन डाइऑक्साइड ऑक्सीजन में परिवर्तित होती है। इसीलिए अधिक से अधिक पौधरोपण की जरूरत है।

# एलन के सक्सेस पॉवर सेशन में शामिल हुए 6 हजार से अधिक स्टूडेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पटना की ओर से टैलेंटेक्स व स्पार्क परीक्षाओं का प्रतिभा सम्मान सक्सेस पॉवर सेशन के रूप में श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए। टैलेंटेक्स और स्पार्क परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बिहार की 1200 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं जोनल हेड डॉ.विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में




बिहार में एलन पटना की स्थापना के सफलतम दो वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में भी एलन पटना के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सरस्वती मैडल से सम्मानित किया गया। वहीं फाउंडेशन कोर्स शामिल कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए शैक्षणिक व साइकोलॉजिकल सेशन का आयोजन कर मार्गदर्शन दिया गया। एलन टैलेंटेक्स में क्लासवाइज टॉप करने वाले पटना के 180 विद्यार्थियों को कैश रिवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप देकर कॅरियर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा की गई। वाइस प्रसीडेंट व जोनल हेड डॉ.विपिन योगी ने कहा कि एलन पटना में अभिभावकों व विद्यार्थियों के अपार स्नेह के बाद अब मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मोतिहारी, पूर्णिया, भागलपुर और गयाजी में भी एलन सेंटर्स शुरू हो गए हैं और एडमिशन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इन स्थानों पर 20 दिसम्बर तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती शुल्क पर प्रवेश दिया जाएगा। स्पार्क व टैलेंटेक्स की स्कॉलरशिप के साथ यह दोहरा लाभ एलन का नये साल का नया तोहफा होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें तराशने की आवश्यकता है और इसके लिए एलन हर कदम पर उनके साथ है। विद्यार्थियों की मेहनत और एलन की एक्सपर्ट फैकल्टीज का मार्गदर्शन बिहार के विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण में कारगर प्रयास साबित होगा। एलन स्टूडेंट इमोशनल वेलबीईंग नेशनल हेड डॉ.हिमांशु शर्मा ने पेरेंटिंग सेशन लेते हुए अभिभावकों को बच्चों की परवरिश और पढ़ाई में योगदान के बारे में बताया। उन्होंने पेरेंटिंग टिप्स देते हुए अभिभावकों को जागरूक किया। विशाल केजरीवाल ने फाउंडेशन कोर्स और ओलंपियाड की तैयारियों के लिए कहा कि जल्दी तैयारी से कॅरियर निर्माण समय पर होता है। हर ओलम्पियाड में एलन स्टूडेंट्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर सेंटरहेड चेतन शर्मा ने कहा कि एलन में सत्र 2026-27 की मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों के लिए एडमिशन शुरू हो चुके हैं। बैच की घोषणा के साथ ही एलन में एडमिशन को लेकर बिहार के विद्यार्थियों में उत्साह नजर आ रहा है।

# सोन नदी से कैमूर पहाड़ी के गांवों तक पानी पहुंचाने की कवायद शुरू

## दो सौ करोड़ खर्च कर बुझाई जायेगी 10 हजार लोगों की प्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर पहाड़ी की रोहतासगढ़ पंचायत के गांवों तक सोन नदी का पानी पहुंचाने की योजना पर पीएचइडी काम कर रही है। गत दिनों कुशडिहरा गांव के पास सोन नदी से पानी अपलिफ्टि कर पहाड़ी तक पहुंचाने के लिए जमीन का निरीक्षण करने के लिए इंजीनियर पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान पीएचडी के सहायक अभियंता कुमार उमेश सिंह ने बताया कि सोन नदी में पांच कुएं का निर्माण कराना है। इन पांच कुओं में मोटर लगा कर पहाड़ी पर पानी अपलिफ्ट किया जायेगा। पहाड़ी पर चौरासन मंदिर के समीप टंकी बनेगी जहां पानी स्टोर कर गांवों में सप्लाइ देने की योजना बनायी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोन नदी के पानी को अपलिफ्ट करने के लिए करीब सात किलोमीटर पाइप लाइन बिछायी जायेगी। इस योजना पर करीब दो सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। वर्तमान में योजना का डीपीआर बनाने के लिए निरीक्षण किया जा रहा है। डीपीआर तैयार कर सरकार को भेजा जायेगा। स्वीकृति के बाद काम शुरू होगा। वर्तमान समय में गरमी आते ही पानी की कमी के कारण वनवासी पशु सहित पहाड़ी से नीचे पलायन कर जाते हैं। पुनः बरसात होने पर वापस आते हैं। अगर यह योजना पूरी हो गयी तो वनवासियों को कभी पानी का अभाव नहीं होगा। गौरतलब हो कि रोहतासगढ़ पंचायत के मुखिया नागेंद्र यादव ने पहाड़ी के गांवों में जल संकट को लेकर ऐसी योजना बनाने की मांग की थी। अगर ऐसा हो गया तो कैमूर पहाड़ी के वनवासियों का जीवन बदल जायेगा। गरमी के दिनों में भी उन्हें उनके घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो जायेगा।

**सोन के पानी से संवर जायेगी वनवासियों की जिंदगी**

वर्तमान समय में गरमी आते ही पानी की कमी के कारण वनवासी पशु सहित पहाड़ी से नीचे पलायन कर जाते हैं। पुनः बरसात होने पर वापस आते हैं। अगर यह योजना पूरी हो गयी, तो वनवासियों को कभी पानी का अभाव नहीं होगा। गौरतलब हो कि रोहतासगढ़ पंचायत के मुखिया नागेंद्र यादव ने पहाड़ी के गांवों में जल संकट को लेकर ऐसी योजना बनाने की मांग की थी। रोहतास प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी की अनुशंसा पर अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी ने इस योजना की रूपरेखा के लिए एक तीन सदस्य टीम पीएचइडी अभियंता कुमार उमेश सिंह, रोहतास के कनीय अभियंता अबू बकर व नौहट्टा के कनीय अभियंता रवि रंजन कुमार का गठन किया था। यही टीम गत दिनों स्थल निरीक्षण का कार्य शुरू की है। टीम ने सोन नदी के किनारे आजादी से पहले के बने कुओं का भी निरीक्षण किया। अगर वे कामयाब हुए तो उन कुओं को भी योजना में शामिल किया जायेगा। अगर ऐसा हो गया, तो कैमूर पहाड़ी के वनवासियों का जीवन बदल जायेगा। गरमी के दिनों में भी उन्हें उनके घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो जायेगा।

**इन गांवों को मिलेगा लाभ**

सोन नदी से पहाड़ी तक अगर यह योजना सफलता पूर्वक पूरी हो गयी तो रोहतास पंचायत के बभन तालाब, नागा टोली, बड़का बुधवा, चाकडीह, कछुअर, धंसा, छोटका बुधवा, बलुआही, रेडिया, कपरफुटी, लुक्का, पहरू, नकटी, भवनवा, करपा आदि गांव के करीब 10 हजार आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

# उद्यमियों को आमंत्रित करने 21 को बेंगलुरु जाएंगे विधायक सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह क्षेत्र में उद्योग स्थापना को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में वे लेट्स इंस्पायर के संस्थापक वरिष्ठ आईपीएस विकास वैभव द्वारा 21 दिसंबर को बेंगलुरु में आयोजित उद्योगपतियों की बैठक में भाग लेंगे। बैठक के माध्यम से वे उद्यमियों को डिहरी विधानसभा क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। शनिवार की रात ईदगाह मुहल्ला स्थित चौबे निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह में विधायक राजीव रंजन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आयोजित इस उद्योगपतियों के सम्मेलन में बिहार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल भी शामिल होंगे। विधायक ने कहा कि 2047 तक विकसित बिहार की परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह कृतसंकल्पित हैं। इसी विजन के तहत राज्य में उद्योग, रोजगार और निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र में स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी है। क्षेत्र में सुअरा हवाई अड्डा और इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योग स्थापना के लिए पर्याप्त भूमि एवं आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा भालुआड़ी गांव में उद्योगों के लिए लगभग 200 एकड़ भूमि को विकसित किया जाएगा। उनका लक्ष्य है कि क्षेत्र में उद्योग लगें ताकि लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। विधायक राजीव रंजन ने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर विधायक का स्वागत सुरेंद्र चौबे, रहीम सर, अरुण पासवान, अशोक लाल, हुसैन निषाद अंसारी, संजय पासवान, रोहित पासवान, हरे राम पासवान सहित अन्य लोगों ने किया।

# दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज थाना क्षेत्र में बीते 11 तारीख की शाम एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने बताया था कि लड़की ट्यूशन पढ़कर अपने घर लौट रही थी। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रोहतास पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि इस गांव के रहने वाले उपेंद्र राम ने घटना को अंजाम दिया और दुष्कर्म कर लड़की को गला दबाकर मार कर गली के नाली में फेंक दिया और खुद ही शोर मचाया। लोगों को बताया कि एक लड़की का शव इस गली के नाली में पड़ा है ताकि उसके ऊपर किसी का शक न हो। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपेंद्र राम के शरीर पर जख्मों के निशान हैं, उसी रात में साक्ष्य छिपाने को लेकर उपेंद्र राम ने कपड़े भी धोए हैं। उक्त व्यक्ति की शादी अभी नहीं हुई है। घटना के बाद उक्त व्यक्ति ने किसी से फोन पर बात भी की है आदि साक्ष्य के आधार पर इनकी गिरफ्तारी हुई है। मौके पर नासरीगंज थानाध्यक्ष, बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साकेत कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जदयू कैमूर ने दो लाख नए सदस्य बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** जदयू की जिला इकाई ने रविवार को जिला जदयू कार्यालय भभुआ में पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बताया कि दो लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भभुआ प्रखंड में 22 हजार तथा भभुआ नगर में 45 सौ प्रारंभिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें प्रथम चरण भभुआ में 11 हजार पच्चीस तथा भभुआ नगर में




22 सौ 50 सदस्यता रसीद पंचायत अध्यक्ष को दिया गया। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए यह अभियान अहम है। सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा से इसमें जुटना है। जदयू जिला मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से आम जनता को पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और सरकार की उपलब्धियों से जोड़ने का काम किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, महिला जिला उपाध्यक्ष सीमा पांडेय, नगर प्रवक्ता डॉ सुशील जायसवाल, भभुआ प्रखंड अध्यक्ष मनीष पटेल, भभुआ नगर अध्यक्ष बलदाऊ पटेल सहित सैकड़ों जेडीयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचायत सरकार भवन बेलाव में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन बेलाव में गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल से जीविका के द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। यह मेला 15 दिसंबर 2025 दिन सोमवार को पंचायत सरकार भवन बेलाव में लगाया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए आपको अपना शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र आधार कार्ड दो पासपोर्ट साइज फोटो राशन कार्ड या जीव का समूह का बचत पासबुक एवं सादे कागज में अपना बायोडाटा लेकर लाना अनिवार्य होगा। रोजगार मेले में 12 कंपनियों के द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में रोजगार से संबंधित अवसर उपलब्ध करवाया जाएगा जिनमें टेक्नीशियन, सेल्स एवं फाइनेंस, एग्जीक्यूटिव, कस्टमर सपोर्ट, वेयरहाउस, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्थ केयर स्टाफ, कंस्ट्रक्शन वर्कर तथा अन्य सेवाएं शामिल रहेगी।

# घने कोहरे से कैमूर में दो सड़क दुर्घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड समेत पूरे जिले में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की चादर के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई और सभी गाड़ियां रेंगती नजर आईं। मोहनियां थाना क्षेत्र के पटना मोड़ के पास कोहरे की वजह से दो अलग-अलग सड़क हादसे हो गए। पहले हादसे में आगे चल रहे एक ट्रक में पीछे से एक कार जा टकराई। हालांकि कार के एयरबैग खुल जाने से उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार कार सवार उत्तर प्रदेश से बिहार की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरे हादसे में एक पिकअप वाहन घने कोहरे के कारण संतुलन खो बैठी और डिवाइडर पर चढ़ गई। दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसों के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। बताया जा रहा है कि सर्दी के मौसम में दिसंबर के मध्य यह इस साल का पहला घना कोहरा रहा जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर वाहन चालक फॉग लाइट के सहारे बेहद धीमी गति से चलने को मजबूर रहे। एनएच-19 पर बस संचालन कर रहे चालक मुंशी सिंह ने बताया कि इस साल पहली बार इतना घना कोहरा देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि रोजाना बस का संचालन करते हैं, लेकिन आज कोहरे के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रास्ते में खुरमाबाद के पास उन्होंने देखा कि कोहरे की वजह से एक वाहन की ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई थी। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और परिवार की जिम्मेदारी निभाने के लिए जान जोखिम में डालकर वाहन चलाना पड़ता है।

# डालमियानगर खेल मैदान में अंडर-12 फुटबॉल मैच का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर खेल मैदान में रविवार को मौनिया बिगहा एवं रतू बिगहा के अंडर-12 बच्चों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप लालन सिंह, आर. के. सिंह, मानु सिंह, सुरेश राम, रतू बिगहा से अजय कुमार, धनंजय कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके खेल की सराहना की। आयोजकों ने



बताया कि हर रविवार को अंडर-12 बच्चों के लिए इसी प्रकार फुटबॉल मैच का नियमित आयोजन किया जाता रहेगा। ताकि बच्चों में खेल के प्रति रुचि और प्रतिभा को आगे बढ़ाया जा सके।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** करवांदिया थाना क्षेत्र के बढ़ईयाबैग से दुष्कर्म के आरोपित राजदेव चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार विधवा महिला अपने पुत्र के साथ मकान बनाकर बढ़ईयाबैग में रहती है। हाल ही में उसका देवर झारखंड के गढ़वा थाना क्षेत्र के मेराल गांव निवासी राजदेव चौधरी उसके घर जबरन आकर रहने लगा। खाना बनाते समय महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। धमकी दी शिकायत करने पर उसकी हत्या कर देंगे।

# कैट के तत्वावधान में व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन 21 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय सत्यम पैलेस में 21 दिसंबर को व्यवसायी संगठन कैट के तत्वावधान में व्यापारिक महासम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें पदाधिकारी सहित कई गणमान्य शामिल होंगे। इसकी जानकारी देते हुए कैट के जिला प्रभारी पुनीत अग्रवाल ने बताया कि 21 दिसंबर को सत्यम पैलेस में व्यवसाय संगठन कैट के तत्वावधान में व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में व्यापारी शामिल होंगे। इस महासम्मेलन में व्यवसाईयों को व्यवसाय करने की नई तकनीकी और तरीके बताए जाएंगे। व्हाट्सएप के माध्यम से अपना



व्यवसाय को कैसे बढ़ाएं बताया जाएगा। इसके अलावा व्यापारियों को कई तरीके बताए जाएंगे जिससे वे अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ा सके। साथ ही उनके व्यापार पर विस्तृत चर्चा भी होगी। इस सम्मेलन की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। साथ ही टेक्सटाइल महाकुंभ का भी आयोजन होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध 130 टेक्सटाइल कंपनियां अपने उत्पाद के साथ भाग लेंगी जहां एक ही जगह इन कंपनियों के साड़ी, सूट, लहंगा, रेडीमेड कपड़े, कटपीस कपड़े सहित अन्य कपड़े की प्रदर्शनी भी लगेगी जहां व्यवसायी कपड़ा पसंद कर यहीं से ऑर्डर देकर कपड़ा मंगा सकते हैं। इससे उनको एक ही छत के नीचे 130 कंपनियों के उत्पाद को देखने का और आर्डर का लाभ मिलेगा। इससे उन्हें बाहर खरीदारी के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए अभी से ही तैयारी जोर-जोर से शुरू कर दी गई है।

# बाबू जगजीवन राम मानव कल्याण संस्थान की बैठक में विजय दिवस मनाने का निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बांग्लादेश विजय दिवस के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष विजय दिवस समारोह मनाकर बांग्लादेश विजय के सूत्रधार बाबू जगजीवन राम को नमन करने के लिए विजय दिवस मनाया जाता है। विजय दिवस समारोह मनाने के लिए बाबू जगजीवन राम मानव कल्याण संस्थान समिति की बैठक संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी की अध्यक्षता एवं संस्थान के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह कुशवाहा के संचालन में किया गया। बैठक में तय किया गया कि 16 दिसंबर 25 को 8:30 बजे सुबह बाबू जगजीवन राम स्थल स्थित उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अरुण कुमार कौशल, कार्यालय सचिव दशरथ राम, मीडिया प्रभारी रौशन कुमार, पूर्व उपमुख्य पार्षद चंद्रशेखर सिंह, श्याम नारायण, साधु जी, विनय कुमार, बाबूचंद सिंह, शिव कुमार सिंह, रवि देवा, राम अवतार मौर्य, मेघनाथ प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, रवि शंकर सिंह कुशवाहा डिहरी, डॉ संतोष कुशवाहा, भोले शंकर सिंह, रविकांत सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मेहतर सेवा संघ की चार जनवरी को डिहरी में होगी बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ के अध्यक्ष मोहन राम ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि मेहतर सेवा संघ बिहार के तत्वावधान में कैमूर जिला के ग्राम खजुरा में संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वयं संघ अध्यक्ष मोहन राम ने की। बैठक में संघ के संस्थापक एवं रोहतास जिलाध्यक्ष शशि कुमार ने संगठन को और अधिक सबल व सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 जनवरी 2026 को डिहरी ऑन सोन में वृहद पैमाने पर संघ की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संघ के अधिक



से अधिक सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, विस्तार एवं भविष्य की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष वीर बसंत लाल, रोहतास जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार, डिहरी नगर महासचिव परमेश्वर कुमार तथा चंदन कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संघ नेतृत्व ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और आगामी बैठक को सफल बनाने की अपील की।

# स्थानांतरित एमओ को दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** करगहर स्थित एक स्थानीय लॉज में प्रखंड डीलर संघ के तत्वावधान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानांतरित आपूर्ति पदाधिकारी श्रीराम मिश्रा की विदाई और प्रभारी एमओ सुरभि कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड डीलर संघ अध्यक्ष जनार्दन उपाध्याय और संचालन समाजसेवी धनंजय पांडेय ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शाहाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक पाण्डेय उर्फ सोनू पाण्डेय मौजूद रहे। इस अवसर पर एमओ श्रीराम मिश्रा ने अपने कार्यकाल के दौरान करगहर के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और डीलरों की ओर से किये गये सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि करगहर में मेरी पहली पोस्टिंग थी। वहीं प्रभारी एमओ सुरभि कुमारी ने कहा कि मैं अपने पूर्व के सहकर्मी के किये कार्यों को आगे बढ़ाते हुए उन्हीं की तरह सब को साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगी। गौरतलब है कि स्थानांतरित एमओ मिश्रा गत चार वर्षों से प्रखंड में कार्यरत थे। वर्तमान में उनका पदस्थापन औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड में हो गया है। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, लोजपा आर जिलाध्यक्ष प्रेमतोष सिंह बंटी, बच्चा यादव, दुर्गेश पटेल, मनीष पटेल, डीलर संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रमा सिंह, महामंत्री रघुवंश शर्मा, प्रखंड सचिव मुरली सिंह, मनोज पांडेय, रामाशंकर सिंह, मुनेश्वर सिंह, जयशंकर उपाध्याय, राजेश कुमार गुप्ता, देवेंद्र सिंह, बलिराम सिंह, राजगृही उपाध्याय, धर्मेंद्र कुमार, राकेश मिश्रा, सूर्यनाथ राम, दिनेश सिंह, ज्योति देवी, दिनेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर पुलिस-पत्रकार क्रिकेट मैच, पत्रकार इलेवन ने फाइनल जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत काराकाट गोडारी नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद रविश रंजन के सौजन्य से पुलिस और पत्रकारों के बीच एक दिवसीय क्रिकेट फाइनल मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन एएसपी सह एसडीपीओ संकेत कुमार एवं उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा प्रतीकात्मक बल्लेबाजी व गेंदबाजी कर किया। फाइनल मुकाबले में पत्रकार इलेवन के कप्तान राहुल मिश्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पत्रकार टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 3 विकेट पर 152 रन बनाए। ओपनर प्रिंस



कुमार और कप्तान राहुल मिश्रा ने मजबूत शुरुआत देते हुए नौ ओवर में 79 रनों की साझेदारी की। पत्रकार टीम की ओर से प्रिंस कुमार ने 55 रन, शिवम कुमार ने 45 रन, रवि प्रकाश ने 35 रन और राहुल मिश्रा ने 16 रन बनाए। पुलिस टीम की ओर से अर्जुन कुमार ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और चार ओवर में 26 रन पर तीन विकेट गिर गए। हालांकि अर्जुन कुमार ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए पुलिस टीम की ओर से सर्वाधिक 60 रन बनाए, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। पत्रकार टीम की गेंदबाजी में उपकप्तान अमित कुमार ने 3, आशुतोष कुमार ने 2, कप्तान राहुल मिश्रा ने 2 और उज्जवल कुमार ने 2 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। इस फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पत्रकार टीम के प्रिंस कुमार को दिया गया। बेस्ट फील्डर का पुरस्कार पुलिस टीम के रोहन कुमार, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार पुलिस टीम के अर्जुन कुमार जबकि बेस्ट बॉलर का पुरस्कार पत्रकार टीम के आशुतोष कुमार को प्रदान किया गया। बेस्ट फील्डर रोहन कुमार को साई क्रिकेट अकादमी के कोच कुलबुल श्रॉफ ने नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायर की भूमिका साई क्रिकेट एकेडमी के कोच कुलबुल श्रॉफ एवं कुणाल कुमार ने निभाई। विकास कुमार स्कोरर रहे जबकि संजय पाण्डेय और अमन कुमार ने कमेंट्री की जिम्मेदारी संभाली। मैच समाप्ति के बाद उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने विजेता पत्रकार टीम और उपविजेता पुलिस टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पत्रकार कप्तान राहुल मिश्रा ने कहा कि यह जीत सड़क एवं यातायात सुरक्षा का नया संदेश देगी। वहीं पुलिस कप्तान विवेक कुमार ने कहा कि यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है, सभी लोग नियमों का पालन करें क्योंकि जिंदगी अनमोल है। कार्यक्रम में कछवा थानाध्यक्ष मनीष कुमार, वार्ड पार्षद विपिन कुमार सिंह, सुरेश माली, संतोष कुमार तिवारी, संजय राम, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार, विनोद चौधरी, विनेश कांत तिवारी, संजय कुमार, पप्पू तिवारी, मलू कुमार, पत्रकार टीम के कोच बिपिन सिंह, संजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 17 से 25 दिसंबर तक होगा भव्य रामलीला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** परंपरागत लोकसंस्कृति और धार्मिक आस्था की पहचान रही रामलीला आज भले ही कई क्षेत्रों में विलुप्त होती जा रही हो, लेकिन इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव में इसे जीवंत बनाए रखने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। आगामी 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक बडीहा गांव में नौ दिवसीय रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामकथा रामलीला मंडल मिर्जापुर, विंध्याचल (उत्तर प्रदेश) तथा काशी बनारस के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामकथा पर आधारित जीवंत मंचन प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम कचहरी पंच व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ 17 दिसंबर को संध्या 7:00 बजे विधिवत उद्घाटन के साथ होगा।

## एक नजर

### श्रीराम कथा का आयोजन आज से

**कौआकोल**। कौआकोल दुर्गामण्डप परिसर में 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बजरंग दल के सक्रिय सदस्य मुकेश कुमार एवं विहिप के अभिमन्यु ने बताया कि 15 दिसम्बर से दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक अयोध्याधाम के कथा वाचिका शुरूपूज्य देवी प्रेमा सखी के मुखारविंद से श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसे सम्पन्न बनाने में स्थानीय लोगों में सुरेश साव,मदन कुमार,मनोहर ठाकुर आदि लगे हुए हैं।

### नवादा की 1113 महिलाएं व किशोरियां देंगी 10वीं बोर्ड परीक्षा

**कौआकोल**। बीबीओएसई जून 2025 (10वीं) सत्र की लिखित परीक्षा में नवादा जिले की 1113 महिला एवं किशोरियां परीक्षार्थी 15 दिसंबर से 18 दिसंबर 2025 तक गया जिला में आयोजित परीक्षा में शामिल होंगी। ये सभी परीक्षार्थी ग्राम निर्माण मंडल द्वारा संचालित प्रगति परियोजना (सेकेंड चांस प्रोग्राम) के अंतर्गत अध्यनरत हैं। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार नवादा जिले के कौआकोल, रोह, पकरीवरावां, अकबरपुर एवं रजौली प्रखंडों में संचालित किया जा रहा है,जिसके माध्यम से महिलाओं एवं किशोरियों को 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षार्थियों का पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क ग्राम निर्माण मंडल द्वारा वहन किया गया है। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षार्थियों के नवादा जिला से गया जिला तक आवागमन हेतु बस की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों के ठहरने की व्यवस्था गया जिला के मानपुर स्थित खादी ग्रामोद्योग समिति परिसर में की गई है। वहीं प्रगति कार्यक्रम प्रबंधक ग्राम निर्माण मंडल,शशि भूषण कुमार ने कहा कि यह पहल शिक्षा से वंचित महिलाओं एवं किशोरियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास है।

### होंडा हीटर्स की लगातार दूसरी जीत




**नवादा**। जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा से निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंडर -14 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज होंडा हीटर्स का मुकाबला नारदीगंज लायंस की टीम से हुआ, जिसमें होंडा हीटर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए धरम कुमार की शानदार शतक106रन के बदौलत निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर 188 रनों का स्कोर खड़ा किया। गेंदबाजी करते हुए नारदीगंज लायंस के गेंदबाज यश कुमार एवं दिलखुश ने तीन-तीन खिलाड़ियों का आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारदीगंज लायंस की पूरी टीम निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन ही बना सकी।बल्लेबाजी करते हुए नारदीगंज लायंस के बल्लेबाज श्रेयांश ने 44 जबकि दिलखुश ने 18 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया, गेंदबाजी करते हुए होंडा हिटर के गेंदबाज धर्म कुमार ने गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाते हुए तीन खिलाड़ियों का आउट किया, इस तरह से होंडा हीटर्स की टीम ने नारदीगंज लायंस की टीम को 45 रनों से पराजित किया। आज के मैच में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले शतकवीर धरम कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

### प्रखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**कौआकोल**। प्रखण्ड के दुधपनियां खेल मैदान में रविवार को मेरा युवा भारत, नवादा के बैनर तले प्रखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पार्षद सह भाजपा नेता अजित यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलकूद से आपसी भाईचारा का सम्बंध मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व गुणों का विकास होता है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजनकर्ता को भी शुभकामना दिया तथा प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। प्रखण्ड स्तरीय आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवक युवतियों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। आयोजनकर्ता टीम के सदस्य व स्वंयसेवक गौतम कुमार ने बताया कि मेरा युवा भारत,नवादा के जिला युवा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के तहत कबड्डी, फुटबॉल, दौड़, रंगोली आदि का आयोजन कर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अरुण यादव,वार्ड सदस्य बैजनाथ मांझी आदि मौजूद थे।

### सात बाइक व सात सौ लीटर शराब जब्त

**कौआकोल**। कौआकोल पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के मननपुर जंगल से छापेमारी कर सात बाइक पर गैलन में लदे लगभग 700 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना पर मननपुर जंगल में छापेमारी के दौरान महुआ शराब की खेप बरामद कर थाना ले आई। हालांकि पुलिस की भनक लगने के साथ ही धंधे में संलिप्त धंधेबाज फरार हो गए। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जब्त शराब एवं बाइक मालकों की पहचान करने में जुट गई है।

### पेंशनर समाज नालंदा का 27वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**बिहारशरीफ**। अनुमंडल परिसर में रविवार को बिहार पेंशनर समाज, जिला शाखा नालंदा का 27वां जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन जिला अध्यक्ष चन्द्रसेन प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन अध्यक्ष चन्द्रसेन प्रसाद सिन्हा, पेंशनर मित्र राकेश बिहारी शर्मा, संघ प्रवक्ता हरेंद्र चौधरी एवं नवलकिशोर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मंगल दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में पेंशनरों से जुड़ी समस्याओं, सामाजिक दायित्वों एवं संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष चन्द्रसेन प्रसाद सिन्हा ने पेंशनरों को समाज की धरोहर बताते हुए कहा कि उनके अनुभव नई पीढ़ी को दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने पेंशनरों से आत्मविश्वास के साथ समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम प्रसाद ने कहा कि "संघे शक्ति कलयुगे"—आज के समय में संगठन की ताकत आपसी सहयोग और संघर्ष पर निर्भर है। वहीं पेंशनर मित्र राकेश बिहारी शर्मा ने संगठन की एकता बनाए रखने और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहने की अपील की। संघ प्रवक्ता हरेंद्र चौधरी ने मैट्रिक प्रशिक्षित शिक्षकों की लंबित समस्याओं को उठाते हुए कहा कि 01 जनवरी 2009 से लागू सेवा लाभों के बावजूद M.ACP.C वेतन निर्धारण अब तक लंबित है, जिससे सैकड़ों शिक्षक लाभ से वंचित हैं। उन्होंने बिहारशरीफ जिला मुख्यालय में ओल्ड एज होम निर्माण की मांग भी रखी। साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष चन्द्रसेन प्रसाद सिन्हा, पेंशनर मित्र राकेश बिहारी शर्मा, सचिव नवलकिशोर पाण्डेय, संयुक्त सचिव गौतम प्रसाद एवं अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष नरेश दास तथा उपाध्यक्ष किशोरी पंडित व नेमत खातून का चयन किया गया।

# जदयू ने नालंदा में शुरू किया सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आईएमए हॉल में नालंदा जिला जनता दल यूनाइटेड की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जद(यू) द्वारा वर्ष 2025–28 के लिए शुरू किए गए सदस्यता अभियान की तैयारियों को लेकर रणनीति तय करना था। बैठक में नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक हरिनारायण सिंह, जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार,विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधान पार्षद रीना यादव, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, नालंदा के संगठन प्रभारी ललन महतो सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सह जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने 6 दिसंबर 2025 को पटना से सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। पार्टी ने पूरे बिहार में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है, जबकि नालंदा जिले को दो लाख प्राथमिक सदस्य जोड़ने का लक्ष्य मिला है। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है। बैठक में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सदस्यता अभियान 2025–28 में पूरे समर्पण के साथ जुटें, ताकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के साथ विकास की विचारधारा को और अधिक मजबूती मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो. अरशद ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, अशगर शमीम, विधानसभा प्रभारी महमूद बख्खो, गणेश कानू, विक्रम सिंह, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, महासचिव अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, विनय कुमार, अनिल कुमार, चंचला वर्मा, डॉ. वसुंधरा कुमारी, अजय चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, धर्मवीर राउत, सन्नी पटेल, निरंजना गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, जनार्दन पंडित, शैलेन्द्र मुखिया, रविकांत कुमार, सोनी लाल, अरविंद पटेल, राजा मुखिया, शैलेन्द्र गराई, मीरा कुमारी, अजय पटेल, राकेश मुखिया, मुकेश सिंह, अनीता देवी, संजय पासवान, अरुण वर्मा, आशीष चंद्रवंशी, निशांत चंद्रवंशी, संजीत यादव सहित बड़ी संख्या में जद(यू) कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## जदयू कार्यालय में सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 14 दिसंबर 2025 को जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में पार्टी के सम्मानित जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने सदस्यता अभियान के शुभ अवसर पर अशोक कुमार मुखिया प्रतिनिधि भदोखरा, दिनेश प्रसाद, गौतम कुमार, रौशन राज, सूरज कुमार, राजीव रंजन को जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास के रास्ते समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाकर शिक्षा और सम्मान के साथ ही समृद्ध करने का काम किया गया है।




## अभिभावक बच्चों को मोबाइल से रखें दूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। प्रखंड मुख्यालय के घनश्याम नगर स्थित जीआईपी पब्लिक स्कूल में रविवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर विद्यालय पहुंचकर यूनिट टेस्ट 3 का परीक्षा फल प्राप्त किया एवं अपने बच्चों के सम्बन्ध में शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में अभिभावकों ने विद्यालय की पढ़ाई से अपनी संतुष्टि जताते हुए इसे और भी बेहतर करने तथा बच्चों में अंग्रेजी बोलने की क्षमता का विकास करने के प्रति ध्यान देने का अनुरोध विद्यालय प्रबंधन से की है। कई अभिभावकों ने बच्चों में सामाजिक संबंधी दायित्व की कमी के संबंध में शिक्षकों से चर्चा की गई। विद्यालय निदेशक रंजीत रंजन ने पीटीएम में उपस्थित होने वाले अभिभावकों का आभार जताया। उन्होंने बताया की विद्यालय की हर सूचना व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा जाता है जो अभिभावकों के लिए होता है। अभिभावक बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अभिभावकों को भी सजग रहने की आवश्यकता है। मौके पर प्राचार्य दीप राय, उप प्राचार्य बिल्टू चटर्जी, हरिकांत पांडेय, दीप प्रकाश, इरशाद जावेद, शशि सिंह, बब्लू कुमार, विजय पाण्डेय, राजेश कुमार, बिपिन सिंह, अमरजीत कुमार, नीरज कुमार ,सुशांत थापा, सोनी मिस, सपना मिस, सना मिस, सोनाली मिस, नीलम मिस सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## अंतरराज्यीय मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय थाना में दर्ज कांड के आधार पर दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण मामले में नालंदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन के दौरान यह मामला अंतरराज्यीय मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) नेटवर्क से जुड़ा पाया गया। पुलिस द्वारा प्रारंभिक कार्रवाई में एक अपहृत नाबालिग बच्ची को एकंगरसराय थाना पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया। बरामद बच्ची से पूछताछ के बाद 11 दिसंबर 2025 को सीआई एकंगरसराय के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी टीम ने अग्रेतर अनुसंधान करते हुए इस नेटवर्क से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर दूसरी नाबालिग बच्ची को भी सकुशल बरामद कर लिया। अनुसंधान के क्रम में यह तथ्य सामने आया है कि इस गिरोह के सदस्य नाबालिग बच्चियों को नौकरी एवं बेहतर जीवन का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते थे। इसके बाद उन्हें पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में वेश्यावृत्ति के लिए बेच दिया जाता था। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी व अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राकेश सहनी (26 वर्ष), पिता सुबीर सहनी, निवासी न्यू मिलन पारा, थाना रायगंज, जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल), रूपाली कुमारी (23 वर्ष), पिता स्व. मंगल सिंह, निवासी बोगिस्तोसरयाली, थाना बोगिस्तो वशिष्ट, जिला कामरूप (असम) तथा खुशी कुमारी (19 वर्ष), पिता स्व. अनिल कुमार, निवासी भादाय, थाना बरहरिया, जिला सिवान (बिहार) शामिल हैं। तीनों का वर्तमान पता चंपानाग, थाना इसलामपुर, जिला उत्तर दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) बताया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, अपर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह, ओम किशोर सिंह, अनुसंधानकर्ता जितेन्द्र कुमार, महिला पुलिस पदाधिकारी चंदा कुमारी सहित बिहार एवं पश्चिम बंगाल की संयुक्त पुलिस टीम तथा जिला आसूचना इकाई के पदाधिकारी व कर्मी शामिल रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा इस सफल अभियान में शामिल पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक, नालंदा को अनुशंसा पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है, ताकि पुलिस बल का मनोबल और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।



## शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को सम्पन्न हो गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सुदृढ़ बनाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो दीक्षा अदिति व दीपाली सिंह ने सुविधा प्रदाता की मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों और नवाचारों से अवगत कराया। खेल-खेल में शिक्षा पर जोर कार्यशाला का प्रारंभ बालगीत के साथ हुआ। जिससे एक सकारात्मक सीखने का वातावरण बना। गांधी फेलो ने शिक्षकों के साथ मिलकर यह साझा किया कि कैसे 'खेल-खेल में' और टीएलएम के माध्यम से बच्चों को कठिन विषय भी आसानी से समझाए जा सकते हैं। सत्र के दौरान "आई डू, वी डू, यू डू" माडल का प्रदर्शन किया गया। इसके तहत शिक्षकों को बताया गया कि कक्षा में किस प्रकार माडलिंग, साझा अभ्यास और स्वतंत्र अभ्यास के जरिए बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर किया जा सकता है। शिक्षकों ने निपुण मिशन और उसके लक्ष्यों को भी जाना। इस प्रशिक्षण में आठ संकुलों में 160 शिक्षक प्रशिक्षित हुए। शिक्षा को बेहतर बनाने की यह पहल काफी सराहनीय रही है। कहा गया नारदीगंज प्रखंड में अब तक कुल आठ सीआरसी में यह महत्वपूर्ण बैठक और प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। इस अभियान में अब तक करीब 160 शिक्षकों ने भाग लिया है। इसके अलावा निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लिया है। बैठक को सम्पन्न कराने में पिरामल टीम के साथ सभी सीआरसी संचालक, मास्टर ट्रेनर्स और शिक्षकों का सहयोग रहा ।

## छठी बार जीत पर विधायक ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

### यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और विश्वास का परिणाम है : डॉ सुनील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र से लगातार छठी बार विजय हासिल करने के बाद पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सोहसराय स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज में कार्यकर्ता आभार सम्मेलन सह भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आप सभी के परिश्रम से ही मैं आज छठी बार जनता का सेवक बन सका हूं। विधायक ने क्षेत्रीय विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने मोहल्लों व गांवों की समस्याओं को लिखित रूप में देने का आग्रह किया, ताकि योजनाबद्ध तरीके से समाधान किया जा सके। डॉ. सुनील कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में बिहार में ही रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे और युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रख्यात चिकित्सक, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा भाजपा, जदयू व लोजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला, युवा और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यकर्ता आभार सम्मेलन के माध्यम से संगठन की एकजुटता और आगामी विकास योजनाओं के प्रति संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।



## पूर्व विधायक कौशल यादव ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया मनोबल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सरौनी गांव स्थित पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव के चिमनी भट्ठा के पास रविवार को राजद की प्रखंडस्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के राजद प्रत्याशी पूर्णिमा यादव के हार के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में शामिल पूर्व विधायक व नवादा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रहे कौशल यादव ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढाते हुए कहा कि मशीनरी तंत्र एवं चुनाव आयोग के मिलीभगत के कारण गोबिंदपुर सहित राज्य में महागठबंधन समर्थित प्रत्याशियों की हार हुई है। उन्होंने कहा कि इस हार से निराश व हताश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से मेरा 60 वर्षों से अधिक का सम्बंध है। पिछले 50 वर्षों तक वे अथवा उनके परिवार का सदस्य यहां का प्रतिनिधित्व किया है। इस नाते भी वे राजद कार्यकर्ताओं के सहयोग से मजबूती के साथ जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर यहां की जनता के लिए मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे तथा जनता के साथ अन्याय करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। राजद के जिला उपाध्यक्ष विनय यादव ने चुनाव में करारी हार के लिए मशीनरी तंत्र के अलावे जिला के कुछ स्थानीय राजद नेताओं को भी जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आने वाले दिनों में जनता उन्हें जवाब देगी। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन,प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,मुखिया दीपक सिंह,पूर्व मुखिया रामचन्द्र यादव, सरयुग यादव,रामाश्रय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।




## खेलकूद प्रतियोगिता में सौ प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। इंटर विद्यालय नारदीगंज खेल मैदान में रविवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत, नवादा (बिहार) के सौजन्य से हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य श्रीकांत सिंह, विनय कुमार मिश्र, बबलू वर्मा,बिनोद कुमार अकेला के अलावा मेरा युवा भारत के वोलेंटियर दीक्षा कुमारी व अमित कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों के सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फुटवाल,कबड्डी, लंबी कूद, सिक्पिंग,100 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। सफल प्रतिभागियों को शील्ड,मेडल देकर मनोबल बढ़ाने का काम हुआ। वही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शिल्ड, मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वॉलीवाल में कप्तान सोनू कुमार की टीम प्रथम स्थान, दूसरे स्थान में कप्तान अंकित कुमार ने प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिभा कुमारी, द्वितीय स्थान भवानी कुमारी, तृतीय स्थान रिया कुमारी ने जीत हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में कप्तान प्रतिभा कुमारी की टीम, द्वितीय स्थान में भूमि कुमारी के अलावा तृतीय स्थान में सुरुचि कुमारी ने परचम लहराया। इस सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शिल्ड, मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## वृहद आश्रय गृह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में तथा विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार रविवार को वृहद आश्रय गृह, जिला नवादा अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन तथा पी०एल०वी० सुबीन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर वृहद आश्रय गृह, नवादा के कर्मी एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में आम लोगों, विशेषकर बच्चों एवं कमजोर वर्गों के बीच कानून की जानकारी का अभाव उन्हें अनेक समस्याओं में डाल देता है। कानून की जानकारी नहीं होने के कारण लोगों का शोषण एवं भयादोहन किया जाता है, जिसे रोकने के लिए ऐसे विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में अपने संबोधन में अमन जैन ने कहा कि विधिक सेवाएं बच्चों के जीवन में न्याय, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम हैं। सरकार और समाज दोनों का दायित्व है कि इन सेवाओं को प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचाया जाए, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## सालेपुर–नूरसराय आरओबी की बदहाली पर डीएम सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सालेपुर–नूरसराय मुख्य पथ पर स्थित रेलवे ऊपरी पुल आरओबी की जर्जर स्थिति को लेकर नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। जनहित एवं यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डीएम ने इस संबंध में वरीय मंडल अभियंता (समन्वयक), रेलवे दानापुर मंडल को पत्र भेजकर अविलंब मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार उक्त आरओबी पिछले कई महीनों से बदहाल स्थिति में है। पुल की सतह पर दोनों ओर गहरे गड्ढे बन जाने से यह पुल दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों से संबंधित घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय समाचार पत्रों में भी समय-समय पर इस पुल की बदहाली को लेकर खबरें प्रकाशित होती रही हैं। दोपहिया वाहनों के फिसलने तथा चारपहिया वाहनों के टायर क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं आम हो गई हैं। सालेपुर–नूरसराय मार्ग जिले का एक महत्वपूर्ण संपर्क पथ है, जहां से विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों का भी नियमित आवागमन होता है। ऐसे में पुल की जर्जर हालत प्रशासनिक एवं सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर विषय बन गई है।

डीएम कुंदन कुमार ने रेलवे प्रशासन को निर्देश दिया है कि आरओबी की शीघ्र मरम्मत कर इसे यातायात योग्य बनाया जाए, ताकि आम जनता एवं वाहनों की आवाजाही सुरक्षित और सुचारू रूप से हो सके। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद अब स्थानीय लोगों को जल्द समाधान की उम्मीद जगी है।

# मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्याप्त कमियों से रू-ब-रू हुए विकास आयुक्त

## विकास आयुक्त ने की शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम व पशुपालन योजनाओं की समीक्षा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम व पशुपालन विभागों के संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के संबंधों में समीक्षा हुई। इससे पहले विकास आयुक्त ने जय प्रकाश नारायण अस्पताल, प्रभावती अस्पताल, आइटीआइ, पॉलिटेक्निक, डीआरसीसी केंद्र का निरीक्षण किया। बैठक में विकास आयुक्त ने कहा कि जनकल्याण से जुड़े हुए सभी कार्य राज्य सरकार द्वारा काफी बड़े पैमाने पर लगातार किये जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आमजनों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि मगध मेडिकल अस्पताल में हर दिन बड़ी संख्या में रोगी अपना उपचार ले रहे हैं। मगध मेडिकल अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में बेड की पूरी उपलब्धता है। हर दिन 1500 से दो हजार मरीजों का ओपीडी किया जा रहा है। हर दिन 300-400 मरीज भर्ती होते हैं जिनका उपचार होता है। हर विषय के लिए अपना-अपना आपरेशन थियेटर है। उन्होंने विकास आयुक्त से अनुरोध किया है कि आकस्मिकी बिल्डिंग को बीएमएआइसीएल द्वारा अर्धनिर्मित हालात में भवन को छोड़ दिया है जिसके कारण मरीजों को भर्ती कर उपचार में थोड़ी समस्या आ रही है। अधीक्षक ने बताया कि सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में अच्छे से मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। सारे इक्विपमेंट उपलब्ध है मैनपावर भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में मगध मेडिकल अस्पताल में जलजमाव की समस्या बनी रहती है जिससे निजात के लिए अनुरोध किया गया। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड व्यवस्था को बहाल करने का भी अनुरोध किया गया। सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान ह्यूमन रिसोर्सेज के संबंध में सभी अस्पतालों की जानकारी विस्तार से अवगत कराया। विकास आयुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि राज्य सरकार द्वारा जितने प्रकार की दवाएं जिले को उपलब्ध करा रही है। उन सभी दवाओं को बेहतर तरीके से सभी अस्पतालों में वितरण करवाये एवं मरीजों को दवा मिले। इसके अलावा कुत्ता काटने एवं सांप काटने से बचाव संबंधित दवाओं को पूरी उपलब्धता रखें और अपने अन्यत्र सभी सरकारी अस्पतालों को भी दवाएं उपलब्ध कराये। विकास आयुक्त ने निर्देश दिया है कि निजी अस्पतालों में जितने भी प्रसव कराये जा रहे हैं, उन शिशु का भी रिकार्ड संधारित करने की व्यवस्था रखे। शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान विकास आयुक्त ने कहा कि सभी सरकारी विद्यालयों में सुचारू रूप से शिक्षण कार्य संचालन हो। प्राइमरी स्कूल पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन विद्यालयों में बेहतर तरीके से पठन-पाठन कार्य हो। राज्य सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को दिए जाने वाली सुविधाओं को हर हाल में बच्चों को उपलब्ध करवाये।

## शराब के नशे में परिवार से मारपीट, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पुलिस ने शराब के नशे में अपने ही परिवार के साथ मारपीट करने के मामले में मनोहरपुर गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस संबंध में स्थानीय प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि कांड संख्या 586/25 के नामजद अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ सुनील बिंद, ग्राम मनोहरपुर कुरमावां, थाना कोंच, शराब पीकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर रहा था। घटना की सूचना गांव की ही गीता देवी ने कोंच थाना को दी जिसके बाद उन्होंने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का कोविड जांच कराया गया जिसके उपरांत रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शाखा डाकपाल को दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अतरी (गया)।** बिरनोई डाकघर के शाखा डाकपाल नवल किशोर प्रसाद सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर अतरी मुख्य डाकघर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने 40 वर्ष 3 माह तक सेवा देकर दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्ति प्राप्त की।

## एक नजर

### सातवीं की छात्राओं ने ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध इंटरनेशनल स्कूल, टिकारी की छठी एवं सातवीं कक्षा की छात्राओं ने ''सहोदया इंटरनेशनल स्कूल ग्रुप डांस प्रतियोगिता'' में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मानपुर में नवरस थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में मगध इंटरनेशनल स्कूल की पावनी, मानसी, शितिका, साक्षी, प्रज्ञा, प्रिशा, आराध्या एवं सृष्टि ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन से न केवल सबको मंत्र मुग्ध कर दिया बल्कि सभी 18 प्रतिभागी स्कूलों पर अपने विद्यालय की श्रेष्ठता सिद्ध कराते हुए सर्वश्रेष्ठ स्थान भी हासिल किया। बच्चियों के प्रदर्शन से संतुष्ट विद्यालय के निदेशक सुधीर कुमार ने नृत्य शिक्षिका अमिषा सहित सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन का सबसे मूल्यवान सच संघर्ष है और इसे चुनौती के रूप में लेने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

### बिजली विभाग की छापेमारी में छह उपभोक्ताओं पर जुर्माना, केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के करमा बहादुर बिगहा और कनौसी बलखोरा गांव में बिजली विभाग ने रविवार को छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई कनीय अभियंता संजय चौधरी के नेतृत्व में की गई जिसमें बिजली चोरी और अनियमितता के मामलों में कुल छह उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया। करमा बहादुर बिगहा गांव में सुधीर कुमार, सुबोध यादव, बसंत यादव, तपेश्वर यादव और सुधीर कुमार पिता नंदकिशोर साव पर 10,566-10,566 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, कनौसी बलखोरा गांव में प्रभा देवी पति राजेंद्र सिंह पर 13,300 रुपये का जुर्माना किया गया। इस संबंध में रविवार को सभी छह आरोपितों के विरुद्ध कोंच थाना में मामला दर्ज किया गया। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के आवेदन के आधार पर सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो बीघा धान की फसल जलकर राख, किसान को भारी नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के जैतीया गांव में रविवार को अचानक आग लगने से लगभग दो बीघा में रखी धान की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीणों ने हल्ला मचाया और तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग को भी बुलाया गया। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित किसान पंकज सिंह, पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह ने बताया कि धान की कटाई कर बोझा बनाकर खेत में रखा गया था। खेत गांव से कुछ दूरी पर स्थित है। अचानक आग लगने से सारा धान जल गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि आग लगने की जानकारी करीब तीन बजे मिली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कंटेनर से टकराया पिकअप, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** चतरा मोड़ के पास रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मुर्गी लदा एक पिकअप वाहन आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गया। बताया जा रहा है कि कंटेनर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण पीछे से आ रहा पिकअप वाहन संतुलन नहीं बना सका और तेज रफ्तार में कंटेनर में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा कंटेनर के भीतर तक चला गया जिससे पिकअप में सवार तीनों लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। फंसे लोगों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए गैस कटर मंगवाया और पिकअप वाहन के कई हिस्सों को काटकर हटाया। काफी मशक्कत के बाद तीनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों की पहचान झारखंड के हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय विकास तमोली, 27 वर्षीय संजीत कुमार और 25 वर्षीय सचिन कुमार के रूप में की गई है। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में भर्ती कराया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही डोभी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना में शामिल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

### गेहलौर में वाहन चेकिंग अभियान में जुर्माने की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गेहलौर थाना क्षेत्र के माउंटेन मैन बाबा दशरथ दास की घाटी पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 50 दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग किया गया जिसमें बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट व जरूरी कागजात न रखने वाले वाहन मालिकों से जुर्माना वसूला गया। छोटे-बड़े दोपहिया व चारपहिया वाहन मालिकों से सात हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। जानकारी गेहलौर के थाना प्रभारी रश्मि कुमारी ने दी है।

### छर्री लदा हाइवा पलटा, चालक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** थाना क्षेत्र के अकौना गांव के पास जीटी रोड दक्षिणी लेने के किनारे रविवार को छर्री लदा एक हाइवा पलट गया। जिसमें वाहन का चालक साधारण रूप से घायल हो गया जिसे पास के निजी क्लिनिक में इलाज कराया गया। जानकारी के अनुसार जीटी रोड चौड़ीकरण के भरावट की जमीन धस के कारण हाइवा असंतुलित होकर पलट गया। इसके बाद देखने वालों की भीड़ लग गई। बाद में मजदूरों से छर्री को खाली कराकर क्रेन की मदद से वाहन को उठाकर हटाया गया।

### दुकानों में सेंधमारी कर चोरी का असफल प्रयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** तरवां बाजार में देर रात चोरों ने दो ज्वेलर्स दुकानों में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया। पुलिस को सूचना मिलने पर पकड़ने का प्रयास किया गया। लेकिन, चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पीड़ित दुकानदार मदन साव और लाल बाबू ने बताया कि रात को मदन वस्त्रालय और ज्वेलर्स व लाल बाबूक्लौथ स्टोर एंड ज्वेलर्स में चोरी करने के लिए दुकान के पीछे से कई चोर बांस की सीढ़ी से छत पर चढ़ गये। चोरों ने दो सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया।

## एटीएम कार्ड फंसा कर जज के खाते से उड़ाये 30 हजार रुपये, केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** शहर में स्थित एटीएम से रुपये की निकासी करने के दौरान कार्ड फंसा कर बैंक खाते से रुपये की निकासी करने वाले साइबर गिरोह से जुड़े अपराधियों ने जज को निशाना बनाया और उनके बैंक खाते से 30 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली। इस मामले को लेकर जज के बयान पर सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के अनुसार आठ दिसंबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे शहर में स्थित क्रेन स्कूल के पास स्टेट बैंक के एटीएम से जज रुपये की निकासी करने गये। उन्होंने एटीएम के जरिये अपने खाते से 9500 रुपये निकाला, लेकिन उनका एटीएम कार्ड फंस गया। उन्होंने एटीएम में फंसे कार्ड का निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं निकला तो एटीएम कैंपस में लिखे इंजीनियर के मोबाइल फोन पर कॉल किया। उस व्यक्ति ने कहा कि आगे चौराहे पर इंजीनियर खड़ा है, उसे बुला कर ले आइए, फंसा कार्ड निकाल देगा जब जज उस इंजीनियर को बुलाने गये। इसके बाद वापस लौटे तो देखा कि उनका एटीएम कार्ड नहीं है। इसके बाद उन्होंने अपना बैंक खाते को चेक कराया तो पता चला कि उनके बैंक खाते से 30 हजार रुपये की अवैध निकासी हो चुकी है। इधर, इस मामले में पूछे जाने पर सिविल लाइंस थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि जज के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## पत्रकार लोकतंत्र के चौथा स्तंभ, मांगों को सरकार तक पहुंचायेंगे : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। देश की आजाद कराने में पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस व अन्य स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। वे देश के विकास में व जनता व सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं। बाढ़ हो, सुखाड़ हो या अन्य घटना व दुर्घटना हो सबसे पहले पत्रकार पहुंचते हैं। वे राज्य के विकास में सहायक हैं। इमानदारी पूर्वक कार्यों को निर्वहन करते हैं। उनके हक व मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। ये बातें बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कही। डॉ कुमार शनिवार को सम्मान समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए हमेशा साथ हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गया नगा निगम के मेयर गणेश पासवान, कमल नयन, मनोरंजन कुमार व श्याम भंडारी, डीपीआरओ दीपक देव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। इस अवसर पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष रंजन सिन्हा ने कहा कि बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन गया शाखा के नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नयी टीम काफी सशक्त है। हमलोंगों की सोच हे कि निष्पक्ष व जिम्मेदार पत्रकारिता के साथ आगे बढ़ें। सभी पत्रकारों के हक को दमदार तरीके से शासन प्रशासन के समक्ष रखें। सभी सदस्यों को बधाई दी।

मेयर गणेश पासवान ने कहा कि नये कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई। संगठन में नये पत्रकारों को वरिष्ठ से दिशा निर्देश लेकर आगे बढ़ाने की जरूरत। ताकि गया जिला का नाम रौशन हो। डीपीआरओ दीपक देव ने कहा कि समाज को पत्रकारों से बहुत अपेक्षा होती है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार कमल नयन ने पत्रकारों के हित के लिए तत्पर रहने की बात कही है।

## वजीरगंज के कढ़ौना में जिला स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल टीम का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड के कढ़ौना गांव में रविवार को सर्वोदय युवा क्लब के तत्वावधान में गया जिला वॉलीबॉल सीनियर टीम का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल में जिले के विभिन्न प्रखंडों और ग्रामीण इलाकों से पहुंचे लगभग एक सौ युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। गया जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो सिर्फ सही मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी स्तर पर भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिनका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए। ट्रायल के दौरान निर्णायक मंडल द्वारा पांच-पांच सेट के मुकाबले कराए गए जिसके आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में शिवशंकर कुमार, तुषार कुमार, मयंक राज, मोहित सिंह, रीतेश कुमार, रौशन कुमार, योगराज सिंह, सन्नी कुमार, जिशु कुमार, राहुल कुमार, जयराम सिंह एवं सोनू कुमार शामिल हैं। टीम का कोच विट्ठल सिंह तथा टीम मैनेजर अवध सिंह को बनाया गया है। मौके पर बिहार राज्य खेल प्राधिकार में कार्यरत जिला सचिव एसआई अमन कुमार ने बताया कि उम्र सीमा के अनुसार मिनी, जूनियर, यूथ और सीनियर वर्ग की टीमें गठित की जाती हैं। रविवार को सीनियर टीम का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी आगामी 28 से 31 दिसंबर तक बिहट में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की इच्छा जताई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान बिजली बिल माफी को लेकर हंगामा, सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली बिल माफी के मामलों को लेकर पहुंचे उपभोक्ताओं ने जमकर आक्रोश जताया और मुख्य सड़क को जाम कर दिया। उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्हें बिजली बिल माफी एवं बकाया बिल के निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत में आने की जानकारी हुआ था, लेकिन वहां बिजली विभाग का कोई काम नहीं किया गया। लोक अदालत में मौजूद कर्मियों द्वारा यह कहकर वापस भेज दिया गया कि विभाग की ओर से कोई प्रतिनिधि नहीं आया है जिससे उपभोक्ता भड़क उठे। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने लोक अदालत परिसर से बाहर निकलते ही सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जाम के कारण स्कूली बसें, निजी वाहन और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन सड़क पर ही फंसे रहे। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बिजली बिल माफी से जुड़े मामलों को लेकर संबंधित विभाग से बात की जाएगी और जल्द ही अगली तारीख तय कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। काफी मशक्कत के बाद प्रशासन के आश्वासन पर उपभोक्ताओं ने जाम हटाया, तब जाकर यातायात बहाल हो सका। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। लोगों ने राष्ट्रीय लोक अदालत जैसे महत्वपूर्ण मंच पर विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे आम जनता का भरोसा टूटता है। प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** रविवार को प्रखंड के मऊ स्थित स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल के परिसर में जय शंकर क्लिनिक, गया जी सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग से मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं बीपीएन ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चिकित्सकों एवं आयोजकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आयोजक हिमांशु शेखर ने अतिथियों का स्वागत मां तारा देवी के तैलीय चित्र भेंट कर किया।

शिविर में दमा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, ईसीजी सहित विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मृदुल दीपांशु, डॉ. विनीत आनंद, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. अपराजिता, डॉ. पल्लव चौबे तथा डॉ. अमित नारायण रघु ने सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मऊ की ओर से भी मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई गईं। आयोजक बी पी एन ग्लोबल पब्लिक स्कूल के निदेशक नामित राजा एवं स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। वहीं मऊ पंचायत के पूर्व मुखिया सुधीर नारायण, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, प्रो विनोद सिंह, रामाधार सिंह, राधाकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य कविंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## 17वें ग्यालवा करमापा उज्ञेन थाय दोरजे के नेतृत्व में आयोजित होगी सात दिवसीय पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** विश्व शांति की कामना के साथ महाबोधि मंदिर में बोधिवृक्ष की छांव तले सोमवार से काग्यू मोनलम चेन्मो का शुभारंभ होगा। पूजा का नेतृत्व काग्यू पंथ के बौद्ध गुरु 17वें ग्यालवा करमापा उज्ञेन थाय दोरजे करेंगे। सात दिवसीय इस पूजा समारोह में शामिल होने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित काग्यू पंथ के बौद्ध मठों में प्रवास करने वाले लामा व भिक्षुणियों के साथ-साथ 17वें करमापा के अनुयायी भी शामिल होंगे। इनमें पश्चिमी देशों से भी काफी संख्या में अनुयायी बोधगया पहुंचे हैं। बोधगया स्थित कर्मा मंदिर के सौजन्य से आयोजित इस पूजा समारोह को लेकर महाबोधि मंदिर में तैयारी शुरू कर दी गयी है व स्वागत द्वार के साथ ही बोधिवृक्ष के नीचे पूजा स्थल पर तोरमा आदि की सजावट की जा रही है जिसे बौद्ध लामाओं द्वारा काफी समय पहले से ही तैयार किया जा रहा था। पूजा का नेतृत्व करने के लिए 17वें करमापा रविवार की शाम चार बजे एयर इंडिया के विमान से गया एयरपोर्ट आयेंगे व यहां से बोधगया स्थित कर्मा मंदिर जायेंगे। करमापा के आगमन पर मंदिर परिसर में लामाओं व अनुयायियों द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया जायेगा। इसके बाद सोमवार की सुबह महाबोधि मंदिर में पूजा का शुभारंभ होगा। इंटरनेशनल त्रिपिटक चैंटिंग के समापन के बाद काग्यू मोनलम चेन्मो के आयोजन से बोधगया में बौद्ध श्रद्धालुओं की मौजूदगी बनी रहेगी व इस कारण चहल-पहल भी बरकरार रहने की उम्मीद है। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन को फिलहाल और चौकन्ने रहने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में 23 टीम लेंगी भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिला फुटबॉल टूर्नामेंट 30 दिसंबर से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में 23 टीम शामिल होंगी। इन सभी टीमों के बीच करीब 73 मैच खेले जाएंगे। गया जी के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले जिला फुटबॉल टूर्नामेंट फरवरी महीने तक चलेगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के उद्देश्य को लेकर रविवार को जिला फुटबॉल संघ की विशेष बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की टीम भी टूर्नामेंट में भाग लेंगी। फुटबॉल खेल प्रतिभा को बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर यह टूर्नामेंट हो रहा है। गया जिला फुटबॉल संघ के सचिव खतीब अहमद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 23 टीमों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

इसमें जूनियर और सीनियर मिलाकर चार ग्रुप बनाए गए हैं। बैठक में मौजूद मसूद अख्तर, प्रेमचंद गुप्गुता, नियाजउद्दीन, मो. शमी अहमद, राजूप्रकाश सोलंकी एबीपी सिंह, रविंद्र कुमार, मो दानिश, युसूफ खान, परवेज मलिक खतीब अहमद ने अपना सहयोग प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहमति जतायी।

## धान चोरी में असफल असामाजिक तत्वों ने पुआल में लगाई आग, कई हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के चीलोंर पंचायत अंतर्गत सलेमपुर गांव में बीती रात धान की चोरी करने आए असामाजिक तत्वों ने चोरी में असफल होने पर खलिहान में रखे पुआल में आग लगा दी। इस घटना में पुआल का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार बृजनंदन पासवान के धान की थ्रेसर से मड़ाई कर धान और पुआल अलग किया गया था। शाम अधिक हो जाने के कारण किसान धान को घर नहीं ले जा सके थे। रात में भोजन करने के बाद जब वे खलिहान की ओर गए और टॉर्च की रोशनी डाली तो देखा कि गांव के ही कुछ लोग धान की चोरी कर रहे हैं। शोर मचाने पर चोर वहां से भागने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई और देखते-ही-देखते मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडों से हुई झड़प में एक पक्ष से गुड्डू मांझी, डब्लू मांझी और दीपू मांझी जबकि दूसरे पक्ष से सतेंद्र पासवान और बृजनंदन पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान असामाजिक तत्व युवकों ने गुस्से में आकर पुआल में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस गश्ती दल मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पुआल का आधे से अधिक हिस्सा जल चुका था। गुरुआ थाना के पुलिस पदाधिकारी मनेश कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुए हैं। पुलिस ने दोनों ओर के आरोपियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

संपादकीय

# मुख्यमंत्री यादव के उपलब्धियों भरे दो साल!

दो साल पहले जब डॉ. मोहन यादव को मध्यप्रदेश की कमान सौंपने का फैसला भाजपा आलाकमान ने किया तो उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पूर्व में लगभग 18 साल तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज खास शैली में ढले प्रशासन की चाल-ढाल बदलने, अपना एक अलग विजन, प्रभावी और जनोन्मुखी कार्य शैली गढ़ने की चुनौती थी। मोहन यादव इन कसौटियों पर काफी हद तक खरे उतरे हैं। लिहाजा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दो साल का कार्यकाल सुशासन की नई परिभाषा गढ़ने, सरकार को विकासोन्मुखी तथा लोकहितकारी बनाने के बहुआयामी प्रयासों से परिपूर्ण है। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री का विजन भी वही है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र का मोदी का है। यानी आजादी की सौंवी वर्षगांठ 2047 तक मप्र को देश के विकसित और प्रगत राज्यों की श्रेणी में ला खड़ा करना। इसी तारतम्य में सीएम ने अफसरों को साफ कह दिया है कि वे विजन 2047 के तहत पहले पांच वर्ष का रोडमैप तैयार कर उस पर गंभीरता से काम करें। इस 'डबल इंजन के विजन' में कहीं कोई दरार नहीं है। इसी के मद्देनजर मोहन यादव सरकार ने पिछले साल गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से चार मिशन लांच किए। आगामी लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक मप्र की अर्थव्यवस्था को 2 ट्रिलियन डॉलर की बनाया जाए साथ ही 2029 तक राज्य की जीएसडीपी दोगुनी की जाए। सीएम यादव का सपना मप्र को देश की मिल्क कैपिटल (दुग्ध राजधानी) बनाना है। निरपेक्ष भाव से देखें तो मोहन यादव सरकार ने विगत दो सालों में न केवल कई जनहितैषी निर्णय लिए हैं, प्रशासनिक मशीनरी को कसा है बल्कि कई पुराने फैसले जनहित में पलटे भी हैं। इससे जनता में सही संदेश गया है। खुद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के शब्दों में कहें तो विगत दो वर्षों में मप्र ने प्रगति के नए आयाम गढ़े हैं। राज्य में दो साल में 8 लाख करोड़ रू. का पूंजी निवेश हुआ है और 6 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं। कृषि, उद्योग, और शिक्षा के बाद मप्र अब धार्मिक पर्यटन और अध्यात्म के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। डॉ. मोहन यादव सरकार के दो साल का कार्यकाल मोटे तौर चार पैमानों पर आकलित किया जाना चाहिए। ये हैं- राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक। ये चारों पैमाने ही विकास के रथ के चार चक्र हैं। उल्लेखनीय है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मप्र में नेतृत्व परिवर्तन का फैसला लेते समय यह भी ध्यान रखा था कि इसका संदेश दूर तक जाए। इसीलिए जब सीएम पद के लिए डॉ.मोहन यादव के नाम की घोषणा हुई तो यह बहुतों को चौंकाने वाली थी। इसके पीछे न केवल उच्च शिक्षित मोहन यादव के रूप में अपेक्षाकृत युवा चेहरे को आगे बढ़ाना था बल्कि राष्ट्रीय संदर्भ में एक नया यादव नेतृत्व तैयार करना भी था। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी सहमति थी। जो अपेक्षा थी और जो चुनौतियां थीं, डॉ. मोहन यादव अपनी शांत और संयमित कार्यशैली से उन पर काफी हद तक खरा उतरे हैं। मप्र को विकास का नया हब बनाना उनका लक्ष्य है। यह काम असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। सपनों को साकार करने के लिए एक समर्पित टीम का होना भी जरूरी है। इस मोर्चे पर डॉ. मोहन यादव की तैयारी कमजोर दिखाई पड़ती है, क्योंकि दो साल बाद भी उनकी अधिकारियों की कोर टीम नहीं बन पाई है। फिर भी आलाकमान के वरदहस्त ने उनकी कई मुश्किलों को आसान किया है।

# भारत रूस वार्ता :आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को मिली मजबूती



**डॉ मणिकांत झा**

23 वें भारत रूस शिखर सम्मेलन बीते शुक्रवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान दोनों देशों ने रक्षा ,व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा से संबंधित 19 समझौता पर हस्ताक्षर किए। इससे जहां एक ओर भारत रूस रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि हुई वहीं दूसरी ओर आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को मजबूती मिली है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यह यात्रा महज एक राज नयिक मुलाकात के लिए ही नहीं वरन् भविष्य में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा, इसकी संभावना ज्यादा दिख रही है ।भारत के लिए आत्मनिर्भरता के साथ-साथ सुरक्षा, आर्थिक विस्तार और वैश्विक प्रभाव में वृद्धि की दृष्टि से इसे देखा जाना उचित होगा। वस्तुतः यह शिखर वार्ता भारत रूस दोस्ती का स्वर्णिम द्वार खोलता है ।वहीं आने वाले समय में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी इस ओर एक सुनहरा संकेत दे रहा है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि अब ट्रंप के टैरिफ से भारत को शीघ्र राहत मिलने के साथ-साथ यूक्रेन युद्ध के उचित समाधान मिलने की भी संभावनाएं बढ़ी है।

यद्यपि भारत और रूस का संबंध कोई नया नहीं है। दोनों देशों की दोस्ती 78 वर्ष पुरानी है। पिछले 25 वर्षों में संबंध बढ़ते ही रहे हैं। तभी तो प्रतिबंधों के बावजूद भी भारत का रूस से तेल खरीदना जारी है जबकि आज भी रूस से मिले हथियारों पर भारतीय सेना का भरोसा कायम है ।यदि इसे आंकड़ों की नजर से देखें तो यह और स्पष्ट दिखता है कि 5 वर्ष पहले दोनों देशों के बीच व्यापार 8 अरब डॉलर का था, अब यानी 20 24- 25 में यह 68.7 अरब डालर हो गया । जबकि 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर लक्ष्य तय किया गया है ।यह कहना अनुचित नहीं होगा कि पुतिन की इस यात्रा से भारत रूस के संबंधों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है ।

रक्षा क्षेत्र की बात करें तो भारत रूस के बीच इस क्षेत्र में दशकों से भरोसेमंद संबंध रहा है। फिर भी दोनों देशों की वर्तमान शिखर वार्ता से इस सहयोग को नई दिशा जरूर मिली है। दोनों देशों के बीच यात्रा के पूर्व जहां हथियारों की खरीद एक सीमा तक सीमित थी और अब यह सह उत्पादक ,तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय निर्माण तक आगे बढ़ी है। इससे भारत अब खरीददार ही नहीं उत्पादक की भूमिका में होगा। जिससे भारतीय सेवाओं का आधुनिकीकरण तेज होगा वही मेक इन इंडिया को भी मजबूती मिलेगी और अंततः तकनीकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। रूस की रियायती दरों पर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता होने से वैश्विक बाजार की अनिश्चितता और ऊंची कीमतों से भारत को तत्काल मुक्ति मिल रही है ।वहीं ऊर्जा उत्पादन की दिशा में भारत अपना कदम आगे बढ़ाने में सक्षम हो सकता है। इतना ही नहीं रूस के साथ भारत का व्यापार मात्र ऊर्जा और रक्षा तक ही सीमित न होकर अब आईटी, फॉर्मा, कृषि, शिक्षा और तकनीकी निवेश जैसे क्षेत्रों में भी एक नए अवसर लेकर आएगा। रूस भारत के लिए खासकर कृषि, निर्यात, फार्मास्यूटिकल्स और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़े बाजार के रूप में साबित हो सकता है।

भारत रूस वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच विज्ञान और तकनीकी साझेदारी के लिए जिस तरह की सहमति बनी है वह भारत के लिए तकनीकी क्रांति को मजबूत आधार दे सकता है। इससे भारत एआइ, साइबर सुरक्षा ,अंतरिक्ष मिशन, उच्च स्तर की इंजीनियरिंग और परमाणु विज्ञान जैसे क्षेत्रों में तेज गति से विकास कर सकता है। कहना ना होगा कि जब भारत में रक्षा उत्पादन ,ऊर्जा परियोजनाएं, तकनीकी क्षेत्र में वांछित विकास होगा तो इसका सीधा असर यहां के युवाओं और स्थापित उद्योगों को मिलेगा फल स्वरूप नए रोजगार सृजन, विदेशी निवेश बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके अतिरिक्त रूस के खाद्य निर्यात ,उर्वरक आपूर्ति कृषि तकनीक प्राप्त होने से भारतीय कृषि मजबूत स्थिति में होगी खाद्य कीमतों में स्थिरता आएगी तथा किसानों को बेहतर तकनीक और बाजार भी मिल सकेंगे।

संपन्न हुई शिखर वार्ता के दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद विरोधी प्रतिबद्धता को दोहराया तथा शून्य सहिष्णुता के भारतीय दृष्टिकोण की आवश्यकता भी जताई। बहुद्देशीय सहयोग की बात करें तो रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के लिए भारत की मांग का समर्थन किया ।वहीं 2026 में आयोजित होने वाले ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया ।भारत और रूस ने अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा, चेन्नई व्लादी वोस्तोक समुद्री मार्ग और उत्तरी समुद्री मार्ग सहित प्रमुख कनेक्टिविटी गलियारों पर सहयोग को बढ़ाने के साथ-साथ जल नेविगेशन के लिए विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने पर भी सहमति जताई ।वहीं मुक्त व्यापार समझौते को तेजी से आगे बढ़ाने पर अपनी सहमति दी।

जाहिर है कि पुतिन के इस भारत यात्रा पर खासकर अमेरिका व चीन की विशेष नजर ऐसे ही नहीं लगी रही ।अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में वापसी के बाद से ही भारत के साथ रिश्ते तनाव भरे दौर में है। इस बीच रूस से चीन के रिश्ते काफी नजदीक व मजबूत हुए हैं। तभी तो रूस का बाजार चीनी सामानों से अटा है। कभी-कभी भारतीय रणनीतिकारों को इसे लेकर यह चिंता होती है कि रूस चीन ज्यादा नजदीक है तो भारत का क्या होगा । इस संबंध में यह गौर करना होगा कि भारत, चीन और रूस के मध्य एक संतुलन का काम करता है।चीन और रूस का समीकरण भारत को नुकसान नहीं कर सकता क्योंकि रूस स्वतंत्र देश है वह चीन के पीछे नहीं जा सकता है। पहले से भी रुस से संबंधों का लाभ भारत को मिलता रहा है आगे भी मिलता रहेगा ऐसी संभावना व्यक्त की जाती है ।जहां तक अमेरिका का प्रश्न है तो अमेरिका यह चाहता है कि रूस से भारत में तेल ना आए। दूसरा यह कि भारत अपना कृषि क्षेत्र अमेरिका के लिए खोल दे । ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि अगर अमेरिकी कृषि उत्पादन भारत में आ जाएंगे तो भारत के किसानों का क्या होगा। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अमेरिका और रूस दोनों के साथ संतुलन बनाकर चलने की चुनौती फिलहाल भारत को है। ऐसे माहौल में भारत बिना किसी दबाव के अपने हितों व रणनीतिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा अपनी पुरानी भरोसेमंद और बहु आयामी दोस्ती को पुनः प्रमाणित किया है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं )**

अध्यात्म

## जैसी संगत वैसी रंगत

एक बार एक भंवरे की मित्रता एक गोबरी कीड़े के साथ हो गई, कीड़े ने भंवरे से कहा कि भाई तुम मेरे सबसे अच्छे मित्र हो। इस लिये मेरे यहाँ भोजन पर आओ, अब अगले दिन भंवरा सुबह-सुबह तैयार हो गया और अपने बच्चो के साथ गोबरी कीड़े के यहाँ भोजन के लिये पहुँचा। कीड़ा भी उन को देखकर बहुत खुश हुआ और सब का आदर करके भोजन परोसा। भोजन में गोबर की गोलियां परोसी गई और कीड़े ने कहा कि खाओ भाई रुक क्यों गए। भंवरा सोच में पड़ गया, कि मैने बुरे का संग किया। इस लिये मुझे तो, गोबर खाना ही पड़ेगा। भंवरा ने सोचा कि ये मुझे इस का संग करने से मिला और फल भी पाया।

अब इस को भी मेरे संग का फल मिलना चाहिये.. भंवरा बोला भाई! आज तो में आप के यहाँ भोजन के लिये आया। अब तुम कल मेरे यहाँ आओगे। अगले दिन कीड़ा तैयार होकर भंवरे के यहाँ पहुँचा। भवरे ने कीड़े को उठा कर, गुलाब के फूल में बिठा दिया और रस पिलाया। कीड़े ने खूब फूलो का रस पिया और मजे किये अपने मित्र का धन्यवाद किया और कहाँ मित्र तुम तो बहुत अच्छी जगह रहते हो और अच्छा खाते हो।

इस के बाद कीड़े ने सोचा क्यों न अब में यहीं रहूँ और ये सोच कर यही फूल में बैठा रहा, इतने में ही पास के मंदिर का पुजारी आया और फूल तोड़ कर ले गया। और चढ़ा दिया इस को प्रभु चरणों में... कीड़े को भगवान के दर्शन भी हुवे और उनके चरणों में बैठा। इस के बाद सन्ध्या में पुजारी ने सारे फूल इक्कठा किये और गंगा जी में छोड़ दिए। कीड़ा गंगा की लहरों पर लहर रहा था। और अपनी किस्मत पर हैरान था, कि कितना पूण्य हो गया।

इतने में ही भंवरा उड़ता हुवा कीड़े के पास आया और बोला मित्र अब बताओ क्या हाल है? कीड़ा बोला भाई अब जन्म-जन्म के पापो से मुक्ति हो चुकी है। जहाँ गंगा जी में मरने के बाद अस्थियो को छोड़ा जाता है, वहाँ में जिन्दा ही आ गया हूं। ये सब मुझे तेरी मित्रता और अच्छी संगत का ही फल मिला है और ख़ुशी से निहाल हूं। तेरा धन्यवाद ! जिसको में अपनी जन्नत समझता था वो गन्दगी थी और जो तेरी वजह से मिला ये ही स्वर्ग है।

किसी महात्मा ने सही कहा हैः जैसे संग करोगे वैसे बन जाओगे।

शराबी का संग करोगे, शराबी बन जाओगे । जुआरी का संग करोगे, जुआरी बन जाओगे । स्वार्थी या संग करोगे, स्वार्थी बन जाओगे । दानी का संग करोगे, दानी बन जाओगे । संतो, भक्तो का संग करोगे, तो प्रभु से प्रेम ।

# एसआईआर पर बंगाल का दृश्य डरावना

**अवधेश कुमार**

बंगाल पहला राज्य है जहां बीएलओ के बैनर से मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। 28 नवंबर को तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। आयोग के हवाले से समाचार आया कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से एस आई आर की प्रक्रिया में बाधा न डालने तथा दुष्प्रचार न करने का अनुरोध किया। आयोग ने तृणमूल प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राजनीतिक बयान आपका अधिकार है लेकिन दुष्प्रचार कर समस्याएं पैदा करना उचित नहीं है। आयोग ने बीएलओ की मृत्यु या आत्महत्या के आरोपों से भी इनकार किया। यद्यपि कुछ मामलों में जांच की भी बात की। निश्चय ही हमारे आपके अंदर एस आई आर की पूरी प्रक्रिया तथा उसकी तात्कालिक परिणतियों को लेकर अनेक प्रश्न और संदेह पैदा होंगे। विचार करने की बात है की अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दृश्य ऐसे क्यों नहीं है? हमने बिहार एस आई आर के दौरान राजनीतिक नेताओं के तेवर देखें, राहुल गांधी की 16 दिनों की वोट अधिकार यात्रा हुई ,उच्चतम न्यायालय में नामी वकीलों ने इसके विरुद्ध बहस की किंतु प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। इस समय भी उच्चतम न्यायालय में सुनवाई चल रही है। इसमें स्वयं मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि जब आप बिहार के बारे में बातें कर रहे थे तो हमें भी लगा कि कुछ गड़बड़ी हुई है और हमने वहां वॉलिंटियर्स नियुक्त किए? आपने कहा कि लाखों के नाम कट रहे हैं, एक व्यक्ति नहीं आया जिसने अपना नाम काटने का आरोप लगाया। दूसरे, आपने कहा कि लोगों को प्रक्रिया की जानकारी नहीं है जबकि दिखाई दिया कि गांव के स्तरों पर भी लोगों को पूरी जानकारी थी। इसी तरह की टिप्पणी अन्य न्यायाधीशों की भी आई है। आधार कार्ड पर भी न्यायालय ने प्रश्न किया कि किसी विदेशी नागरिक के पास आधार कार्ड है तो क्या उसे मतदान का अधिकार दे दिया जाएगा? स्पष्ट है कि एसआईआर की पूरी सुनवाई और मॉनिटरिंग के बाद उच्चतम न्यायालय किन सच्चाइयों पर पहुंचा है। एस आई आर की प्रक्रिया ऐसी जटिल नहीं है जिसके दबाव में या परेशान होकर बीएलओ को आत्महत्या करनी पड़ी या उसकी मृत्यु हो जाए। बिहार के अलावा अभी जिन राज्यों में हो रहे हैं वहां बी एल ओ लोगों को फोन करते हैं, पास जाते हैं, राजनीतिक पार्टियों के बीएलए बूथ लेवल एजेंट भी फोन करते हैं कि आपके पास फार्म पहुंचे नहीं पहुंचे आदि आदि और सहयोग से सारा काम चल रहा है। थोड़े बहुत परिश्रम के बाद कागजात भी हो जा रहा है। किंतु बंगाल की स्थिति भिन्न है। न भूलिए कि वहां एनआईए आतंकवाद के मामले में कार्रवाई करने जाती है तो उन पर हमले होते हैं और कार्रवाई के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल लाना पड़ता है। बंगाल में एस आई आर की सूचना के साथ कुछ मोहल्ले खाली हो गए और पता चला कि सारे बांग्लादेशी घुसपैठियों थे। बांग्लादेश की सीमा पर भीड़ दिखी जो बता रहे हैं किघुसपैठ कर आए, उनके आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र बने और उन्होंने मतदान भी किया। टीवी वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग बीएसएफ से कह रहे हैं कि हमें उस ओर जाने दीजिए। बावजूद पूरी तृणमूल कांग्रेस स्वीकार करने को तैयार नहीं की कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया उनके यहां हैं। उल्टे मुस्लिम मतदाताओं का नाम काटने का ही आरोप लगा रहे। यह एक पहलू बताने के लिए पर्याप्त है कि बंगाल में बीएलओ के साथ क्या हो रहा होगा। दो अन्य पहलू भी पर ध्यान दीजिए। चुनाव आयोग ने कहा है कि एसआईआर के दौरान कई राज्यों में विसंगतियां सामने आई है। मुंबई की मतदाता सूची में 10.64 प्रतिशत यानी 11 लाख से अधिक डुप्लीकेट नाम पाए गए हैं।

**संतों के लिए हिमालय तपोभूमि और देवभूमि है। भारत की सुरक्षा की दृष्टि से हिमालय एक मजबूत ढाल है। जीवनदायी नदियों का मुख्य स्रोत यही हिमालय है, वही औषधीय निर्माण के लिए दुर्लभ जड़ी बूटियां इसी हिमालय से उपलब्ध होती हैं। मानव सभ्यता के विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन हिमालय की ही देन है। इन सबके बावजूद पर्यावरण की दृष्टि से आज हिमालय पर संकट है। ये पर्वत श्रृंखलाएं पर्यावरण और भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील है । हिमालय क्षेत्र का नया मूल्यांकन अध्ययन प्रकाश में आया है। इसमें बताया गया है कि भूकंपीय तनाव हिमालय के दक्षिण तक हिमालय फ्रंटल थ्रष्ट में फैल गया है। यानी भूकंप का जोखिम सिर्फ पहाड़ो तक सीमित नहीं है। इसका विस्तार देहरादून के पास मोहनड से शुरू होकर यह क्षेत्र तराई के आगे मैदानो पर बसे शहरों तक हो गया है। जाहिर है इससे आसपास की शहरी आबादी पर जोखिम बढ़ गया है।**

# आपदा सुरक्षा ध्यान में रखकर हो शहरी विकास

**श्रीराम माहेश्वरी**

अर्थक्वेक डिजाइन कोड 2025 के अंतर्गत जारी नया सिस्मेक जोनेशन मैप में इस अध्ययन का खुलासा हुआ है। इस नए मैप में पूरे हिमालय आर्क को शामिल किया गया है। मैप ने भूकंप के खतरे की वैज्ञानिकों की पूर्व अवधारणा और समझ को बदलकर रख दिया है। कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, नेपाल फ्रंट, सिक्किम और अरुणाचल क्षेत्र को सबसे खतरनाक जॉन 6 में रखा गया है। मैप में बताया गया है कि भारत का 61 फ़ीसदी हिस्सा मध्यम से उच्च जोखिम में है। इस हिस्से में देश की तीन चौथाई आबादी निवास करती है। अध्ययन में जोखिम क्षेत्र का विस्तार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य प्रोबैबिलिस्टिक सिस्मिक हेजर्ड असेसमेंट से यह नक्शा बीआईएस ने तैयार किया है। हिमालय तथा आसपास के किन-किन क्षेत्रों में भूकंप की दृष्टि से कितना खतरा है, इसमें स्पष्ट किया गया है। राजस्थान, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मणिपुर, मेघालय क्षेत्र को जॉन 5 और 6 में दर्शाया गया है, वहीं दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा देश के अन्य कई क्षेत्रों को यलो जोन दो-तीन और चार में रखा गया है। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए हमें भविष्य में अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। इस तरह की आपदा भूगर्भ में पांच किलोमीटर से अधिक गहराई में होने वाली प्लेटों के खिसकने के कारण होती है। भूमि के भीतर होने वाली इन हलचलों के अनेक वैज्ञानिक कारण हो सकते हैं। इस तरह की आपदाओं को हम रोक नहीं सकते किन्तु सुरक्षा उपायों से इसके जोखिम को कम कर सकते हैं। शहरी नियोजन अधोसंरचना और भवन निर्माण सुरक्षा मानकों के अनुसार करना होगा। यानि ऐसे निर्माण जो भूकंप आपदा के बाद भी यथावत रहें।

मानवीय दखल बड़ी समस्या- नए अध्ययन से स्पष्ट है कि मानवीय गतिविधियां बढ़ने से हिमालय वन क्षेत्र का क्षरण हो रहा है। इससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। हमने पर्यटन की सुविधा तो बढाई परंतु पर्यावरण का ध्यान नहीं रखा। इन सब कारणों से हिमालय की पारिस्थितिकी तंत्र पर संकट छा रहा है। आबादी बढ़ने, शहरी विस्तार होने और पर्यटन बढ़ने से पहाड़ों पर मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं। वहां प्रदूषण बढ़ रहा है। हिमालय की जैव विविधता- हिमालय की जैव विविधता समृद्ध और अद्वितीय है। यह भारत ही नहीं विश्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां के वन, बर्फीले पहाड़, विशाल घास के मैदान हैं। उष्णकटिबंधीय और शीतोष्ण कठबंधीय विविध क्षेत्र यहां पाए जाते हैं। यहां हजारों की संख्या में दुर्लभ किस्म के औषधीय पौधे पाए जाते हैं। आयुर्वेद, यूनानी और अन्य चिकित्सा में इनका उपयोग होता है। इन पेड़ों के कारण हजारों स्थानीय लोगों की आजीविका चलती है। जीव जंतुओं में हिमालय भालू, टाइगर, तेंदुआ, हिमालय हाथी, ब्लैक बियर, विशेष है। प्रवासी पक्षियों के लिए हिमालय सुरक्षित आश्रय स्थल है। हिमालय की झीलों में जलीय जीव और मछलियों की विविध प्रजातियां हैं। समाजवादी चिंतक राम मनोहर



लोहिया ने 50 के दशक में ही हिमालय के इस संकट को पहचान लिया था, तब उन्होंने हिमालय बचाओ का नारा दिया था। उनके आह्वान पर कई संगठनों ने आवाज उठाई थी । पूर्व में डरबन में हुए सम्मेलन में भी हिमालय के बिगड़ते पर्यावरण पर चिंता व्यक्त की गई थी। वैश्विक स्तर पर इस दिशा में संरक्षण की पहल होना चाहिए। स्पष्ट है कि हमें भविष्य में समावेशी विकास का मार्ग अपनाना होगा।

हिमालय के ग्लेशियर - जलवायु परिवर्तन के चलते हिमालय के ग्लेशियर निरंतर पिघल रहे हैं। भविष्य में समूची मानव जाति को इसके दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं । शोध कार्यों से पता चलता है कि हिमालय के ग्लेशियर हर साल एक मीटर घट रहे हैं। इनके पिघलने की यदि यही गति रही तो 2050 तक यह ग्लेशियर अपना अस्तित्व खो सकते हैं । हम जानते हैं कि इन्हीं ग्लेशियर के कारण गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु तथा अन्य कई सहायक नदियों का जल प्रवाह होता है। इसी जल से हमारा जीवन सुरक्षित है। कई देशों के लिए यह मीठे पानी का स्रोत है । यदि नदियों पर संकट आता है तो यह समूची मानव सभ्यता पर संकट कहा जाएगा। संरक्षण का अब भी समय है। हम हिमालय के परिस्थितिकी तंत्र पर आए संकट को बचा सकते हैं।

पहल और उपाय - हिमालय क्षेत्र की विकास नीतियों को नए सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ विकास को हमें अपनाना होगा। बांध और विद्युत परियोजनाओं के निर्माण पर अंकुश लगाना होगा। वनों की कटाई , अवैध शिकार को रोकना, पहाड़ों के खनन को रोकना और नदियों के खनन को रोकना होगा। पर्यटन को नियंत्रित करना होगा। हमें वहां की स्थानीय वनस्पतियों का संरक्षण करना होगा। पेड़ लगाते समय यह ध्यान में रखना होगा कि उनकी प्रजाति हिमालय पर्यावरण के अनुकूल हो। बांस, देवदार, ओक, चीड़ के पेड़ यहां बहुतायत में पाए जाते हैं । पूर्व में अंग्रेजों ने यहां चीड़ के पेड़ लगाए थे। यह वन काफी संख्या में है। यह पेड़ हिमालय के अनुकूल नहीं है। चीड़ के पेड़ भूजल और मिट्टी से काफी मात्रा में पोषक तत्व सोख लेते हैं । इनके स्थान पर शहतूत, पदम, चेस्टनट, अखरोट, सिरौली , चूले जैसी प्रजातियों के पेड़ हिमालय क्षेत्र में रोपित किया जाना चाहिए। रेशा और फलदार वृक्षों को हिमालय क्षेत्र में रोपण करना चाहिए। इससे हम यहां की वनस्पतियों को बचा सकते हैं।

अभ्यारण्य और मिशन की शुरुआत - जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्राकृतिक अभ्यारण्यों का निर्माण किया गया है। जैव विविधता संरक्षण परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को उनकी पारंपरिक संरक्षण प्रथाओं को शामिल किया जा रहा है। इससे वन और वन्य प्राणियों का संरक्षण किया जा सकेगा। हिमालय के महत्व को देखते हुए हिमालयि पारिस्थितिकी संवर्धन मिशन शुरू किया गया है। यहां की नदियों और इस पर निर्भर पारिस्थितिकी तंत्र पर उत्पन्न होने वाले संकट का इसमें अध्ययन करना शामिल है।

भविष्य में इसके आकलन अनुसार सुरक्षा के उपाय होने की दृष्टि से यह मिशन महत्वपूर्ण है। यह सच है कि प्राकृतिक आपदाओं को हम रोक नहीं सकते, किन्तु आपदा के जोखिम को सावधानी रखकर कम कर सकते हैं। व्यवस्थित सूचना तंत्र विकसित करके, पहाड़ों और तटीय क्षेत्रों में समय पूर्व सूचना संवाद करके जनहानि को कम कर सकते हैं। हिमालय के पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल शासन स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। इस हेतु हमें जन सहभागिता और सामुदायिक प्रयासों की पहल करना होगी। यहां का पारिस्थितिकी तंत्र बचेगा, तभी देश की नदियां बचेंगी। इन जीवनदाई नदियों से ही मानव सभ्यता का अस्तित्व रहेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
चल रहे वाद-विवाद को आपसी सामंजस्य से समझाने की कोशिश करें, सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता के बल पर कोई उपलब्धि हासिल कर लेंगे।

**वृषभ**
कुछ समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानी में आज सुधार महसूस करेंगे। आप दोबारा अपने व्यक्तिगत कार्यों में अपना ध्यान केंद्रित कर पाएँगे।

**मिथुन**
सामाजिक रूप से पहचान को और अधिक बढ़ाएगा। आपने कुछ समय से जो लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है, आज उस पर काम करने का उत्तम समय है।

**कर्क**
व्यावहारिक सोच रखने से आप कोई भी निर्णय लेने में सहज महसूस करेंगे। वित्त संबंधित कार्यों में आपके प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**सिंह**
आय को लेकर की गई मेहनत भविष्य में बहुत ही लाभदायक साबित होने वाली है। व्यर्थ की गतिविधियों से ध्यान हटाकर अपने कार्यों पर ही समर्पित रहें।

**कन्या**
आनंददायक दिनचर्या रहेगी। अपने कार्यों को व्यवस्थित रूप से संपन्न कर लेंगे। दिल की बजाय दिमाग की आवाज को प्राथमिकता दें।

**तुला**
संपत्ति आदि की खरीद-फरोख्त संबंधी कोई योजना बन रही है, तो आज उसके फलीभूत होने का समय आ गया है। आ रही रुकावटों में भी कमी आएगी।

**वृश्चिक**
सकारात्मक रहने से आप ऊर्जावान और प्रफुल्लित रहेंगे। इससे कोई भी निर्णय लेने तथा अपने किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**धनु**
आज बातचीत के माध्यम से कोई शुभ अवसर मिलने वाला है। आप अपने दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करेंगे। किसी राजनीतिक संपर्क द्वारा आपको फायदा हो सकता है।

**मकर**
सरकारी अथवा विवादित मामला अटका हुआ है, तो आज किसी की मध्यस्थता से हल होने के उत्तम आसार हैं। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई संबंधी की गई मेहनत के उचित परिणाम हासिल होने वाले हैं।

**कुंभ**
व्यवस्थित और अनुशासित रहने से जल्दी आप अपने लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। आध्यात्मिक तथा धार्मिक गतिविधियों में भी कुछ समय जरूर व्यतीत करें।

**मीन**
किसी प्रिय संबंधी द्वारा महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है। अपनी किसी कमजोरी पर काबू करने की कोशिश कर रहे हैं, तो निश्चित ही सफलता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दो शराब की भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के लोदीपुर गंगा नदी के किनारे चल रहे दो शराब की भट्ठियों को मनेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान पुलिस ने करीब 5000 लीटर अर्ध निर्मित शराबों को नष्ट कर दिया है। जिसमें शराब बनाने के उपकरण वगैरह को पुलिस ने आग में डालकर नष्ट कर दिया। इस छापेमारी दल में मनेर थाना की एएसआई राम सुरेश प्रसाद सिंह, जिला पुलिस बल के जवान समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे। इस संबंध में मनेर पुलिस ने बताया लोदीपुर गंगा नदी के किनारे चल रहे दो शराब की भठ्ठियों और देसी शराब करीब 5000 लीटर अर्ध निर्मित को नष्ट कर दिया गया है। हालांकि शराब के कारोबारी मौके से फरार हो गए।

### एसबीआईएसए पटना सर्किल का चुनाव संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिनांक 14-12-2025 को एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन पटना सर्किल का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बिहार और झारखंड राज्य की विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में निर्वाचित प्रतिनिधियों (डेलिगेट्स) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदाताओं की संख्या 795 है। शाम 4:00 बजे तक कर्मचारियों के लगभग 70% निर्वाचित प्रतिनिधियों (डेलिगेट्स) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह मतदान संख्या बिहार और झारखंड राज्य की विभिन्न शाखाओं में एसबीआईएसए की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कर्मचारियों के भारी




विश्वास और सक्रिय भागीदारी को दशार्ती है। यह चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से आयोजित की गई, जो एसबीआईएसए की लोकतांत्रिक भाव को दशार्ता है। एसबीआईएसए पटना सर्किल, इस सफल आयोजन के लिए निम्नलिखित को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हैः मुख्य निर्वाचन अधिकारी और उनकी पूरी टीम को, जिन्होंने चुनाव को सुचारु रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसबीआई पटना सर्किल प्रबंधन को, जिन्होंने आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाएं प्रदान कीं। सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को, जिन्होंने भारी संख्या में मतदान कर इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाया।

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर सामाजिक सद्भावना को लेकर हुई बैठक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को बलुआ ठाकुरबाड़ी के परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड की सामाजिक सद्भावना बैठक शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर बलुआ गांव समेत विभिन्न जगहों से आए लोग बैठक में शामिल हुए। जिसमें संघ के खंड सेवकों ने संबोधित किया की जात-पात का बंधन को छोड़कर एक सूत्र में सभी लोग बंधे। सामाजिक सौहार्द और सामाजिक कार्यों पर आगे बढ़-कर कार्य किया जाए। तभी एक भारत विकसित और मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो पाएगा। बेहतर राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त और सद्भावना सबसे जरूरी है। मौके पर खंड के शशि भूषण पांडे, ओम प्रकाश, अनिल पासवान, लाल धारी चौहान, गोरखनाथ राय, रमेश रजक, रविंद्र सिंह, संजय सिंह, बालेश्वर सिंह सहित कई लोग थे।



### अध्यक्ष चुने जाने पर चौरसिया को बधाइयों का तांता

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राज्य संयोजक बलवंत सिंह के निर्देश पर पटना जिला सदस्य ज्ञानेश कुमार के पर्यवेक्षण में मनेर प्रखंड इकाई का गठन किया गया. प्रधान शिक्षक प्रखंड इकाई मनेर के लिए अध्यक्ष के पद पर मनोज कुमार चौरसिया, सचिव के पद पर श्वेता कुमारी और कोषाध्यक्ष के पद पर अरुण कुमार को सर्वसम्मति से चयनित किया गया. श्री चौरसिया के अध्यक्ष चुने जाने पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक भाई वीरेंद्र, पूर्व विधायक सूर्य देव त्यागी, प्रोफेसर श्री कांत निराला, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री निखिल आनंद, नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद, उपाध्यक्ष शंकर यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष रामाधार सिंह, जदयू के महासचिव ज्योतिष प्रसाद, नवीन कुमार सिन्हा ने बढ़ाई दी है.



### खगौल थाना के नए थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने संभाला पदभार

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर अंतर्गत पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। खगौल के तमाम जनता ने पुष्प देकर पद भार ग्रहण किए। नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स की बताया कि पूर्व थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह का स्थानतरण पुलिस केंद्र पटना में हो जाने के बाद नए थाना अध्यक्ष की देख रेख में चल रहा है।उन्होंने बताया कि पूर्व थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह का 06 महीने का कार्यकाल काफी अच्छा और सुखद रहा। वहीं अपर थाना अध्यक्ष विकाश कुमार ने उन्हें बताया कि खगौल के जनता के प्रति जाते जाते आभार व्यक्त और जनता का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। वही दूसरी ओर नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स बताया कि इनका पूर्व थाना अध्यक्ष राज कुमार सिंह का 06 महीना का कार्यकाल में बहुत ही गरीब लोगों को मदद की जिससे आम जनता सारनिया कार्य के लिए धन्यवाद दिया। वहीं दूसरी और पदभार करने के बाद थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मुझे जनता अगर सहयोग करें तो मैं उनके उम्मीद पर खड़ा उतरूंगा।



### एनआईटी जमशेदपुर ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन बिहार चैप्टर का राज्य स्तरीय एलुमनी मीट संपन्न

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनआईटी जमशेदपुर ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन, बिहार चैप्टर की ओर से राज्य स्तरीय एलुमनी मीट का आयोजन किया गया. बीआईटी पटना कैंपस के ऑडिटोरियम में आयोजित यह दूसरा एलुमनी मीट था. कार्यक्रम में बिहार भर से 1960 बैच से लेकर 2023 बैच तक के करीब 150 पूर्व छात्र शामिल हुए. एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने एसोसिएशन के माध्यम से सामाजिक और कल्याणकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए. 1960 बैच के प्रफुल्ल पाणिग्रही विशेष रूप से अमेरिका से इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे. उन्होंने बिहारझ्पटना चैप्टर के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और एनआईटी जमशेदपुर के पूर्व छात्रों द्वारा वैश्विक स्तर पर किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी. उल्लेखनीय है कि प्रफुल्ल पाणिग्रही ने हाल ही में जरूरतमंद छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए एनआईटी जमशेदपुर को 15 लाख रुपये का दान दिया है.

# दानापुर नप के मुख्य पार्षद ने सवा करोड़ की लागत से 9 योजनाओं का किया उद्घाटन



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को नगर परिषद के वार्ड 18 में करीब साव करोड की लागत से 9 योजनाओं का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी , पार्षद आरती कुमारी व सशक्त समिति सदस्य के प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज कुमार यादव द्वारा नारियल फोड़कर तथा निर्माण स्थल पर लगाये गये शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया. मुख्य पार्षद ने कहा कि वार्ड 18 में पीसीसी सडक व नाला का उदघाटन किया गया है. शहर साफ व सुंदर बने. इसके लिए लगातार प्रयास जारी है. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व पार्षद प्रतिनिधि धीरज यादव ने कहा कि परिषद क्षेत्र के सभी 40 वार्डो का विकास ही हमारा लक्ष्य है . विकास के कार्यों में किसी भी हाल में कोताही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा. पार्षद प्रतिनिधि शशि कुमार ने कहा कि वार्ड में गली में सडक व जल निकासी के लिए नाला का निर्माण कराया गया है. जिससे बारिश में जल जमाव से लोगों को निजात मिलेगा. मौके पर पार्षद गोपाल प्रसाद ,सुनील कुमार , राजेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शमशेर कुमार , सुरेंद्र चौरसिया, मनोज मास्टर, नरेश कुमार , विजेंद्र कुमार , धर्मेंद्र यादव आदि लोग भी उपस्थित थे.

# रुकनपुरा में टेंट पंडाल की दुकान में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जल कर राख



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाने के रुकनपुरा विजयनगर स्थित लेन नंबर-6 में एक टेंट पंडाल की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया. आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका जताई जा रही है. बताया जाता है कि राजीव कुमार के टेंट पंडाल की है. आग लगने के दौरान दुकान में खड़ी एक बुलेट बाइक में भी आग लग गई. जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ. धमाके के साथ आग ने विकराल रूप धरण कर लिया और दुकान में रखे टेंट पंडाल से जुड़े सभी सामान, सोफा सेट, क्रॉकरी समेत अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई. आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 5 दमकल गाड़िया पहुंचीं. दमकल कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग का विकराल रूप को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने लोगों को दूर रहने की हिदायत दी और सुरक्षा व्यवस्था संभाली. रिहायशी इलाके में आग लगने के कारण प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया. समय रहते दमकल की गाड़ियों के पहुंचने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई.अगर आग बुझाने में थोड़ी भी देरी होती तो यह घटना और भयावह रूप ले सकती थी. आगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.दमकल विभाग के कर्मी पूरी तत्परता के साथ आग बुझाने में जुटे रहे. प्रशासन द्वारा आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है. अग्निकांड में दुकान मालिक राजीव कुमार को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

# अधपा निजामपुर में मतदाता अभिनंदन समारोह सह किसान चौपाल का आयोजन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र के अधपा निजामपुर में मतदाता अभिनंदन समारोह सह किसान चौपाल का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय मतदाता, किसान और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली. समारोह में पूर्व मंत्री श्याम रजक और बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे. वहीं रविस कुमार, देवेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, महेंद्र यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए. किसान चौपाल को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने आधुनिक खेती, उन्नत बीज, सिंचाई व्यवस्था और फसल बीमा योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है. पूर्व मंत्री श्याम रजक ने मतदाताओं और किसानों को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया. कार्यक्रम के अंत में किसानों, जीविका दीदियों और मतदाताओं का अभिनंदन किया गया. आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.



# विपक्ष अपने 15 साल के शासनकाल को देख ले- कृषि मंत्री रामकृपाल यादव





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के शेरपुर स्थित हाई स्कूल के प्रांगण में स्व.कृष्ण मुरारी शर्मा के पांचवी पूण्य तिथि मनाई गई। जिसमें सूबे के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक भाई वीरेंद्र, कुम्हार विधायक संजय गुप्ता, अरुण मांझी, बाल संरक्षण आयोग के सदस्या शीला प्रजापति, नगर परिषद मनेर अध्यक्ष विधाधर विनोद सिंह, पुर्व विधायक प्रो.सूर्यदेव त्यागी, निखिल आनन्द, पूर्व नप अध्यक्ष दानापुर अन्नु कुमारी, ई.अशोक कुमार सिंह, डॉ. सच्चिदानंद सिंह, रविरंजन शर्मा, हरवंश सिंह, अनिल सिंह आदि उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कृष्ण मुरारी बाबु अपने जीवन काल में लोगों के बीच मदद देने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके सामाजिक कार्यों को कभी भी नही भुलाया जा सकता है। उन्होंने गरीब व लाचार लोगों की सेवा के लिए ही जन्म लिए थे। उन्होंने जीवन के अंतिम समय तक गरीबों की सेवा करना अपना धर्म व कर्म समझा।बिहार के बढ़ते अपराध की घटनाओं पर विपक्ष के हमले पर खासकर राजद को आड़े हाथों लेते हुए राज्य के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि वे अपने शासनकाल के अपराध ग्राफ को देख लें।पहले अपने 15 साल के खाका को पढ़ें।आज कहीं भी अपराध हो रही है तो तुरंत कार्रवाई हो रही है साथ ही अपराधियों को भी उसी के स्टाईल में जवाब भी दिया जा रहा है। पूरी स्थिति बदल रही है कानून का राज के व्यवस्था में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री का साफ साफ कहना है कि किसी भी नियम या कानून के उल्लंघन को बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। वहीं विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि कृष्ण मुरारी बाबू को समाज सेवा में सबसे ज्यादा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए जाना जाता है। इस अतिपिछड़ा क्षेत्र में उन्होंने विद्यालय खोला और उसके लिए भूमि दान में दी। उनका पुस्तकालय भी आज भी चल रहा है। वहीं अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर भाजपा नेता रवि रंजन, अरुण कुमार सहित कई थे।

# सीपीआइएमएल के जुझारू नेता कामरेड पारस पासवान का निधन, पार्टी में शोक की लहर



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले के वरिष्ठ जुझारू समर्थक एवं संघर्षशील नेता कामरेड पारस पासवान का 14 दिसंबर 2025 को एनएमसीएच, पटना में हृदय गति रुकने से निधन हो गया. वह संपतचक प्रखंड के सोना गोपालपुर निवासी थे. उनके निधन से पार्टी और आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है. कामरेड पारस पासवान ने 1978 के दशक में भूमि सेना के दौर में दलित, गरीब और वंचित समुदायों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मजबूती से संघर्ष किया. उस समय जब दलितों को खटिया पर बैठने, कुआं और चापाकल का पानी पीने तक से रोका जाता था, तब उन्होंने सामंती ताकतों के विरुद्ध पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन और आंदोलन को मजबूत किया. निधन की सूचना मिलते ही पार्टी कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की. भाकपा माले के पालिका ब्यूरो सदस्य, पटना जिला कमेटी सचिव अमर, जिला कमेटी सदस्य एवं फुलवारी प्रखंड सचिव गुरुदेव दास, पटना जिला कमेटी सदस्य व धनरूआ सचिव अक्लू पासवान, संपतचक प्रखंड सचिव सत्यानंद कुमार सहित कई नेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया.

# बिहार ग्रामीण बैंक की समीक्षात्मक बैठक में मिला मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत का मार्गदर्शन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, पटना द्वारा होटल चाणक्या, पटना में बैंक की कुल उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रत्यय अमृत (मुख्य सचिव, बिहार सरकार) की गरिमामयी उपस्थिति रही। बीजीबी के अध्यक्ष श्री मुकुल सहाय ने मुख्य सचिव, श्री प्रत्यय अमृत का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष श्री मुकुल सहाय एवं उपस्थित सभी महाप्रबंधकगण द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष श्री सहाय ने बताया कि बिहार का अपना बैंक 'बिहार ग्रामीण बैंक' पूरे प्रदेश स्तर पर अपने सर्वाधिक कुल 2104 शाखाओ 26 नियंत्रक कार्यालय एवं 6500 से अधिक बीसी सेंटर्स के माध्यम से सुदुर क्षेत्रों तक लोगों को बैंकिग सुविधा प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि प्रत्यय अमृत द्वारा मुख्य रूप से सरकार प्रायोजित योजनाओं विशेषकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वालंबन हेतु स्वंय सहायता समूह (जीविका) के माध्यम से लखपति दीदी योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड पर चर्चा की गई। साथ ही, मुख्य सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि सामाज के अंतिम पायदान के लोगों तक ग्रामीण बैंक द्वारा सर्विसेज उपलब्ध कराया जाता रहा है। जिसके अन्तर्गत पूरे देश में सबसे अधिक बिहार में ही जन-धन खाते खोले गए है। इस अवसर पर मुख्य सचिव, बिहार सरकार, श्री प्रत्यय अमृत ने कहा कि विकसित भारत के सपना को सच करने हेतु के लिए बिहार का विकास आवश्यक है, इस कड़ी मे उनके द्वारा बिहार के औधोगिक विकास हेतु कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के बारे में भी बताया गया तथा यह भी कहा गया कि बिहार के विकास का रास्ता बैंकिग सेवा से ही होकर गुजरता है, जिसमे ग्रामीण बैंक की अहम भूमिका है।

## बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ महादलित-दलित बस्तियों में माले की बैठक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले के नेतृत्व में संपतचक प्रखंड के खैराटाली, सैदानीचक, डोमनाचक और दरियापुर क्षेत्रों में बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में बड़ी संख्या में महादलित, दलित एवं अत्यंत पिछड़ी जाति के लोगों ने भाग लिया. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछले 50 से 60 वर्षो से गरीब परिवार कैसर-ए-हिंद, भारत सरकार की जमीन पर बस्ती बनाकर रह रहे हैं. आरोप लगाया गया कि स्थानीय भू-माफियाओं के इशारे पर इन गरीब परिवारों को अतिक्रमणकारी बताकर हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उजाड़ने की कार्रवाई की जा रही है. हाल के दिनों में पूरे महादलित परिवारों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भारी दहशत का माहौल है. स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि सरकार को सड़क, नाली या अन्य जनहित के कार्य करने हैं तो वे सहयोग को तैयार हैं, लेकिन गरीबों की झोपड़ियां उजाड़कर जमीन भू-माफियाओं को देना अन्यायपूर्ण है. बैठक में वक्ताओं ने डबल इंजन सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था और पुनर्वास के गरीबों को उजाड़ना अमानवीय है. बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि बिहार में दलित-महादलित समुदायों की अनदेखी हो रही है और गरीबों की आवाज दबाई जा रही है. उपस्थित लोगों ने बुलडोजर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित पुनर्वास देने की मांग की.

# युवाओं के संकल्प से भारत विश्वगुरु तक : संजय कुमार झा






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फ्रेजर रोड स्थित यूथ हॉस्टल से गांधी मैदान के गांधी मूर्ति स्थल तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया. यह यात्रा अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन के बैनर तले निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं और नागरिकों ने भाग लिया. यात्रा को एनजीओ हेल्पलाइन सूचना शक्ति के संस्थापक-निदेशक, अर्थशास्त्री एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट पंडित संजय कुमार झा ने झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जागरूक, ईमानदार और संकल्पबद्ध युवाओं से बनेगा. युवा यदि नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता. प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी विचारक प्रेम जी ने कहा कि विकसित भारत की नींव आत्मनिर्भरता पर टिकी है. गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और सेवा के विचार आज भी मार्गदर्शक हैं. कार्यक्रम के अंत में गांधी मूर्ति स्थल पर युवाओं ने विकसित, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण का संकल्प लिया. यात्रा के दौरान 'जय भारत', 'जय युवा शक्ति' और 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल देशभक्ति से गूंज उठा. इस अवसर पर युवाओं के साथ प्रेम यूथ फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक सुश्री प्रेरणा विजय, निदेशक देवानंद कुमार ,प्रोग्राम ऑफिसर रवि प्रकाश, आलोक कुमार, एनजीओ हेल्पलाइन के समन्वयक अमृत राज, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के आरती मिश्रा, सपना, अनुराधा कुमारी, अरविंद महिला महाविद्यालय की नेहा, ज्योति, अंजू, श्यामली, जेडी विमेंस कालेज की स्नेहा ठाकुर, स्नेहा पटेल, जया पाठक, एस के एम वी कॉलेज, फतुहा के सोनू कुमार यादव, अंकित कुमार यादव, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, आरती कुमारी , सिमरन कुमारी, मोहित मेहता, संदीप कुमार यादव, दीपक कुमार, हर्ष भारती, सन्नी कुमार, राहुल कुमार यादव, रामलखन सिंह यादव कालेज के राहुल, विशाल कुमार समेत हजारों युवाओ ने भाग लिया .

# बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ की 50 वर्षगांठ पर गोल्डन जुबली मनाया



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ का 50वर्षगठ पर गोल्डन जुबली सामारोह डीएसओएम क्लब में रविवार को धूम धाम से मनाया गया. समारोह का उदघाटन बीआरसी के कमांडेट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा व बिहार व झारखंड सब एरिया के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर अमित बेदी , संघ के सरंक्षक सह सेवानिवृत ब्रिगेडियर एके यादव व सेवानिवृत कर्नल ओम प्रकाश , कर्नल वेटरन कर्नल हिमांशु तिवारी व संघ के प्रदेश अध्यक्ष लेफ्टिनेंट नंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर ब्रिगेडियार अमित बेदी ने कहा कि सेना में रहकर देश की सेवा किया और आगे भी अच्छे कार्य करेंगे. उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों देश सेवा की समर्पण भावना से किया है. इसके लिए पूर्व सैनिकों को बधाई देता हूं. ब्रिगेडयार राकेश कुमार बोरा ने कहा कि पूर्व सैनिकों अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए आदम्य, साहस व वीरता के साथ सेवा किया है. सेवानिवृत ब्रिगेडियर एके यादव ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने सैनिक के रूप में देश की रक्षा करते हुए अपने देश का नाम रोशन किया है. उनकी त्याग व बलिदान को कभी देश नही भूला सकता है. अतिथियों का संघ के प्रदेशाध्यक्ष एनके सिंह ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया. श्री सिंह ने संघ के बारे कहा कि 27 फरवरी 1975 को लांश नायक अब्दुल रसीद ने संघ की स्थापना किया गया था संघ के करीब 50 हजार से अधिक सदस्यों है. उन्होंने कहा कि संघ द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के संबंधित सैन्य अधिकारियों से मिलकर उनका निदान कराया जाता है.संघ के महासचिव अश्विनी कुमार ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है. संगठन मंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वीर नारियों व पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए संघ द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन किया.संघ की ओर से सूबे के विभिन्न जिलों से आये पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को सम्मानित किया गया है. संघ के संरक्षक कर्नल ओमप्रकाश,उपाध्यक्ष आर एन उपाध्याय, आर एन सिंह, प्रदेश मिडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये . मंच संचालन वकील रामाकांत झा ने किया . इससे पूर्व सैन्य अधिकारी व संघ ने दो मिनट मौन रखकर शहीदों सैनिकों को नमन किया. मौके पर सुबेदार मेजर राम नाथ सिंह ,सुबेदार मेजर राम प्रवेश सिंह, संतोष कुमार चौधरी, ,औनरी कैप्टन एस एन सिंह, आर डी सिंह, बरूण कुमार चौधरी समेत पूर्व सैनिक व वीर नारी मौजूद थे.

# नुक्कड़ नाटक में गुटखा-खैनी से दूर रहने की दी गई नसीहत





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के तहत महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे द्वारा निर्देशित नाटक 'गुटखा-खैनी से रहे दूर' का प्रभावशाली मंचन वाल्मी, फुलवारी शरीफ में किया गया. नाटक की शुरूआत अमन राज के स्वरबद्ध गीत- कहनवा मा न2 ए भईया छोड़ी द न2 खैनी जर्दा पानवा, कहनवा मा न2 ए सईया'-से हुई, जिसने दर्शकों का ध्यान तुरंत आकर्षित किया. नाटक की कथा में दिखाया गया कि एक छात्र कॉलेज जीवन में गलत संगत में पड़कर गुटखा, पान, सिगरेट और खैनी की लत का शिकार हो जाता है. कुछ समय बाद उसके जबड़े में फुंसी जैसी गांठ उभरती है. दंत चिकित्सक से जांच कराने पर प्रारंभिक स्तर के कैंसर के लक्षण सामने आते हैं. आगे जांच में डॉक्टर ओरल कैंसर की पुष्टि करते हैं और बताते हैं कि यह तंबाकू, गुटखा, पान, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से होता है. इलाज के दौरान ऑपरेशन, लगातार दवाइयां और रेडिएशन थेरेपी के बाद उसकी स्थिति नियंत्रित होती है. स्वस्थ होकर घर लौटने पर वह अपने मित्रों से अपील करता है कि उसे बड़ी मुश्किल से नई जिंदगी मिली है, इसलिए वह जीवन भर नशे से दूर रहेगा और दूसरों को भी इससे बचने की सलाह देता है, क्योंकि इससे जान भी जा सकती है. नाटक में महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, कामेश्वर प्रसाद, सौरभ, अमन, करण, प्रमोद, रोहित, अंजनी कुमार वर्मा एवं देव दर्शन ने सशक्त अभिनय किया. कार्यक्रम के माध्यम से तंबाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रभावी संदेश दिया गया.

## संक्षिप्त समाचार

### नब्बे बोतल शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने गस्त के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर शनिवार की रात्रि को बाइक सवार शराब कारोबारी को 90 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया उक्त कारोबारी की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बेला जितपुर गाँव निवासी राजकिशोर राय पिता लखन राय के रूप मे किया गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### बाइक चोर के घर जितना पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आठ साल से फरार चल रहे बाइक चोरी के मामले मे अभियुक्त के घर जितना पुलिस द्वारा इस्तेहार चिपकाया गया 2017 में घोड़ासहन के तीन बाइक चोर जितना थाना क्षेत्र के रेगनिया से शिवपुजन राय का बाइक चोरी किया था। मामले में तीनो चोरो की जितना पुलिस अब तक खोज में जुटी है तीनो चोर घोड़ासहन के डोमटोली का संजय मलिक, लक्ष्मी मलिक तथा छोटाई मलिक हैं जानकारी देते हुए जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि इस्तेहार के बाद कुर्की जप्ती की करवाई हो सकती है।

### 2.88 लाख का गांजा जब्त,तस्कर गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस ने शनिवार की देर रात गदियानी भंगहा के पास वाहन जांच अभियान चलाया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि इसी दौरान नेपाल की ओर से एक संदिग्ध एक बैग लेकर बाइक से आते दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही भागने लगे। पीछा कर पकड़ा गया। उन्होने बताया कि जांच के दौरान बैग से 7.200 किलो गांजा एंव बाइक को जब्त कर लिया गया। वहीं तस्कर की पहचान  नेपाल के बलुआ गांव के गनपत मुखिया के रूप में हुई। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।



### गर्भवती महिला से मारपीट, पति ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रकाश नगर मुहल्ले में एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट करने की घटना घटी है। मामले में महिला के पति प्रकाश नगर मुहल्ला निवासी सोनू कुमार सोनी ने शिकारपुर थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसकी पत्नी गर्भवती है। वह घर पर थी, रात में सूरज कुमार सोनी उसके घर में घुस गया और उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा और मारपीट की। पत्नी द्वारा शोर मचाने पर मुहल्ले के लोग इकठ्ठा हो गए। जिसके बाद आरोपी युवक ने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इधर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल करते हुए अग्रेत्तर करवाई की जाएगी।

### मनरेगा से पेड़ कटाई को लेकर सीओ से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनवरिया पंचायत के अंजुवा गांव में मनरेगा द्वारा लगाए गए पेड़ो की कटाई का मामला सामने आया है। अजुआ खेल मैदान और उसके नजदीक सड़क पर लगे पेड़ों को अज्ञात लोगों द्वारा काटने को लेकर लोगो ने सीओ से शिकायत की है। ग्रामीण विकाश कुमार,नौशाद आलम, चंदन यादव, विशाल कुमार, संदीप कुमार और औरंगजेब आलम आदि ने बताया है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिसकी सूचना अंचलाधिकारी के दूरभाष पर भी दिया गया है। ग्रामीणों ने तत्काल इस पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जदयू सदस्यता अभियान की शुरूआत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रभात रंजन सिंह ने बाल्मीकिनगर के पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, पूर्व सांसद कैलाश बैठा और अन्य नेताओं के साथ सदस्यता अभियान की शुरूआत की। अभियान 15 जनवरी तक पंचायत स्तर पर चलाया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात रंजन सिंह ने सभी कार्यकताओं से पार्टी की सदस्यता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान पार्टी के वरीय नेताओं द्वारा कार्यकारी अध्यक्ष को सम्मानित किया गया।

### मंटफर्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंटफर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीटर गोबियस और सम्मानित अतिथि ब्रदर सतीश के. डॉन व ब्रदर जॉनसन वी. जॉर्ज उपस्थित थे। प्रार्थना गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूल के बच्चों ने छठ पूजा और होली उत्सव पर नृत्य संगीत प्रस्तुत किया, जिसे अतिथियों ने सराहा।

### स्वदेशी सामान के उपयोग से मजबूत होगा देशः सांसद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि स्वदेशी सामान के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बड़े उद्योग लगेंगे, और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने रोजमर्रा के सामान स्वदेशी ही खरीदें, जिससे भारत को विकास और आत्मनिर्भरता मिले। इस अवसर पर मंत्री नारायण प्रसाद और विधायक संजय कुमार पांडेय ने भी स्वदेशी सामान के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के बाद भाजपा नेताओं ने दुकानदारों को स्वदेशी सामान बेचने के लिए प्रेरित किया और इसके फायदे के स्टीकर चिपकाए। मौके पर पूर्व विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, आनंद सिंह, रवि सिंह, जनक साह, मंकेश्वर दुबे, नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ‘बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ का सपना हो रहा साकार

**सारण की बेटी सोनम बनी राष्ट्रीय खिलाड़ी●कोच के साथ जोधपुर रवाना हुई सोनम**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**छपरा (सारण)।** ‘अगर हौसले बुलंद हों और सही मार्गदर्शन मिले, तो गांव की बेटियां भी राष्ट्रीय फलक पर चमक सकती हैं।’

इस कथन को सारण जिले की बेटी सोनम कुमारी ने सच कर दिखाया है। गड़खा प्रखंड अंतर्गत साधपुर गांव निवासी शिक्षक रविंद्र कुमार व गृहिणी सरस्वती देवी की पुत्री सोनम कुमारी का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अंडर-19 गर्ल्स सेपक टकरा चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 22 दिसंबर तक राजस्थान के जोधपुर में आयोजित की जा रही है। मुनीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छपरा में 11वीं कक्षा की छात्रा सोनम ने अपने खेल जीवन की शुरूआत एथलेटिक्स से की थी। वह 800 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप की खिलाड़ी रह चुकी हैं। छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में अभ्यास के दौरान उनकी फुर्ती, संतुलन और जुझारूपन ने जिला सेपक टकरा संघ के सचिव सह कोच तरुण कुमार सिंह का ध्यान आकर्षित किया। कोच के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में सोनम ने सेपक टकरा जैसे चुनौतीपूर्ण खेल को अपनाया और लगातार अभ्यास के दम पर तेजी से आगे बढ़ती गईं। जिला सेपक टकरा संघ के सचिव सह कोच तरुण कुमार सिंह ने बताया कि बिहार की 20 सदस्यीय टीम में शामिल सोनम सारण जिला ही नहीं, बल्कि पूरे प्रमंडल की इकलौती खिलाड़ी हैं। उनका चयन जिले और प्रमंडल के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में नए खेल को लेकर थोड़ी झिझक जरूर थी, लेकिन अनुशासन, आत्मविश्वास और कठोर परिश्रम ने सोनम को मजबूती दी। एसजीएफआई जिला स्तर पर चयन के बाद बेगूसराय में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सारण की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें सोनम का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन बिहार टीम में हुआ। जिला सेपक टकरा संघ की अध्यक्ष तनुजा विकास सिंह ने बताया कि सोनम नियमित रूप से भागवत विद्यापीठ के खेल मैदान में अभ्यास करती रहीं। उन्होंने कहा कि सोनम की उपलब्धि ‘बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ अभियान को धरातल पर साकार करने का सशक्त उदाहरण है और यह ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। जोधपुर रवाना होने से पूर्व भागवत विद्यापीठ के प्राचार्य अमरेंद्र कुमार सिंह, जिला सेपक टकरा संघ की अध्यक्ष तनुजा विकास सिंह, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, सारण जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव चंद्र शेखर सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रस्तोगी, योग प्रशिक्षिका सलोनी कुमारी सहित कई खेल पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने सोनम को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है। बहरहाल, सारण ही नहीं, पूरा बिहार अब अपनी इस बेटी से राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हुए है।

## कोटवा अंचल सह प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा : सत्येंद्र कुमार मिश्रा



**मोतिहारी /कोटवा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा अंचल एवं प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है । रोज विभिन्न लाभकारी योजनाओं एवं दाखिल, परिमार्जन के नाम पर बड़े पैमाने पर लोगों से रिश्वत वसूला जा रहा है। पदाधिकारी के संज्ञान मे आने के वाबजूद इस पर रोक नहीं लगाई जा रही है। जो काफी चिंता का विषय है। उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कोटवा लोकल कमिटी के बैठक को कार्यालय मे संबोधित करते हुए पार्टी जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने कही ।श्री मिश्र ने इसके लिए आगामी वर्ष के प्रथम माह में ही चरमबद्ध आंदोलन करने का आह्वान पार्टी कार्यकताओं से किया।बैठक को संबोधित करते हुए लोकल कमिटी के मंत्री सुधांशु कुमार शेखर ने कहा कि प्रखंड के किसानों के कृषि कार्य संपन्न करने वास्ते कृषि विभाग के द्वारा खाद ,बीज का सहूलियत से वितरण नहीं होना चिंताजनक है। साथ विगत दिनों वर्षा से नष्ट फसलों का मुआवजा अभिलंब भुगतान करने का मांग श्री शेखर ने सरकार से की।

## विशुनपुरा कला में जन सुराज पार्टी की समीक्षा बैठक में आगामी चुनावी रणनीति व संगठन मजबूती पर मंथन



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुरा कला गांव में रविवार को जन सुराज पार्टी की विगत दिनों संपन्न हुई विधानसभा चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पिछले चुनावों के अनुभवों की समीक्षा कर संगठनात्मक मजबूती व आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में जन सुराज पार्टी नेता विकास कुमार सिंह के साथ पार्टी के शीर्ष कमान द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य नगरनारायण कुशवाहा, सारण जिला अध्यक्ष बच्चा राय, एकमा विधानसभा प्रभारी असरफ रजा खान, अभिषेक महराज, महासचिव संजय सिंह, लहलादपुर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में प्रखंड, पंचायत व बूथ स्तर के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर विगत विधानसभा चुनावों को लेकर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क की स्थिति, बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका और चुनावी परिणामों के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही भविष्य में संगठन को और सशक्त बनाने, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि समीक्षा बैठक का उद्देश्य केवल पिछली कमियों की पहचान करना नहीं, बल्कि उनसे सीख लेकर आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। बैठक में संगठनात्मक एकता व अनुशासन को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया। बैठक का समापन पार्टी के विस्तार व जन सुराज के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने के आह्वान के साथ किया गया।

## कर्ज के बोझ से दबे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में कर्ज के बोझ तले दबे व महाजन के दबाब से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना शनिवार की रात उसके कमरे में घटी है। घटना की खबर मिलते ही चिरैया पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक उक्त गांव निवासी राजेन्द्र साह का सबसे छोटा पुत्र दीपक जायसवाल उर्फ प्रदीप जायसवाल है। जो महाजन के कर्ज से परेशान था। उसकी इसी वर्ष जून महीने में शादी हुई थी। जानकारी देते हुए मृतक की पत्नी कोमल कुमारी ने बताया कि उसके पति अपने बड़े भाई अखिलेश जायसवाल के साथ मिलकर व्यवसाय किया था। लेकिन बड़े भाई ने धोखा देकर पूंजी हड़प लिया और इन्हें अलग कर दिया। व्यवसाय को चलाने के लिए उनके पति और भैंसुर ने महाजन से कर्ज लिया था। जिसे लौटाने से भैंसुर इंकार कर गए थे। इधर कुछ दिनों से महाजन के रुपए वापसी के दबाब से वे काफी परेशान चल रहे थे। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि अत्यधिक शराब पीने के कारण पति -पत्नी के बीच विवाद हुआ था। जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली है। जो पुलिस के लिए गहन जांच का विषय है। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। घटना के बाद से मृतक की पत्नी कोमल कुमारी, मां शांति देवी व पिता राजेन्द्र साह का रो रो कर बुरा हाल है। इन लोगों पर बार बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन पत्र नही दिया गया है। आवेदन पत्र मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### ठेकेदार पर गोली चलवाने के मामले में निखिल की तलाश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ठेकेदार नागेन्द्र प्रसाद पर गोली चलवाने के मामले में पुलिस आदर्श कॉलोनी निवासी निखिल सिंह की तलाश कर रही है। न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट मिलने के बाद पुलिस ने निखिल  के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन छापेमारी की सूचना लीक होने पर निखिल फरार हो गया। इसके पहले, पुलिस ने अभिषेक राय को एक अन्य ठेकेदार जितेंद्र सिंह हत्या मामले में धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। नागेन्द्र प्रसाद पर हमला 18 फरवरी 2024 को हुआ था, जब दो अपराधियों ने उन्हें गोली मारी। पुलिस के मुताबिक, हमले का कारण यह था कि नागेन्द्र ने 67 करोड़ रुपये के टेंडर में हिस्सा लिया था, जिससे कुछ लोग नाराज थे।

## पुलिस ने देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दीपही गांव में छापेमारी कर तीन अपराधियों को एक देशी कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि गत 12 दिसंबर की देर रात को थाना क्षेत्र के दीपही गांव में चोरों ने उक्त गांव निवासी स्व. जोधा राय के पुत्र प्रमोद यादव उर्फ छेनी राय के घर से पचास हजार रुपए नगद और लाखों रूपए मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली थी। इसी मामले में पुलिस ने इन तीनों अपराधियों के घर छापेमारी की। इस दौरान इन युवकों के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जिसे पुलिस ने जब्त कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सामान को बरामद करने व उसके एक अन्य साथी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के दीपही गांव निवासी मनोज प्रसाद यादव के पुत्र मनीष कुमार (22 वर्ष), हीरालाल राय के पुत्र मनदीप कुमार व बलिराम राय के पुत्र करण कुमार के रूप में हुई है।

## जमीयत उलमा-ए-हिंद की पहलः रक्सौल में 125 जरूरतमंदों को कंबल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद, रक्सौल इकाई ने अल-फातिमा एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से रविवार को शहर के कौड़ीहार रोड स्थित बबीता मैरेज हॉल में कंबल वितरण एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना कमरुज्जमा मजाहिरी ने की। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस राहत कार्यक्रम में सूचीबद्ध 125 आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच गर्म कंबलों का वितरण किया गया। जमीयत उलमा-ए-हिंद, रक्सौल के सचिव मुफ्ती ज्याउल हक कासमी ने बताया कि संस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जमीयत समाज के हर वर्ग तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

## राष्ट्रव्यापी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी अपनाने का संकल्प



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के  कचहरी चौक पर रविवार को राष्ट्रव्यापी आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करने के साथ  आयातित वस्तुओं की जगह देशी विकल्प अपनाने, घर, काम और समाज में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने, गाँव, किसान तथा कारीगरों का समर्थन कर स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने, युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने, नई पीढ़ी तक इसका महत्व पहुँचाने, पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने, पर्यावरण के प्रति सजग रहकर स्वदेशी और प्रकृति - अनुकूल उत्पादों का प्रयोग करने और देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देने सम्बंधी स्वदेशी संकल्प-पत्र भर कर किया। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि आज अमेरिका अपनी ताकत दिखाता है तो हम भी अमेरिका की बराबरी में खड़े हैं। अमेरिका या किसी भी अन्य देश के सामान नहीं खरीदेंगे। हम दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी में स्वदेशी को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए आज से पूरे देश में स्वदेशी संकल्प लेना है और अपने दैनिक उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी को अपनाना है। गौरतलब है कि राष्ट्रव्यापी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आज से जिला भर में मंडल स्तर पर सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में स्टॉल लगा कर स्वदेशी का संकल्प- पत्र भरवाना है। वहीं 16 से 29 दिसंबर 09 दिनों तक विशेष अभियान चला कर प्रति विधानसभा सौ बूथों के माध्यम से हर घर संपर्क कर आत्मनिर्भर भारत का साहित्य वितरण के साथ स्वदेशी का संकल्प-पत्र भरवाना और ‘हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी’ का स्टिकर लगाना है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर भाजपा डॉ० लालबाबू प्रसाद, वरीय चिकित्सक डॉ० आशुतोष शरण, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, मीडिया सह प्रभारी सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ट अब्दुल कलाम, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बब्लू पासवान, आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा, जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ट धर्मेंद्र कुमार, निगम पार्षद संघ के अध्यक्ष संजू कुमार निषाद, अमरजीत यादव, योगेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, उत्तम मिश्रा, सनी सिंह, कौशल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने की चंपारण की कला और संस्कृति की सराहना





**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संस्कार भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय भोजपुरिया कला हाट के समापन समारोह में अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति को अपने विशेष गुणों और क्षमताओं के साथ विकास करने का अधिकार है। उन्होंने जीवन के उद्देश्य और मानवता पर बल देते हुए कहा कि जब तक हम केवल अपनी खुद की भलाई के बारे में सोचते हैं, तब तक हम अपने जीवन के असली उद्देश्य को नहीं समझ सकते। राज्यपाल ने यह भी कहा कि दूसरों के कल्याण के लिए काम करने वाला ही सच्चा नायक बनता है। उन्होंने चंपारण की समृद्ध कला, संस्कृति और विरासत को सराहा और इसे पावन भूमि करार दिया। राज्यपाल ने समारोह के दौरान चंपारण के हस्तशिल्प, मधुबनी पेंटिंग और थरुहट के जीविका समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। कारीगरों ने राज्यपाल को अपनी कलाकृतियों के लिए बाजार की आवश्यकता की बात बताई, जिसे राज्यपाल ने ध्यान से सुना और इस दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कला और कारीगरों की मेहनत को महत्व देते हुए इसे वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही। राज्यपाल ने इस दौरान ईश्वर शांति विधि महाविद्यालय का आभासी उद्घाटन किया और इसका शिलापट् अनावरण किया। यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा देगा, और इस पहल से क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही,

**उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किए व्यक्ति**

कला, चिकित्सा, समाजसेवा, साहित्य, पर्यावरण संरक्षण और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 से अधिक व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इन सम्मानित व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कारण बने हैं। कार्यक्रम में सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक संजय कुमार पांडेय, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रविशंकर जी, संस्कार भारती के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. दीवाकर राय, सत्येंद्र शरण, शबा खानम, कुंदन शांडिल्य, समेत अन्य भी मौजूद थे, जिन्होंने राज्यपाल के साथ कार्यक्रम की सफलता की सराहना की और चंपारण की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए संस्कार भारती के प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## 71 वीं वाहिनी एसएसबी मोतिहारी ने बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलदरवा स्थित 71 वीं वाहिनी एसएसबी, मोतिहारी के द्वारा बॉर्डर यूनिटी रन का भव्य आयोजन किया गया । बॉर्डर यूनिटी रन के तहत वाहिनी के कार्यक्षेत्र में 05 स्थानों पर तीन-तीन किलोमीटर तथा एक स्थान पर मेगा इवेंट के रूप में 5 किलोमीटर के दौर  का आयोजन किया गया साथ ही इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्रों में राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना, स्थानीय समुदायों में जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं में देशभक्ति एवं शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था । आयोजन में मुख्य अतिथि हरपुर पंचायत  के मुखिया सुमेर प्रसाद , सरपंच तेजमुलाह अंसारी , बेलदारवा के सरपंच महताब आलम श्यामपुर के मुखियापति रामचंद्र प्रसाद  71 वीं वाहिनी सी  कंपनी एसएसबी, बेलदारवा मठ के सहायक कमांडेंट आकाश यादव तथा  ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को शॉल तथा स्मृति चिह्न दे कर सहायक  कमांडेंट महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। 71वीं वाहिनी के सहायक  कमांडेंट श्री आकश यादव ने सशस्त्र सीमा बल के 62 वर्ष के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए बताया की सन- 1963 में 'स्पेशल सर्विस ब्यूरो' के रूप में इस बल की स्थापना की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य सीमा पर रहने वाले लोगों को संगठित करना, उन्हें आत्मरक्षा और बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देना तथा किसी भी आपात स्थिति में तैयार रखना था। 1999 में कारगिल युद्ध के बाद 2001 में स्ट गृह मंत्रालय के अधीन आया तथा इसे भारत-नेपाल और भारत-भूटान की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया तथा इसका नाम बदलकर ‘सशस्त्र सीमा बल’ कर दिया गया कसहायक कमांडेंट महोदय ने आगे बताया की यह दौड़ एक संदेश देती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, हम एक साथ हैं, हम मजबूत हैं, और हम राष्ट्र की एकता के प्रहरी हैं।

CMYK

## एक नजर

### कासमा से किशोर लापता, परिजन परेशान

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कासमा गांव से राशिद तनवीर का 14 वर्षीय पुत्र वकाश तनवीर शनिवार सुबह से ही लापता है। जिसे परिजन काफी खोजबीन कर रहे हैं। इस सम्बंध में युवा राजद जिला प्रधान महासचिव तारिक इमाम ने बताया कि वकाश शनिवार को सुबह घर से निकला। जब काफी देर हो गया तो परिजन खोजने लगे। संभावित सभी जगहों पर खोज लिया लेकिन नहीं मिला। घर से निकलते समय ब्लू डेनिम जैकेट, ग्रे कलर का ट्राउजर और काला जुता पहना था। इस संबंध में थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### छह वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना द्वारा औरंगाबाद न्यायालय के आदेश पर छह वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षित डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत हुई थी, उसी के आलोक में कर्मा मसूद निवासी मृत्युंजय कुमार, कलाली रोड निवासी विनोद कुमार, ढोसीला खुर्द निवासी रमेश प्रसाद, गांधी टोला निवासी निवासी राजनाथ डॉम, अमरपुरा पश्चिम निवासी संजय यादव, देवनारायण यादव को घर से गिरफ्तार कर औरंगाबाद न्यायालय में भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** सलैया थाना क्षेत्र के महुलान मोड़ के समीप शनिवार की देर रात एक अज्ञात ट्रैक्टर व बाइक के बीच टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। घायल बाइक चालक की पहचान महुलान निवासी सत्येन्द्र कुमार के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ग्रामीणों व परिजनों के सहयोग से इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सत्येन्द्र के नानी की मौत गई थी। अपनी मां को लेकर रफीगंज के चरकावां अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था, तभी उस जगह हादसे का शिकार हो गया। चिकित्सकों ने बताया कि युवक के सिर में गंभीर चोटे आई है। घायल सत्येन्द्र की मां मुन्निया देवी ने बताया कि मां के निधन की समाचार पाकर बेटे के साथ मायके जा रही थी। इसी क्रम में उस जगह अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया।

### नाली निर्माण न होने से हो रही परेशानी

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण प्रखंड के छक्कन बिगहा स्थित वार्ड सं-१० में नाली निर्माण न होने से इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है। बता दें कि वार्ड में करीब ९० घर है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिडी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो गया है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क। देखने में सड़क की स्थिति खोत जैसी लगती है। नागरिक रामकेश्वर सिह, यदुनंदन सिह, तपेश्वर सिह ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन १०० से अधिक परिवार के लोग आवागमन करते हैं। संपर्क पथों को जोड़ने वाली यह सड़क अब गड्ढों और कीचड़ से भर चुकी है। सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलते समय जमीन पर पैर रखने के लिए जगह तलाशते नजर आते हैं। खासकर स्कूली बच्चों और महिलाओं को इस सड़क से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

### पेंशनर्स दिवस मनाने को लेकर बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** पेंशनर्स दिवस मनाने की तैयारी को लेकर हसपुरा हाइस्कूल के समीप लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय के सभाकक्ष में बिहार पेंशनर समाज के सदस्यों की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता परशुराम शर्मा ने की। जबकि संचालन सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पेंशनर्स दिवस मनाने पर विस्तार से सभी सदस्यों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा पेंशनर्स दिवस पखवारा के रूप मनाने का प्रक्रिया चल रहा है। जिसे लेकर 28 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पेंशनरों को अंगवस्त्र से सम्मानित करने व संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने के साथ आर्थिक सहयोग करने पर भी चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित कुलदीप चौधरी, हृदयानंद सिंह, मो. एकरामुल हक,कामेश्वर सिंह, मधेश्वर प्रसाद, राम परीखा सिंह, जयराम प्रसाद, रामबचन राम, अंबिका प्रसाद सिंह ने पेंशनर दिवस की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा ऐतिहासिक रूप से पेंशनर्स दिवस समारोह मनाया जाएगा।जिसमें जिला से पेंशनर समाज के कई सदस्य शामिल होंगे।

### चोरी का सामान बरामद, चोर गिफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नबिटा संवाददाता।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के पराधी गांव में हुए चोरी का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पराधी गांव में कुछ दिन पूर्व चोरी की घटना घटी थी। जिसमें टेहटा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने गांव के ही एक नाबालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में एक नाबालिक एवं दो अन्य लोगों में गांव निवासी सूर्यकांत कुमार एवं नागेंद्र कुमार शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों से जब पुलिस ने पूछताछ किया तो उनलोगो ने अपना दोष स्वीकार करते हुए बताया कि वे लोग चोरी का बर्तन जहानाबाद स्थित हाट पर एक दुकान में बेचा है। जिसके बाद पुलिस ने जहानाबाद स्थित हाट पर बर्तन दुकान से छापेमारी कर चोरी का बर्तन बरामद कर लिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की भनक लगते ही बर्तन दुकानदार भागने में सफल रहा, उन्होंने बताया कि मामले में अन्य लोगों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की कवायद

## जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्रों व आवासीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा शनिवार की रात्रि को सभी वरीय पदाधिकारियों के माध्यम से रेफरल अस्पतालो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावासो का औचक निरीक्षण कराया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार एवं वरीय उप समाहर्ता, नेहा द्वारा संयुक्त रूप से काको प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी मे अवस्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया गया, जबकि अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण, राजीव कुमार द्वारा रेफरल अस्पताल, घोसी का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम तेज नारायण राय द्वारा रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शकुराबाद का किया गया निरीक्षण किया गया। निदेशक, डी.आर.डी.ए., रोहित कुमार मिश्रा द्वारा रेफरल अस्पताल, मखदुमपुर का, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सुजीत कुमार सिन्हा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, काको , जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हुलासगंज का, जिला कल्याण पदाधिकारी, श्री संजय कुमार द्वारा कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, जहानाबाद, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी आकांक्षा गुप्ता द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर छात्रावास, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी, हुलासगंज, स्वाति कुमारी एवं अंचल अधिकारी, हुलासगंज द्वारा संयुक्त रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हुलासगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोसी सरिता कुमारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घोसी, अंचल अधिकारी, घोसी द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, घोसी , प्रखंड विकास पदाधिकारी, मखदुमपुर मृत्युंजय कुमार एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मखदुमपुर द्वारा संयुक्त रूप से कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, टेहटा, मखदुमपुर , प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, काको, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, शकुराबाद, रतनी फरीदपुर, अंचल अधिकारी, मोदनगंज द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओकरी, मोदनगंज , प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मोदनगंज द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बंधुगंज, मोदनगंज का औचक निरीक्षण जिला पदाधिकारी द्वारा दिये गए दिशा निर्देश के अनुरूप किया गया। जिला प्रशासन ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि सरकार के द्वारा जो व्यवस्थाएं बनाई गई हैं एवं जो भी संस्थान संचालित है उनका नियमबद्ध संचालन हो ,इसे सुनिश्चित कराया जाएगा एवं इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शनिवार की रात्रि में किए गए औचक निरीक्षण में जिनके स्तर से भी लापरवाही दृष्टिगोचर होगी उन पर गाज गिरनी तय है। जांच पदाधिकारियों के द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन का संकलन एवं समीक्षा किया जा रहा है एवं यदि जांच में संस्थानों में पदस्थापित/ प्रतिनियुक्त / संबंधित कर्मियों के स्तर से लापरवाही प्रतीत होती है ,तो उस स्थिति ने दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत दंडात्मक/ अनुशासनात्मक कार्यवाई अध्यारोपित की जाएगी।

## एकल अभियान के पांच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण का समापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा मुख्यालय स्थित चौरसिया सामुदायिक भवन में चल रहा एकल अभियान का वार्षिक पांच दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष प्रोफेसर रामाधार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन अभियान के पंडित आनंद सिंह ने किया। समापन अवसर पर अध्यक्ष प्रोफेसर रामाधार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के माध्यम से भारत राष्ट्र की एकता और अनुशासन को सुदृढ़ कर विश्व गुरु बनने की दिशा में एकल अभियान का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने संस्कार शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संचय और ध्वनि प्रदूषण जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में पर्यावरण को शुद्ध और सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि एकल अभियान के अंतर्गत शिक्षा के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है, जिसे और बेहतर ढंग से सजाने और संवारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान एकल सदस्यों की ओर से उपस्थित अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 37 आचार्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समाजसेवी बद्री प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया रामसेवक प्रसाद, जयसवाल रामलाल सिंह, आनंद किशोर पाण्डेय, विनोद प्रसाद नाग, विपिन कुमार, सिकंदर नाग, बीरू नाग, अजीत कुमार, डॉक्टर बद्री प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## औरंगाबाद-गोह डेंटल पार्क अस्पताल के उद्घाटन समारोह में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित कुशवाहा मार्केट में शनिवार को नवनिर्मित डेंटल पार्क अस्पताल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रालोमो अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सह राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा तथा गोह विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित राजद विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने लोगों को बताया कि इस तरह का डेंटल अस्पताल संचालित होने से गोह प्रखंड क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत हुई है। यहां के लोगों को गया, पटना, बनारस जैसी बड़ी शहर सीटियों में अपने दांत, गला व मुख से संबंधित घातक रोगों के इलाज के लिए जाना पड़ता था।उनकी सुविधाओं को लेकर डेंटल पार्क का उद्घाटन किया गया है। वहीं डेंटल पार्क के दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ सुमन कुशवाहा एवं डॉ कुमारी शालिनी ने बताया कि यहां दांत गला व मुख से संबंधित बीमारियों का लाइलाज होता है। सड़े गले दांतों का इलाज मशीनरी यंत्र के द्वारा रोगियों को सुलभ एवं सरल उपचार किया जाता है। इस मौके पर रालोमो जिला अध्यक्ष अशोक मेहता,ओबरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अजय कुशवाहा,राजद नेता श्याम सुंदर, मुकेश कुशवाहा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा,हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, दाउदनगर अध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, गुड्डू कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, राकेश रोशन, कृष्ण मेहता, प्रिंस कुशवाहा, सुभाष वर्मा, पंसस मनीष कुशवाहा, निरंजन चंद्रवंशी, इंदल चंद्रवंशी, विकास कुमार यादव सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## सातवां वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप वेतनमान प्राप्त करना पहला उद्देश्य




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड चित्रगुप्त सभागार में रविवार को बीपीएससी चयनित विद्यालय अध्यापकों का संगठन ऑल बिहार टीचर्स एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें जिला के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में जिला स्तरीय इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऑल बिहार टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह थे। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर रोहतास जिला के शिक्षक दुर्गेश चंद्रा तथा सह चुनाव पर्यवेक्षक दीपक कुमार चौधरी के देखरेख में संगठन का चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न हुआ।

इसमें उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कटैया देव के शिक्षक विवेक कुमार सिंह को जिलाध्यक्ष, कन्या इंटर विद्यालय अंबा के शिक्षक डॉ दानिश इकबाल को उपाध्यक्ष, सत्येंद्र उच्च माध्यमिक विद्यालय नबीनगर रोड के शिक्षक अभय कुमार को जिला सचिव, प्रमोद कुमार रवि को उप सचिव, रामाशीष कुमार को कोषाध्यक्ष, विशाल कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजगंज की शिक्षिका रजिया कमर को जिला प्रवक्ता, पूजा कुमारी को जिला उप सचिव, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तेयाप गोह के शिक्षक सनोज सागर को जिला संयोजक, पूजा कुमारी को जिला सहसचिव तथा निभा सिन्हा को सह जिला संयोजक निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला के शिक्षकों ने आप सभी को बहुत उम्मीद और विश्वास के साथ अपना नेता चुना है। उनकी समस्याओं के लिए संघर्ष करना आपका दायित्व है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के पास मजबूती के साथ रखा जाएगा तथा उसका निवारण कराया जाएगा। सातवां वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप वेतनमान प्राप्त करना हमारा पहला उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन अभिमन्यु पाठक ने किया।

## शिक्षा का नया केंद्रः डिजायर पब्लिक स्कूल का भव्य शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद के इमलिया मोड़ स्थित डिजायर पब्लिक स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया गया। विद्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद डॉ. जगदीश शर्मा एवं वर्तमान राजद विधायक राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के संस्थापक एवं प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षाविदों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक कौशलेन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि डिजायर पब्लिक स्कूल की यह तीसरी शाखा है। इससे पूर्व इसकी शाखाएँ डिजायर पब्लिक स्कूल, पटना और द डिजायर पब्लिक स्कूल, सोनवां में सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। पहले से स्थापित दोनों विद्यालय सीबीएसई से 12वीं तक मान्यता प्राप्त है।

उद्घाटन के अवसर पर निदेशक कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास—शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।पूर्व सांसद डॉ. जगदीश शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डिजायर पब्लिक स्कूल की तीसरी शाखा का शुभारंभ क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि "ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुँच बढ़ाना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। एक ही परिसर में नर्सरी से 12वीं तक की सुविधा बच्चों और अभिभावकों—दोनों के लिए बड़ी राहत है। साथ ही उन्होंने कहा कि सीबीएसई पैटर्न माता-पिता के विश्वास को और मजबूत करता है।" वर्तमान विधायक राहुल कुमार ने भी विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि "जहानाबाद में इस तरह के शिक्षण संस्थानों का खुलना खुशी की बात है। इससे स्थानीय बच्चों को बेहतर शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिलेगी। शिक्षकों की गुणवत्ता और अनुशासन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।जहानाबाद के जेडीयू नेता सह समाजसेवी निरंजन केशव प्रिंस ने भी स्कूल के फाउंडर और सपरिवार को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है, इससे काफी लोगों को फायदा होगा।

## सूर्य सप्तमी पर दो दिवसीय आयोजन का निर्णय




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मग विद्वत परिषद देव धाम, औरंगाबाद के तत्वावधान में शाहपुर स्थित परिषद के संरक्षक सह संस्थापक गुप्तेश्वर पाठक के आवास पर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष सह अधिवक्ता योगेश कुमार मिश्र ने जबकि संचालन संरक्षक गुप्तेश्वर पाठक ने किया। बैठक में वर्ष 2026 में प्रस्तावित संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। परिषद की पत्रिका की सफाई (संशोधन) अथवा नए कैलेंडर के प्रकाशन को लेकर सहमति बनी। इसके साथ ही सूर्य सप्तमी के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर सभी गांवों का सर्वे कराने, संगठन के स्थायी कार्यालय हेतु भूमि प्राप्ति को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है। अंत में संगठन को और सशक्त बनाने तथा धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में आचार्य लालभूषण मिश्रा, आचार्य शंभू नाथ मिश्रा, दीपक कुमार पांडेय, मणिकांत पांडेय, विजय कुमार पाठक, बालकिशोर पाठक, कृष्ण कुमार मिश्रा, मिथिलेश पाठक, राजेश पाठक, जुगल किशोर मिश्रा, रूपेश कुमार मिश्रा, विजय कुमार मिश्रा, सुरेश पाठक, अखिलेश कुमार पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, मदन पाठक, मनीष मिश्र, धनंजय पाठक, रूपेश कुमार मिश्रा मदन मिश्रा, अखिलेश कुमार मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार ने लगाये 25 फलदार पौधे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 237वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर थाना के अंतर्गत स्थित ईक्किल गांव में किया गया। इस अवसर पर 25 फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित गायत्री परिवार के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य प्रवीण कुमार एवं अभय कुमार ने कहा कि पेड़- पौधे हमारे लिए प्रकृति के द्वारा प्रदत्त सुंदर उपहार की तरह हैं। वे पृथ्वी पर जीवन को सुचारू रखने और जैव पारिस्थितिकी को संतुलित बनाए रखने में सहायक होते हैं। इन्होंने वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल लोगों को बताया कि हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते हैं। साथ ही कम से कम पेड़ होने की समस्या के साथ-साथ इसके साथ आने वाली अन्य सभी चुनौतियों को ठीक करने के लिए हम क्या कर सकते हैं? इन्होंने वृक्ष के अभाव में होने वाले पर्यावरणीय समस्या के समाधान के लिए सभी से वृक्षारोपण कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान किया। इन्होंने लोगों को वृक्ष की महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की ज़रूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि गायत्री परिवार के द्वारा चलाया जा रहा नियमित वृक्षारोपण कार्यक्रम तब तक चलता रहेगा जब तक की जिला हरा-भरा न बन जाये।इस पावन अवसर पर रंगेश कुमार, नागेंद्र कुमार, अभय कुमार, प्रवीण कुमार एवं श्रीराम शर्मा उपस्थित थे।

## महावीर इंग्लिश स्कूल का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के बघोई कुशा रेलवे स्टेशन के समीप लॉर्ड महावीर इंग्लिश स्कूल का धूमधाम से वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पार्षद अनिल यादव, राजद के प्रवक्ता डा. रमेश यादव, विद्यालय के चेयरमैन सूर्यदेव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पढ़ेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया के तहत कई सामाजिक संदेश दिए गए। बच्चों द्वारा शैक्षणिक प्रदर्शनी एवं अन्य कलात्मक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया। जिला पार्षद ने कहा कि महावीर इंग्लिश स्कूल प्रखंड में शिक्षा का अलख जगा रही है। यहां के बच्चे कई परीक्षाओं में शामिल होकर नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक प्रेम कुमार के द्वारा स्कूल का प्रोगेस रिपोर्ट पेश करते हुए विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया गया जो इस विद्यालय को इस क्षेत्र में अद्वितीय बनाता है। इसके साथ ही लाइब्रेरी का उद्घाटन किए हैं।

# पचार पहाड़ पर हैं 1600 वर्ष पुराने बौद्ध विहार के अवशेष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से तीन किमी की दूरी पर दक्षिण-पूर्व में पचार पहाड़ है। बता दें कि पहाड़ के ऊपर लगभग 1600 वर्ष पुराने गुप्त कालीन दो-मंजिला बौद्ध विहार के अवशेष मौजूद हैं। यहां पहुंचने पर गुप्त कालीन बनावटें दिखती है। पहाड़ पर कई ऐसी चीजें हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पुरातत्व विभाग इस स्थल पर ध्यान दे तो इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। बताया जाता है कि पचार पहाड़ पर स्थित यह बौद्ध विहार गुप्तकालीन स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का महत्वपूर्ण प्रमाण है। यहां से प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर यह क्षेत्र भारत के समृद्ध इतिहास और प्राचीन धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सिद्ध होता है। यदि उचित संरक्षण और शोध किया जाए तो यह स्थल इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। रफीगंज निवासी व पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास और पुरातत्व विभाग के छात्र प्रिंस कुमार बताते हैं कि यह दो-मंजिला बौद्ध विहार गुप्तकालीन ईंटों से निर्मित है। पुरातात्विक अन्वेषण से मालूम होता है कि इस विहार की नींव एक प्राचीन और बड़े स्तूप पर रखी गई थी। बौद्ध विहार में चार कक्ष और एक बरामदा है। इसकी दीवारें १० फुट से अधिक मोटी हैं। ऊपरी भाग गुप्तकालीन ईंटों से बना है, जबकि निचला भाग कुषाणकालीन ईंटों से निर्मित है। प्रिंस ने बताया कि यहां से भगवान बुद्ध की विभिन्न मुद्राओं में छोटी-बड़ी मूर्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें धर्मचक्र परिवर्तन मुद्रा, ध्यान मुद्रा व भूस्पर्श मुद्रा प्रमुख हैं। एक बौद्ध देवता महाकाल की प्रतिमा भी मिली है। अन्य पुरातात्विक वस्तुओं में रेड वेयर, मृदभांड व पत्थर की पट्टियां शामिल हैं। विहार के आसपास प्राचीन मिट्टी के बर्तनों और ईंटों के अवशेष भी मिले है। बौद्ध विहार के निर्माण में चूना प्लास्टर का उपयोग किया गया है। इसमें कई दीर्घाएं मौजूद हैं। फर्श की संरचना आज भी आश्चर्यजनक है। पूरी बनावट समकोणीय है जो उस समय की उत्कृष्ट वास्तुकला को दर्शाती है। पहाड़ प्राचीन काल से ही शोध का केंद्र रहा है। पचार गांव की तुलना नसेर, गुनेरी और मंडा, भूरहा, दुब्बा, देवकली सहित महत्वपूर्ण बौद्ध पुरातात्विक स्थलों से की जाती है। यह स्थल प्राचीन राजगृह-उरुवेला-सारनाथ मार्ग पर है। इसी मार्ग से भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद बोधगया से सारनाथ गए थे। इसी रास्ते में भूरहा और नसेर भी पड़ता है। भुरहा वहीं जगह है जहां भगवान बुद्ध सारनाथ जाने के क्रम में पहली रात गुजारे थे। प्राचीन काल में यह बोधगया और सारनाथ के बीच एक महत्वपूर्ण मार्ग था। इसके आसपास के गांवों भिक्षणपुरा, कासमा, सरावक, चेव में नवपाषाण काल से मध्यकाल तक के पुरातात्विक साक्ष्य मौजूद हैं। यहां प्राचीन नगर के संकेत भी मिलते हैं। पहाड़ पर पालकालीन गुफा मंदिर भी है, जो 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ को समर्पित है। पहाड़ की तलहटी में स्थित प्राचीन तालाब जिसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है।

# तनाव प्रबंधन पर आइएमए ने आयोजित किया सेमिनार

## चिकित्सकों का जीवन होता है अत्यधिक तनावपूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** शनिवार की संध्या आईएमए हल में चिकित्सकों के लिए इस्कान हरे कृष्ण द्वारा तनाव प्रबंधन पर आईएमए ने सेमीनार का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत डा. एके राय एवं आईएमए सचिव डा. पंकज कुमार सिंह द्वारा श्री भक्तिभागवत प्रमोद स्वामी महाराज तथा श्री ईश्वर नाम प्रभु का गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत करने से हुई। इसके उपरांत श्री भक्तिभागवत प्रमोद स्वामी महाराज ने अपने संबोधन में बताया कि किस प्रकार ध्यान एवं योग के नियमित अभ्यास से मन और चित्त को नियंत्रित कर तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने मंत्र जाप पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रतिदिन कम से कम 108 बार इस मंत्र का जाप करना चाहिए। जिसमें लगभग 8.9 मिनट का समय लगता है। नियमित रूप से इसका अभ्यास करने पर 10 दिनों के भीतर सकारात्मक परिवर्तन अनुभव होने लगता है। महाराज जी ने गृहस्थ आश्रम के साथ-साथ आध्यात्मिक जीवन से जुड़ने, नियमित ध्यान करने तथा मन एवं चित्त पर नियंत्रण रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर आईएमए सचिव डा. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सकों का जीवन अत्यधिक तनावपूर्ण होता है। भोजन, नींद और विश्राम का कोई निश्चित समय नहीं होती। गंभीर रोगियों की चिंता, उनके परिजनों का दबाव तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में होने वाले दुर्व्यवहार का मानसिक तनाव चिकित्सकों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि सामान्य जनसंख्या (औसत आयु 70 वर्ष) की तुलना में भारतीय चिकित्सकों की औसत आयु (60 वर्ष) कम होना चिंता का विषय है। इस अवसर पर चिकित्सक डा. शशिभूषण प्रसाद सिंह, डा. एस बी पी शर्मा, डा. अशोक कुमार गुप्ता, डा. रंजना सिन्हा, डा. भाव्या, डा. हीरा कुमार, डा. आमोद कुमार, डा. रामरतन सिंह, डा. रामरेखा, डा. प्रभाकर ठाकुर, डा. कृष्ण कुमार, डा. ब्रजेश कुमार, डा. रमन, डा. अमरेंद्र, डा. मनमोहन चौधरी शिवम् और अच्युत प्रभु उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में दो मामले निष्पादित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन विवाद को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारा हेतु जनता दरवार लगाया गया जिसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र ने बताया है कि पूर्व का लंबित दो मामला और नया एक मामला कुल तीन मामलों मे से दो मामलों का आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए आवेदन को लेकर नोटिस जारी की जाएगी। मौके पर थाना के पदाधिकारी समेत फरियादी मौजूद थे।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी।** थानाध्यक्ष ने छापेमारी अभियान के दौरान बेगमपुर से एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष सह डीएसपी अमरजीत तिवारी ने रविवार को बताया की रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर से राजेंद्र महतो का पुत्र निलेश महतो को गिरफ्तार किया है। थाना कांड संख्या 185/21 का वह नामजद अभियुक्त था। इसके विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था।

# भिखारी ठाकुर रंग जलसा 2025 की तैयारी समिति की बैठक संपन्न

## आकर्षण का केंद्र बनेगी रिक्शा चालक की 'जटसार' गायिकी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** पटेल बस पड़ाव परिसर आरा स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच 18 दिसंबर को होने वाले भिखारी ठाकुर रंग जलसा 2025 के तैयारी समिति की अंतिम बैठक रविवार को सम्पन्न हो गया। अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ भोजपुर के उपाध्यक्ष डॉ राजू भट्ट, संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले आयोजित इस बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्णय लिया गया की साहित्यकार मधुकर सिंह, कवियित्री उर्मिला कौल, जगदीशपुर के रंगकर्मी शशिनाथ त्रिवेदी आदि के नाम पर तोरणद्वार आरा शहर में बनाया जाए साथ ही विक्रमगंज, सासाराम, पटना, बालोगांव, छपरा, बनारस आदि स्थानों से आने वाले कई दिव्यांग और युवा कलाकारों की टीम गठित कर भोजपुरी रंगकला और गायिकी की भावी पीढ़ी तैयार की जाए। इसके अलावा 95 वर्षीय तबला वादक जो बाबू ललन जी के शिष्य थे के साथ कई युवा तबला वादकों को रूबरू कराया जाए और पुरानी परंपरा को जीवंत रखा जाए। बिदेसिया नाटक के साथ साथ बिस्मिल्लाह खान की शहनाई वादन की परम्परा को आगे बढ़ाया जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि इस बार के आयोजन में आकर्षण के केंद्र में रिक्शा चालक अशोक पासवान जो स्व रामाज्ञा राम के टीम के कलाकार है। जाटसार और गोंड नाच की गायिकी की प्रस्तुत रहेगी।बैठक में डॉ किरण कुमारी, अधिवक्ता अतुल प्रकाश, आरा रंगमंच के डॉ अनिल सिंह, गीतकार कुमार अजय सिंह, डॉ जया जैन, रंजन यादव, बिनोद कुमार सिंह, व्यास कमलेश पासवान, आदर्श कुमार, रोहित कुमार समेत अन्य थे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा सप्ताह के रूप में मनाएगी एबीवीपी

## एबीवीपी बलिया इकाई का हुआ पुनगर्ठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलिया इकाई का पुनगर्ठन बलिया व्यापार मंडल स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में किया गया। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य दयानिधान गिरी ने पुराने इकाई को भंग करते हुए नए इकाई की घोषणा की। इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश मंत्री पुरूषोत्तम कुमार ने कहा कि बलिया में एबीवीपी का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। आज विद्यार्थी परिषद् के वर्षों के संघर्ष के बाद ही बलिया में डिग्री कॉलेज की स्थापना हुई एवं नवगठित इकाई भी छात्रहित के लिए संघर्ष करेगी। बलिया में एबीवीपी का राष्ट्रवादी झंडा बुलंद करेगी। एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि एबीवीपी में पद नहीं दायित्व होता है। विद्यार्थी परिषद ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र पर काम करती है ठीक करेंगे तीन काम प्रवेश, परीक्षा और परिणाम। विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रों की आवाज बन कर परिसर में कम करती रहती है। जिसमें बलिया में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करने का फैसला लिया गया है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता स्वामी विवेकानन्द के विचारों को भी छात्र छात्राओं के बीच रखेगी। नवगठित टीम में दायित्व प्राप्त करने वाले नगर अध्यक्ष नीतीश कुमार, नगर उपाध्यक्ष सोनू कुमार, शिवम सिंह, आजाद कुमार, प्रकाश नंदन सिंह नगर मंत्री श्री राम, नगर सह मंत्री सुमन कुमार, अमन गुप्ता मंगलेश कुमार, नगर कोषाध्यक्ष रोशन कुमार, कार्यालय मंत्री मिथिलेश कुमार, मीडिया संयोजक गौरव कुमार, सोशल मीडिया संयोजक रियांश कुमार, एसएफडी संयोजक अमित कुमार, एसएफएस संयोजक रामबाबू कुमार, राष्ट्रीय कलामंच संयोजक दिलखुश कुमार, खेलो भारत संयोजक मोनू मिश्रा, खेलो भारत सह संयोजक अखिलेश कुमार, स्वाध्याय मंडल संयोजक गुलशन कुमार, प्रतियोगी छात्र कार्य प्रमुख धीरज कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य नीतीश कुमार, एवं संदीप कुमार के नाम शामिल है।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना कांड संख्या 192/25 मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपित को भगवानपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी अपने गांव के आसपास छिपा हुआ है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई।पुलिस ने कविया गांव से सागर पासवान के पुत्र मुकेश पासवान को गिरफ्तार किया। आरोपी पर पूर्व में मारपीट का मामला दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसके कारण पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिली है और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा।

# फर्जीवाड़ा का आरोपित त्रिपुरारि उर्फ नटवर लाल गिरफ्तार

## सरकारी अनाज गबन एवं धोखाधड़ी सहित कई संगीन मामलों का आरोपित है त्रिपुरारि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** तेघड़ा थानाध्यक्ष ने बरौनी 2 पंचायत से गबन एवं फर्जीबाड़ा का चर्चित आरोपी त्रिपुरारी उर्फ नटबर लाल को काफी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया की उक्त आरोपी के ऊपर 128.97 क्विंटल सरकारी अनाज का धोखाधड़ी कालाबजारी का मुकदमा कुछ माह पूर्व दर्ज की गई थी। जिसमे ये महीनो से फरार चल रहा था। आरोपी अभियुक्त बरौनी एक निवासी गोपाल कुमार के 45 वर्षीय पुत्र त्रिपुरारी कुमार उर्फ नटवर लाल है। लगातार पुलिस को चकमा देने का काम कर रहा था। त्रिपुरारी को पुलिस ने छापेमारी कर उसी के घर के तहखाने से गिरफ्तार किया। डीएसपी श्री कृष्ण ने कहा पुलिस द्वारा रात्री में सघन छापामारी में आरोपित त्रिपुरारी कुमार को 128.97 क्विंटल सरकारी अनाज के धोखाधडी, कालाबाजारी कर गेहूँ एवं चावल का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपित को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाति थी तो वह फरार मिलता था। लेकिन बीती रात जब पुलिस पुनः उनके घर पर छापेमारी करने पहुंची तब भी वह पकड़ में नहीं आये। लेकिन जब पुलिस ने बारिकी से जाँच पड़ताल किया तो घर के अंदर शौचालय के लिए बनाये गये गड्ढे में छुपे हुये मिले। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध तेघड़ा थाना में अलग अलग कई प्राथमिकी भी पहले से दर्ज है। इसपर हत्या, मारपीट, अपहरण, एससी एसटी एक्ट, धोखाधड़ी सहित दर्जनों काण्ड तेघरा थाना दर्ज है। जिसमे कई कांडो में जमानत पर अभी चल रहा था।

# गुरु के शरण में गए बिना मानव का कल्याण संभव नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** शनिवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संयोजकत्व में एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन नावकोठी में किया गया। इसमें काफी संख्या में आशुतोष जी महाराज के शिष्यों ने हिस्सा लिया। साधु सुकर्मा नंद ने अपने उद्बोधन में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि धरा धाम पर चारों ओर पापाचार, अनाचार अपना फन फैला कर मानव से मानवीय गरिमा को धूमिल कर रहा है। इससे मुक्ति का एक मात्र माध्यम गुरुके शरण में जाना है। गुरुके शरण में गए बिना मानव का कल्याण संभव नहीं है। जन्म के बाद सभी को गुरु के शरण में जाना चाहिए। निगुरा मानव जीवन के मर्म को नहीं समझ सकता है। कबीर साहेब ने स्पष्ट शब्दों में गुरु के सानिध्य में जाने के लिए कहा है। वे मानव के अंदर के कशाय, कल्मष को दूर कर उसे निर्मल बनाने में सहायक होते हैं। गुरु मानव के अंदर रहने वाले परमात्मा का दीदार कराकर उसे स्वयं का दर्शन कराते हैं। साध्वी सुमति भारती, साध्वी खुश्बू भारती ने भी गुरु महिमा का वर्णन अनेक उदाहरणों के माध्यम से विस्तार से बताया। भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिरस से सरोबार हो उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पारस चौधरी, रामनारायण पासवान, नरेश सहनी, बबलू कुमार, इन्दु देवी, रिंकू देवी, लाख पति देवी, समीना देवी आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## मुखिया को पितृशोक

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** साहेबपुर कमाल प्रखंड क्षेत्र के सादपुर पच्छिम पंचायत के तीन बार मुखिया रहे मुखिया अमित सिंह के पिता 80 वर्षीय नागेश्वर प्रसाद सिंह का निधन हो गया। ज्ञात हो की नागेश्वर सिंह बर्ष 2001 से लेकर 2015 तक सादपुर पच्छिमी पंचायत के मुखिया रहे एवं जिले के जाने माने समाजिक कार्यकर्ता भी थे। कांग्रेस पाटी के बड़े नेता के रूप मे भी जाने जाते थे। उनके निधन की खवर सुनकर साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतानंद समबुद्ध उर्फ ललन यादव साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राकेश सिंह, अमर कुमार सिंह, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष मो अहसन डंडारी प्रमुख तनबीर अहमद, जिला कांग्रेस महसचिव कुमार गौरव, नगर निगम कांग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, मो सोहेल, अहमद मिथलेश सिंह राजद प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर सिंह पूर्व सरपंच नवीन सिंह राजद नेता मो रूस्तम बाकिद अली हलधर सिंह आदि थे।

# पानीफल खाने से होते हैं कई फायदे : सैयद सगीर

## एनर्जी बूस्टर का करता है काम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**अररिया।** सिंघाड़ा पौष्टिकता से भरपूर फल है। हमारे यहां तो इसे उपवास में भी काफी खाया जाता है। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सिंघाड़ा सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। सिंघाड़ा ब्लड की अशुद्धियों को दूर करने में भी मदद करता है। इस बाबत युवा समाज सेवी वो चिंतक सैयद सगीर अहमद सिंघाड़ा पानी फल के बारे में जानकारी देते हुए कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में (अल्लाह तआला) ईश्वर ने हमें जितनी भी पाक नेअमतें अता करता है, सिंघाड़ा उनमें वाक़ई एक अनमोल तोहफ़ा है। पानी में पैदा होने वाला यह सादा-सा फल अपने अंदर सेहत की ऐसी बरकतें छुपाए बैठा है कि अक्सर हमें खुद भी हैरत होती है के यार, इतनी छोटी चीज़ में इतना बड़ा फ़ायदा। सिंघाड़ा न किसी महंगी खेती का मोहताज, न किसी ख़ास मिट्टी की, ये बस पानी की गोद में पलकर इंसान को यह याद दिलाता है कि रिज़्क़ अल्लाह के हाथ में है, और वो छोटी-सी मख़लूक़ में भी बड़ी हिकमत रख देता है। बाहर से काला और सख़्त, लेकिन अंदर से बिल्कुल नर्म-सफ़ेद। अब इसके फ़ायदों की बात करें तो मज़ा आ जाता है। सिंघाड़ा फितरत में ठंडा होता है, इसलिए जिस्म की गरमी, मुँह के छाले, पेशाब की जलन और हार्टबर्न जैसी दिक्कतों में झट से आराम देता है। युवा समाज सेवी वो चिंतक सैयद सगीर अहमद कहते हैं कि थकान हो, कमजोरी हो या मौसम की सुस्ती सिंघाड़ा फौरन एनर्जी देता है। ऐसा लगता है जैसे जिस्म को एक नैचुरल रीफ्रेश मिल गया हो। खून की कमी यानी एनीमिया में भी यह खूब फ़ायदेमंद है, खून को साफ़ करता है और चेहरा भी फ्रेश वो ग्लो दिखने लगता है, पेट की परेशानियों की बात करें तो सिंघाड़ा वाक़ई कमाल का काम करता है, यह फल क़ब्ज़, गैस और बदहज़मी सबमें राहत देता है। इसका आटा हल्का होता है, हज़्म जल्दी होता है और बच्चे, बूढ़े, कमज़ोर हर कोई आराम से खा सकता है। किडनी के लिए तो यह एक तरह का नेचुरल टॉनिक है। पेशाब की जलन, यूरिन इंफ़ेक्शन और किडनी की हल्की तकलीफ़ में यह फायदे का सौदा साबित होता है। उन्होंने कहा कि इसे खाने का सबसे बढ़िया तरीका है उबालकर खाना। हल्का भी, सेहतमंद भी और मज़ेदार भी। कुल मिलकर कुदरत का यह फल उनके सीजन में जरूर खाना चाहिए। आजकल बाजारों में भी आसानी से मिल जाता है।

## नशे की हालत में एक गिरफ्तार

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गणपतौल वार्ड संख्या 06 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंसूरचक के निकट शुक्रवार की रात नशापान कर हंगामा कर रहे नशेड़ी को मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडेय ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नशेड़ी की पहचान वार्ड संख्या 06 निवसी स्व कमलदेव दास के पुत्र शिवकुमार दास के रूप में किया गया। गिरफ्तार नशेड़ी का ब्रेथ एनालाईजर से जांचोंपरांत अल्कोहल की पुष्टि होने पर बिहार शराब अधिनियम के तहत आरोपित कर मंगलवार को बेगूसराय न्यायालय भेज दिया गया। मालूम हो कि नशे की हालत में होने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की जा रही है वहीं र्क जगहों पर छापेमारी कर शराब भट्ठीयों को भी नष्ट किये जा रहे हैं।

# यूपी से वैशाली ले जाई जा रही शराब आरा में पकड़ाई

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-बक्सर फोरलेन के गीधा थाना अंतर्गत कायमनगर ओवर ब्रिज के पास मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर ने एक ट्रक से 12 लाख मूल्य के विदेशी शराब संग दो तस्करों को पकड़ा है। गिरफ्तार दोनो तस्कर वैशाली जिला के रजापाकर थाना क्षेत्र के बाकरपुर उतरी गंगाजल निवासी शिबू राय के पुत्र यश विशाल (चालक) और रघुवंश राय के पुत्र देवकुमार है। पुलिस ने ट्रक व शराब को जब्त कर दिया। दोनों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। रविवार को मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर आरा के रास्ते वैशाली बिहार की ओर जा रहा है। उन्होने तुरंत निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर दिया। टीम वरीय अधिकारी के निर्देश पर कायमनगर के समीप टाटा कंपनी के छह चक्का डीसीएम ट्रक को रोका। जब टीम ने केबिन में तलाशी करना शुरु किया। चालक के पीछे डाला में गुप्त तहखाना का शक हुआ। तहखाना को जब खोला उसमें रखे 180 एमएल के 5280 पीस टेट्रापैक शराब बरामद हुआ। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार एवं राजकुमार राजा, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान थे।

# 16 दिसंबर से होने वाले पल्स पोलियो अभियान की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावकोठी में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता डा चंदन मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का रिपोर्ट एम आशा एप पर करनी है, पर इसका रेशियो ग्राफ काफी निम्न स्तर का है। एक सप्ताह में किये गए सभी कार्यक्रम को इस एप पर डाउनलोड करने का निर्देश दिया। बीसीएम उषा कुमारी ने एम आशा एप पर डाउनलोड करने में तकनीकी समस्या का समाधान बताया। इसे माकड्रील कर डाउनलोड करने के तरीके को समझाया। जनसंख्या स्थिरीकरण पखबारा के तहत आयोजित शिविर में लोगों को मोटिवेट कर बंध्याकरण तथा नसबंदी कराने हेतु लाने का निर्देश दिया। 16 दिसंबर से होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तकनीकी बातों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम को माइक्रो प्लान के अनुसार करने का निर्देश दिया। संचालित सभी कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, संदीप चंद्र, रूक्मिणी देवी, लक्ष्मी देवी, कंचन कुमारी, संगीता कुमारी, अंजू कुमारी,रूबेदा खातुन, वसंती, रेणु, शबनम, सावित्री, रौशन, डेजी आदि मौजूद थे।

# प्रसिद्ध चिकित्सक सत्यानंद ठाकुर ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला के बिरौल प्रखंड अंतर्गत पररी गांव निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सत्यानंद ठाकुर ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं विकास पुरुष माने जाने वाले नीतीश कुमार के विचारों और सिद्धांतों से प्रेरित होकर जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता ग्रहण की। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जदयू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने डॉ. सत्यानंद ठाकुर को सक्रिय सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा जताया। डॉ. सत्यानंद ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन, सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास की नीतियों से वे लंबे समय से प्रभावित रहे हैं और इन्हीं मूल्यों के साथ उन्होंने जदयू से जुड़ने का निर्णय लिया है। वहीं जदयू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. ठाकुर जैसे शिक्षित एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के पार्टी से जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके पार्टी में शामिल होने का स्वागत किया और संगठन विस्तार की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया।

# बच्चों को मिलेगी एआई की ट्रेनिंग

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के सभी बच्चों को कृत्रिम बुद्धमत्ता की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए 15 से 19 दिसंबर को रोजाना साढ़े 12 से 1.15 बजे तक 45 मिनट की अनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी। केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान व राष्ट्रीय शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद की विशेषज्ञ टीम कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अनलाइन प्रशिक्षण देगी। इसको लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान ने शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक में पत्र जारी किया है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्कूली शिक्षा में इसके अनुप्रयोगों की मूलभूत समझ प्रदान करना, छात्रों को प्रभावी कक्षा एकीकरण के लिए एआई उपकरणों और प्रथाओं से परिचित कराना, नैतिक पहलुओं, डाटा गोपनीयता और एआई के जिम्मेदार उपयोग पर चर्चा करना और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप सर्वोत्तम प्रथाओं और दृष्टिकोणों को साझा करना कार्यक्रम की विशेषता है।

# नितिन नवीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार सरकार में मंत्री श्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर दरभंगा जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर दरभंगा जिला भाजपा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। जिला भाजपा अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पण पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनका यह मनोनयन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होगी। संगठन के प्रति आपकी निरंतर निष्ठा, प्रशासनिक अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता निश्चित रूप से पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा और सशक्त दिशा प्रदान करेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में संगठन और अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। आपके इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए पुनः हार्दिक शुभकामनाएं। बधाई देने वालों में जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, विजय चौधरी, सुजीत मल्लिक, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, अभयानंद झा, संगीता शाह, विकास चौधरी, सोनी पूर्वे, श्रवण कुमार मिश्रा, सुनील कुमार चौधरी, जिला मंत्री मीरा मेहता, राहुल पासवान, बालेंदु झा, रानी झा, रिंकी देवी, पिंटू महासेठ, सचिन जैन, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष बबलू पंजियार, संतोष सिंह सहित संपूर्ण जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# बिहार पांच वर्षों में देश के टॉप 10 राज्यों में होगा शामिल : संजय झा

## बेहतर काम की बदौलत एनडीए की हो रही जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनीगाछी।** केंद्र सरकार की समन्वित सहयोग से बिहार प्रदेश वर्तमान 5 वर्ष के कार्यकाल में विकास की गति में देश के टॉप 10 राज्यों की श्रेणी में अपना स्थान बनाएगा। यहां रोजगार, उद्योग, सिंचाई की सुविधा के साथ ही बाढ़ से होने वाली आपदाओं पर नियंत्रण के लिए युद्धस्तर पर काम होगा। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना को पूर्वी भारतवर्ष के विकास के बिना संभव नहीं है। यह सोच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। इसी मिशन को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार इस क्षेत्र के विकास की दिशा में आगे बढ़ कर योजनाओं के क्रियान्वयन में लगी है। ये बातें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा ने रविवार को मनीगाछी प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मान समारोह में हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कही। एनडीए की भारी जीत से प्रसन्न संजय झा ने कहा कि इस जीत का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जाति विहीन विकास कार्यों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को युगपुरुष बताते हुए उन्होंने कहा कि देश में पहले ऐसे नेता नीतीश जी हैं जिन्होंने लगातार दस बार मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाया है। इनकी लगातार हो रही जीत का मुख्य कारण उनके काम करने की शैली है जो जाति धर्म से ऊपर उठकर नीचे पायदान के लोगों के लिए भी सोचते हैं। संजय झा ने मुख्यमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान दो दिनों में सात सौ किलोमीटर की सड़क यात्रा कर 74 वर्षीय नीतीश जी ने अपनी जोश एवं जुनून को दिखला कर लोगों के भ्रम को दूर किया था। चुनाव परिणामों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विगत तीस वर्षों से बिना काम के बंधक बने इस क्षेत्र की लड़ाई पर प्रदेश के बाहर के मीडिया लोगों की नजर लगी थी।जिस तरह इस क्षेत्र का एन डी ए के पक्ष में सकारात्मक परिणाम यहां की जनता ने दिया है उसी अनुपात में इस क्षेत्र का विकास विगत तीस वर्षों के हिसाब से होगा। उन्होंने कहा कि यहां बंद पड़े सकरी चीनी मिल भी निश्चित रूप से चालू होंगे और लोगों का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के घोषित मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री पद की शपथ की घोषित तिथि चुनाव परिणाम के साथ ही धरी की धरी रह गई। राजद नेता पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि इनके द्वारा सभी परिवारों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा को जनता ने एक जुमला समझकर नकार दिया। इस जीत में मां एवं बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने चुनाव के दौरान एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं के समन्वय एवं समर्पण तथा एकजुटता की प्रशंसा करते हुए सबों को बधाई दी और कहा कि इस क्षेत्र का विकास एक योजना के तहत किया जाएगा। इस क्षेत्र के विकास में सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां चरणबद्ध तरीके से काम होगा। पहले चरण में पश्चिमी कोशी नहर की योजना पर काम होगा, जिसकी स्वीकृति केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में की है। 8 हजार करोड़ की इस योजना में प्रदेश की भागीदारी 60% और केंद्र की 40% है। इसका काम दिसंबर के बाद आरंभ होगा। दिन के करीब 11 बजे प्रखंड मुख्यालय पहुंचे संजय झा ने प्रखंड परिसर में वृक्षारोपण किया और 15 दिव्यांगो के बीच ट्राई साइकिल वितरित किया। इसके साथ ही 27 गरीब महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में दरभंगा ग्रामीण के विधायक ईश्वर मंडल बेनीपुर के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रो अंजीत चौधरी भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजीव कुमार झा भाजपा के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार झा, रजनीश झा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 34 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

## 6 से 20 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** आगामी 16 से 20 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्तर पर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत मंगलवार से होने जा रही है। जहां पल्स पोलियो अभियान को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इसके लिए सभी पंचायतों के गांव गांव 50 हजार घरों में सर्वे किये गये, जिनमें चिन्हित 33 हजार 583 बच्चों को पल्स पोलियो अभियान में दवा पिलायी जायेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी के सभी आशा कार्यकर्ता, एएनएम के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी को दिशा निर्देश जारी किये हैं। डब्ल्यूएचओ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ईश्वर चंद्र सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 101 कर्मी घर-घर में जाकर दवा पिलायेगें। 17 ट्रांजिट टीम, 40 सुपरवाइजर टीम और चार स्पेशल टीम बनाई गई है जो ईट भट्ठा पर घूम घूम कर पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगे। बहरहाल राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान मंगलवार से शुरू होना है। इस सघन अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जहां स्वास्थ्य कर्मी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलायेंगें। ये बूथ स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बनाए गए हैं ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे।

# पास्को एक्ट मामले में धनरूआ पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नाबालिक के साथ छेड़छाड़ मामले में धनरूआ पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक का नाम दीपक कुमार उम्र 26 वर्ष पिता संजय सिंह बौरही का निवासी है। दरअसल बताया जाता है कि शनिवार की सुबह कुहासे का फायदा उठाकर 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ और जोर-जबरदस्ती की घटना हुई थी, पीड़िता सुबह अपने घर से शौच के लिए खेत के बधार की ओर गई थी, तभी घने कुहासे के बीच युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू की थी। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने इसकी सूचना धनरूआ थाना पुलिस को दी। पुलिस जब आरोपित के घर पहुंची जहाँ आरोपित पर दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने उसके भाई को हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में पीड़िता की मां के बयान पर धनरूआ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# मसौढ़ी के नदौल मुसहरी में स्थानीय लोगों से विधायक की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पटना गया फोरलेन के सड़क के किनारे और नदौल रेलवे स्टेशन के पूर्वी भाग में बसे हुए कई दुकान और घरों को अंचल कार्यालय की तरफ से 24 लोगों को नोटिस दी गई है जहां आगामी 16 दिसंबर को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाना है। इससे पहले रविवार को नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी नदौल पहुंचे और उन सभी स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की है जहां सभी लोगों ने विधायक से गुहार लगायी है कि हम सब को नोटिस मिला है हम सभी के लोग कहां जाएंगे। ऐसे में अरुण मांझी ने अंचलाधिकारी प्रभात रंजन से मोबाइल से बात की और पूरे स्थिति का जायजा लिया, अंचलाधिकारी को कहा कि पूरी तरह से जांच पड़ताल कर ही चिन्हित कर कार्रवाई की जाए और जो भूमिहीन हैं उनके लिए सरकारी तौर पर उन्हें बसाया जाए। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने कहा है कि 24 लोगों को नोटिस दी गई है सभी लोगों को एक बार फिर से जांच करवाई जाएगी जो भी जहां अवैध तरीके से अतिक्रमण होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी और जो भूमिहीन होंगे उन्हें सरकारी योजना का लाभ दिया जाएगा। तीन दिनों के अंदर जमीन चिन्हित कर सभी लोगों को दूसरे जगह शिफ्ट किया जाएगा।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सह छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर भागलपुर के जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार और भाजपा जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने बधाई व शुभकामनाएँ दी है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार और जिला प्रवक्ता इंदु भूषण झा ने अलग अलग बयान जारी कर कहा कि नव नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल नेतृत्व क्षमता, युवा सोच, ऊर्जावान एवं कर्मठ व्यक्तित्व, तथा संगठन के प्रति इनके समर्पण से पार्टी राष्ट्र सेवा और जनसेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। दोनों नेताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमीत शाह समेत केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का धनरूआ में हुआ नागरिक अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** मसौढी के नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का रविवार को धनरूआ प्रखंड के पभेड़ा पंचायत में एनडीए की ओर से नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अशोक रजक ने की। संचालन जदयू तकनीकी श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव पिंकू कुमार ने की। मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश, उप मुखिया सुषमा देवी, राजनीतिक सलाहकार रविंद्र उर्फ पप्पू सिंह समेत कई लोग शामिल रहे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अरुण माझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मसौढ़ी विधान सभा का कोई भी काम अधूरा नहीं रहेगा, हर जनता की समस्या को निष्पादन किया जाएगा, इसके अलावा धनरूआ अंचल कार्यालय कि मिल रही शिकायतों पर उन्होंने कहा की अंचल प्रशासन को हिदायत देते हैं कि किसी भी जनता को किसी भी काम के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े साथ ही उन्होंने कहा के भ्रष्टाचार कि शिकायत पर आपकी विदाई हो सकती है। अरुण मांझी के नागरिक अभिनंदन के दौरान पभड़ा पंचायत के कई लोगों ने अंचल कार्यालय के कई समस्याओं से रूबरू कराया है। उसके बाद उन्होंने कहा कि सबसे पहले पभेड़ा पंचायत में नदी पर छठ घाट पर दोनों तरफ से पक्का सीढ़ी का निर्माण किया जाएगा, अगले साल जब छठव्रती छठ करेंगे तो उन्हें पक्की सीढ़ी मिलेगी। इसके साथ ही कई तरह की समस्याओं को सुनकर उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया है। धनरूआ के अशरफपुर, चमंडी आदि गांव में भी नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने कहा है कि हम विधायक बनकर यहां राज करने नहीं आए हैं बल्कि बेटा और भाई बनकर सेवा करने आए हैं। वर्ष 2010 में भी हम विधायक बनकर काफी काम किए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व में पूरे बिहार का विकास हो रहा है खासकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने युवाओं के लिए, बेरोजगार के लिए भी कम किए हैं। मौके पर ललन आजाद, संजय केसरी, राम रतन प्रसाद, हिमांशु पटेल, मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार, राम रतन प्रसाद, अमरेंद्र कुमार, राजेश्वर सिंह आदि शामिल रहे।

# 1000 लीटर कच्चा महुआ जावा को किया गया नष्ट

## ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ पुनपुन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को पुनपुन पुलिस ने योगापुर और लखनपार गांव में सघन छापेमारी करते हुए दर्जनों भठ्ठियां को ध्वस्त किया है। जहां तकरीबन 1000 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है और प्रतिदिन विभिन्न मुसहरी एवं चिन्हित शराब को चिन्हित करते हुए छापेमारी की जा रही है। रविवार को टीम गठित करते हुए जोगापुर गांव में और लखनपार गांव में शराब बनाने की शिकायतें मिल रही थी, वहां पर दर्जनों भठ्ठीयां को ध्वस्त कर दिया गया है और ढेर सारा कच्चा जावा महुआ को नष्ट किया गया है हालांकि सभी शराब बनाने वाले माफिया पुलिस की आने से पहले ही भाग निकले थे लेकिन उन सबों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर, लोगों ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** बिहार के मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है जिसको लेकर भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर छाई हुई हैं। भाजपाइयों की माने तो आज बिहार को गौरवान्वित करने का पल है क्योंकि केंद्रीय कमेटी ने एक बार फिर से बिहार पर विश्वास करते हुए मान बढ़ाया है। दरअसल दिग्गज भाजपा नेता व विधायक रहे नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा से लगातार पांचवीं बार विधायक चुन गए हैं। ऐसे मे नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर मसौढ़ी नगर मंडल के अध्यक्ष आशीष देव ने कहा की आज भाजपा के लिए बहुत ऐतिहासिक दिन है कि बिहार के ही नेता को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। वह एक समर्पित और अनुशासित राजनीतिज्ञ हैं। मुझे उम्मीद है कि उनकी इस नई जिम्मेदारी से भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती मिलेगी। दीर्घ संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़ और प्रभावी प्रशासनिक क्षमता ने सदैव पार्टी को मजबूत किया है। नई जिम्मेदारी के साथ वे राष्ट्रव्यापी स्तर पर संगठन को नई दिशा तथा ऊर्ज़ा प्रदान करेंगे। भाजपा के कई बड़े नेताओं ने नितिन नवीन को बधाई और शुभकामना दी हैं जिसमें संजय केसरी, विजय यादव, राकेश कुमार, अजय शर्मा, महिला नेत्री आशा किरण सिंह, माधुरी सिन्हा, विश्वनाथ केसरी, अनिश, आदी ने शुभकामना दी है।

# मसौढ़ी में नए थानाध्यक्ष ने संभाला पदभार, कहा अपराध नियंत्रण होगी प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना के नये थानाध्यक्ष के रूप में विवेक कुमार ने रविवार को योगदान दिया। योगदान के समय थाना के पुलिस कर्मियों ने थानाध्यक्ष संतोष कुमार का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि कई पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है। योगदान देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस और आम लोगों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाने को लेकर मुख्य रूप से कार्य किया जाएगा. साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाकर क्राइम कंट्रोल किया जाएगा। थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखना, क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना थानाध्यक्ष की पहली प्राथमिकता में शामिल रहेगी। निवर्तमान थानाध्यक्ष विजय कुमार ने नए थानाध्यक्ष संतोष कुमार को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। इस मौके पर मसौढ़ी के कई समाजसेवी जन प्रतिनिधियों ने भी नए थानाध्यक्ष से मुलाकात कर शांति व्यवस्था, अपराध कंट्रोल पर चर्चा की। मौके पर जदयू के अश्वनी एफ गोल्डी, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल आदी कई लोग शामिल हुए।

# छाता गांव में हल्दी की खेती कर किसान बन रहे आत्मनिर्भर, आय हुई दोगुनी

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के शाहाबाद पंचायत स्थित छाता गांव के किसान आत्मनिर्भर बनने की राह पर चल पड़े हैं। सरकार की मदद के बिना उनलोगों ने अपनी आय को बढ़ाने का रास्ता खोज निकाला है। यहां के किसान पारंपरिक खेती से हटकर हल्दी की खेती शुरू की है। बताया जा रहा है कि इससे किसान आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उनकी आय बढ़ रही है। शाहाबाद पंचायत के तकरीबन 30 से 40 किसान अपनी-अपनी खेतों में तकरीबन दर्जनों एकड़ में हल्दी की खेती कर रहे हैं। किसनों की मानें तो हल्दी की खेती से मुनाफा दोगुना मिलता है। यह ऐसी खेती है जिसमें ज्यादा नुकसान भी नहीं होता है। इसकी खेती में सिंचाई की समस्या नहीं आती है। खाद-पानी का ज्यादा प्रयोग इसमें नहीं किया जाता है। हल्दी हर घरों में प्रयोग की जाती है। यह ऐसा मसाला है जिसकी मांग हमेशा रहती है। शाहाबाद गांव के किसान सिलवंत कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, जयनंदन सिंह, रामरती देवी, जेवेंद्र सिंह ने कहा कि खेतों में हल्दी की खेती कर रहे हैं। जिसे आय दोगुनी हो गयी। उनलोगों ने बताया कि पहले पारंपरिक खेती में बारिश ज्यादा होने पर या फिर कम होने पर भी फसल खराब होने की आशंका बनी रहती थी। अक्सर घाटा लगता था। कर्ज में भी रहते थे।शाहाबाद पंचायत के किसान कोर्डिनेटर विजय कुमार ने बताया की छाता गांव के किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। अन्य किसानों को भी जैविक खेती करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। शाहाबाद पंचायत में तकरीबन 40 से अधिक किसान हल्दी की खेती करते हैं। उनकी आय भी दोगुनी हो गयी है। ये सभी प्रगतिशील किसान हैं। अन्य किसानों को भी जागरूक कर रहे है।

# नीट 2025 में रहमानी 30 का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रहमानी 30 ने नीट 2025 में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुल 329 विद्यार्थियों में से 321 छात्रों ने नीट क्वालीफाई किया, जो 97.5 प्रतिशत सफलता दर है। इनमें से 74 छात्रों को सरकारी एमबीबीएस सीट मिली, जो कुल विद्यार्थियों का 23 प्रतिशत है. यह मेडिकल प्रवेश की सबसे प्रतिस्पर्धी श्रेणी में एक नया राष्ट्रीय मानक माना जा रहा है। इसके अलावा 22 छात्रों ने बीडीएस और अन्य मेडिकल कोर्स में भी सफलता हासिल की है। इस वर्ष का परिणाम रहमानी 30 के पिछले सभी रिकॉर्ड से बेहतर रहा है। परिणामों की खास बात इसका इनवर्टेड पिरामिड मॉडल रहा, नीट 2025 की इस सफलता पर अमीर-ए-शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने सफल छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई

# एनआईटी जमशेदपुर ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन बिहार चैप्टर का राज्यस्तरीय एलुमनी मीट संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** एनआईटी जमशेदपुर ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन, बिहार चैप्टर की ओर से राज्यस्तरीय एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। बीआईटी पटना कैंपस के ऑडिटोरियम में आयोजित यह दूसरा एलुमनी मीट था. कार्यक्रम में बिहार भर से 1960 बैच से लेकर 2023 बैच तक के करीब 150 पूर्व छात्र शामिल हुए। एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने एसोसिएशन के माध्यम से सामाजिक और कल्याणकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए। 1960 बैच के प्रफुल्ल पाणिग्रही विशेष रूप से अमेरिका से इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने बिहार पटना चैप्टर के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और एनआईटी जमशेदपुर के पूर्व छात्रों द्वारा वैश्विक स्तर पर किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि प्रफुल्ल पाणिग्रही ने हाल ही में जरूरतमंद छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए एनआईटी जमशेदपुर को 15 लाख रुपये का दान दिया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों द्वारा संचालित स्टार्टअप्स की प्रस्तुति भी की गई। स्ट्रेस मैनेजमेंट पर आधारित एक एआई स्टार्टअप को सभी ने सराहा. एलुमनी मीट का उद्घाटन बीआईटी पटना के निदेशक डॉ. आनंद कुमार सिन्हा ने प्रफुल्ल पाणिग्रही सहित अन्य वरिष्ठ पूर्व छात्रों के साथ किया। इस अवसर पर उच्च प्रशासनिक और प्रबंधकीय पदों पर कार्यरत कई पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं एनआईटी के पूर्व छात्र एवं सा-रे-गा-मा के फाइनलिस्ट, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक देवेश कुमार ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुबोध कुमार, गंगा प्रसाद, केशव, मनोज कुमार, अवनीश आनंद, प्रतुल आनंद, कुमार जयकांत, कुमार देवाश सहित कई पूर्व छात्रों की भूमिका की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करता है विज्ञान प्रदर्शनी : एसडीएम

**शिक्षा ही समाज, देश और दुनिया में आपके महत्व को करती है स्थापित : एसडीपीओ**

**लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के बुद्ध विहार वार्ड नं-एक स्थित लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सुशोभित परिसर में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उदघाटन सदर एसडीएम संतन कुमार सिह, एसडीपीओ संजय पांडेय, वरिष्ठ समाजसेवी संत सिह, लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. धनंजय कुमार, निदेशक सर्वेश कुमार, लॉर्ड बुद्धा के प्राचार्य पंकज दुबे, लर्निंग कलाउड के प्रबंधक आरके सिह एवं बुद्धा इंटरनेशनल के प्राचार्य दिलीप कुमार पंकज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का अद्भुत संगम थी, जहां छात्रों ने रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय जैसे सहित पर शानदार मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल और लर्निंग कलाउड मोंटेशरी के बच्चों सहित उनके हजारों अभिभावक इस विराट व विहंगम समागम के साक्षी रहे। विद्यालय के चेयरमैन डा. धनंजय कुमार ने समस्त आगत अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों का भव्य स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण के साथ आयोजन के निहितार्थ, लॉर्ड बुद्धा विद्यालय समूह के लक्ष्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपने विद्यालय समूह के विशिष्ट योगदानों पर व्यापक प्रकाश डाला। चेयरमैन ने कहा





कि अपने सेवा के 25 वर्षों की सफल यात्रा के दौरान लॉर्ड बुद्धा ने देश सेवा के सभी क्षेत्रों में अपने छात्रों को भेजा। विज्ञान हो या स्वास्थ्य, कला हो या संस्कृति, खेलकूद हो या मैनेजमेंट, एविऐशन हो या प्रोटेक्शन सेवा का ऐसा कोई भी क्षेत्र आज ऐसा नहीं है जो लॉर्ड बुद्धा विद्यालय समूह के बच्चों की पहुंच से दूर हो। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भी न सिर्फ यह कीर्तिमान कायम रहेगा अपितु इसमें उतरोत्तर वृद्धि ही होगी। एसडीएम ने कहा कि राष्ट्र के विकास और मजबूती के लिए आवश्यक है कि बच्चों में वैज्ञानिक चेतना जागृत हो। विज्ञान ही समस्त विकास और इस जगत का आधार का आधार है। अतः ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों को सिर्फ वैज्ञानिक तथ्यों से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रक्रिया वैज्ञानिक सोच, प्रयोग, प्रस्तुति सहित से भी जोड़ती है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। एसडीपीओ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वस्तुतः शिक्षा ही है जो समाज, देश और दुनिया में आपके महत्व को स्थापित करती है। बकौल एसडीपीओ यह अत्यावश्यक है कि हम उचित संस्थान से उचित तरीके से उचित शिक्षा प्राप्त करें। साथ ही उन्होंने विज्ञान के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न वर्ग के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिए। बच्चों द्बारा बनाए गए इंटरैक्टिव मॉडल सौर ऊर्ज़ा से चलने वाली कार और प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित प्रयोग, थर्मल पॉवर प्लांट एंड स्मार्ट सिटी, सेल्फ सर्विसिग रोबोट, औटोमेटिक रीवर क्लिनिग मशीन, स्मार्ट सेपरेशन ऑफ वेस्ट मटीरियल्स, स्मार्ट ग्लासेज फॉर ब्लाइंड, पिरामिड ऑफ गीजा, एस 400 टैंक, पिकनिक इन सीनरी, आर्मी डिफेंस कार, सेंसर टेप और विडमिल बेहद लोकप्रिय रहे। मुख्य अतिथियों ने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन सीखने और सिखाने का एक बेहतरीन मंच है। यहां के बच्चों ने हमें अपने मॉडलों के जरिए जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल तरीके से समझाया, जो बहुत रोमांचक था। यह प्रदर्शनी न केवल छात्रों की वैज्ञानिक समझ को दर्शाती है, बल्कि उनमें और भी अधिक अन्वेषण और नवाचार की भावना जगाती है, जिससे यह एक सफल और यादगार आयोजन बन गया। इस मौके पर लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल एवं लर्निंग कलाउड मोंटेशरी के छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। एक ओर कजरी नृत्य की प्रस्तुति ने जहां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखे नम कर दी। वर्ग पांच की छात्रा महविश हयात ने सफलता पर स्पीच दिया। छात्राओं की बुद्धम शरणम गच्छामि नृत्य ने सबको दांतों तले उंगली दबाने को विवश कर दिया। मंच का संचालन बुद्धा इंटरनेशनल मेहंदिया के प्राचार्य दिलीप कुमार पंकज के नेतृत्व में लॉर्ड बुद्धा की तुब्बा, रीतू रानी, आराध्या कुमारी, आकांक्षा एवं अनुष्का ने खूबसूरत तरीके से किया।

## आग लगने से जेबा स्टील का गोदाम जलकर खाक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के मिनी बिगहा रोड के मदीना मस्जिद के समीप स्थित एक स्टील फर्नीचर के गोदाम में शनिवार की देर रात असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई। इस आगलगी की घटना में फर्नीचर गोदाम धू-धूकर जल उठा और उसमें रखी सारी सामग्री आग की लपटों में जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी फर्नीचर संचालक को नहीं है। रात्रि 11 बजे पूछे जाने पर फर्नीचर संचालक मो असलम ने बताया कि वह जे स्टील फर्नीचर के नाम से एक दुकान शहर के टिकरी रोड में चलाते है। प्रतिदिन की तरह रात 8 बजकर 45 मिनट पर उसने गोदाम को बंद करने के बाद सभी कर्मियों को घर भेजा और खुद भी घर आ गया लेकिन अभी खाना खाने की तैयारी में लगा ही हुआ था कि 9 बज कर 6 मिनट पर सूचना मिली कि फर्नीचर गोदाम में आग लग गई है। सूचना नगर थाने की पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि दमकल कर्मियों को काफी म शक्कत का सामना करना पड़ा। लगभग तीन घंटे की मशक्कत की बाद आग पर काबू पाने में सफलता प्राप्त हुई। इस आगलगी की घटना में लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आगलगी की घटना के बाद स्टील फर्नीचर दुकान के संचालक को काफी नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश में है कि यह आग असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट ने किया कंबल का वितरण

**पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह और विधायक त्रिविक्रम नारायण ने बांटे कंबल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को जमहोर पंचायत, पडरआवा पंचायत एवं कुर्मा पंचायत के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत आज से हुई, जो औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से संपन्न होगा। कार्यक्रम में देव मंगल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता एवं देव मंगल ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक गोविंद नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस



अवसर पर बताया गया कि ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंद, गरीब परिवारों, दिव्यांग एवं विकलांग लोगों को कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे ठंड से सुरक्षित रह सकें। कल कर्म भगवान बेला पंचायत एवं खैर बिन पंचायत में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में कंबल वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि देव मंगल मेमोरियल ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष हजारों गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच विभिन्न सेवा कार्य करता है। ट्रस्ट द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन, चिकित्सा जांच शिविर, रक्तदान शिविर, कंबल वितरण, होली मिलन समारोह सहित अनेक सामाजिक और सेवा गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती रही हैं। उसी कड़ी में इस वर्ष भी सभी पंचायतों में कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंदन कुमार, जवाहर पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, अभिषेक कुमार तथा धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## तार खींचने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में चार जखमी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ट्रांसफर्मर से तार खींचने को लेकर दो पक्ष के बीच हिंसक मारपीट हो गई जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। घटना माली थाना क्षेत्र के बनहारा गांव का है। जख्मियों में एक पक्ष से शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, विजय कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह जबकि दूसरे पक्ष से जितेंद्र सिंह शामिल है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान जख्मी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जितेंद्र सिंह के पुत्र बादल सिंह और हर्ष सिंह घरेलू कनेक्शन वाले ट्रांसफर्मर से अवैध रूप से तार खींचकर मोटर चला रहे थे। ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे गुट से बादल सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर से लाइन खींचकर खलिहान लिपने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई जो बाद में मारपीट में बदल गई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मामले में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे घटना की जांच कर रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है।

## मुआवजा के लिए किसानों ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के दर्जी बिगहा के समीप बाईपास रोड निर्माण में किसानों ने अधिग्रहित भूमि मुआवजा मांग को लेकर धरना दिया। किसानों ने धरना भूमि अधिग्रहण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किया। धरना व प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रोहन शर्मा ने की। दर्जी बिगहा से अंजनवां मोड तक बनने वाले बाईपास रोड निर्माण को लेकर किसानों का जमीन तो सरकार अधिग्रहण तो कर ली लेकिन किसानों को जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिला है। किसान मुआवजा राशि को लेकर सरकारी मुलाजिमों का दरवाजा खटखटाया पर कोई सुनवाई नहीं हो सका। जमीन आवासीय है। एनएचआई के अधिकारियों द्वारा कृषि भूमि का मुआवजा राशि नहीं दिया जा रहा है जिससे किसान आक्रोशित हैं। रोड निर्माण में लगे कंपनी बिना मुआवजा दिलाए जबरन रोड निर्माण कार्य शुरु कर दिया है। सरकार 8 से 9 वर्षों से मुआवजा देने का आश्वासन दे रही हैं पर भुगतान नहीं कर रही हैं। जब तक अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि भुगतान नहीं हो जाता है तब तक धरना व प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान किसान कंचन वर्णवाल, सुधीर कुमार सिन्हा, सुभाष रंजन कुमार सिन्हा, संदीप कुमार शर्मा, सरिता देवी, रितेश कुमार सहित अन्य लोगों का कहना है कि सरकार रोड निर्माण करें पर भू-स्वामियों का उचित मुआवजा दे। सरकारी मुलाजिमों के उपेक्षात्मक रवैए से किसान निराश हैं। कुछ ऐसे भी किसान हैं जिनका अधिक जमीन अधिग्रहीत किया गया है लेकिन अधिग्रहित जमीन के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। कमीशनरी और न्यायलय द्वारा भी मुआवजा भुगतान करने के लिए सरकार को आदेश दिया गया है। वाबजूद सरकार भुगतान नहीं कर पाई है। किसानों का आर्थिक मानसिक क्षति हो रहा है। अधिग्रहित भूमि में कुछ लोगों का आवास बना हुआ था जिसे तोड़ दिया गया है। शेष भूमि के आसपास सरकारी कार्यालयों के भवन निर्मित है, फिर भी भूमि कृषि घोषित कर कृषि का मुआवजा दिया गया है जबकि आवासीय भूमि के अनुसार उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

## पाक्सो सहित अन्य मामलों में 58 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 58 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 29 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पोक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 84 लीटर देसी शराब, 46 लीटर विदेशी शराब, 2 बाइक, 1 ऑटो बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1421 वाहनों की जांच की गई जिसमें 175000 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 8 वारंटों का निष्पादन जबकि एक कुर्की वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो जिले में शराब व खनन कारोबार के साथ-साथ अन्य अपराध पर लगाम लगाने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बांटी मिठाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह की ओर से हार्दिक बधाई दी गई। इस अवसर पर औरंगाबाद स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बिहार के युवा नेता को राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष



विजेंद्र चंद्रवंशी, सुजीत कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता उज्जवल कुमार, अरविंद पासवान, मोर्चा के विनोद चंद्रवंशी, पूर्व प्रदेश समिति सदस्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, मुखिया अमरेश कुमार सिंह, मनजीत कुमार सिंह, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, अशोक पांडे तथा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक बसु सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने को बिहार और संगठन के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## नरारी कला पुलिस ने जीता क्रिकेट मुकाबला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रविवार को नवीनगर स्थित एनटीपीसी के ग्राउंड में सीआईएसएफ और नरारी कला खुर्द पुलिस के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सीआईएसएफ की टीम ने 10 ओवर में 67 रनों का लक्ष्य अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारारी कलां खुर्द पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैच पूरी तरह खेल भावना और आपसी सौहार्द से परिपूर्ण रहा। यह आयोजन न केवल सीआईएसएफ और नारारी कलां खुर्द के लिए प्रतिस्पर्धात्मक माहौल लेकर आया, बल्कि दोनों के बीच आपसी सहयोग और भाईचारे को भी मजबूत करने का अवसर बना। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकरी मौजूद रहे।

## चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, लाखों की संपत्ति उड़ाये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशान बनाकर भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोप है कि चोर 20 लाख की संपत्ति ले भागे। मामला नगर थाना क्षेत्र के शहर के वार्ड नंबर-6 मालवीय पथ, नागा बिगहा का है। दरअसल शनिवार की रात गेट पर लगे ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जवरात तथा कीमती सामान ले भागे। इस संबंध में पीड़ित ने थाना में आवेदन समर्पित कर कार्रवाई की मांग की है। गृह स्वामी अविरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि एक सप्ताह पहले मेरी मां का निधन हो गया था। श्राद्ध कर्म के लिए पूरा परिवार गांव तेलहारा में है। घर की देखरेख के लिए प्रतिदिन रात में एक रिश्तेदार सोने आते थे और सुबह चले जाते थे। शनिवार की रात जब रिश्तेदार घर पहुंचे तो गेट पर लगा हुआ ताला टूटा मिला। कमरे के अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ था। सूचना मिलने के बाद गांव से शहर आया। अलमारी, बक्सा, बैग और दीवान को तोड़कर चोरों ने सारा कीमती सामान निकाल लिया। घर में रखे सोने और चांदी के जेवरात के अलावा कीमती सामान भी गायब है, जिसकी कुल कीमत 20 लाख रूपये से अधिक है। घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी है। इधर, पुलिस घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस की माने तो आवेदन के आधार पर मामाल दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

## विभिन्न मामलों में नौ वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान के तहत नौ वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के तीन थानों की पुलिस द्वारा की गई है। नवीनगर पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के भवानोखाप निवासी संजय यादव, बसन बिगहा निवासी शकुन यादव एवं उमेश यादव के रूप में की गई है। गोह पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के दधपी गांव निवासी नंदलाल साव के रूप में की गई है। इसी तरह उपहारा पुलिस द्वारा पांच वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के डड़वा निवासी शिवपूजन यादव, राज नंदन, सत्येंद्र यादव, अमलेन्द्र कुमार एवं राजकुमार यादव के रूप में की गई है। पुलिस की माने तो कोर्ट के निर्देश पर सभी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी अलग-अलग अपराधों में फरार चल रहे थे। लंबे समय से फरार रहने के कारण कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया था। इसी क्रम में शनिवार की रात पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## भव्य रूप से मनेगी महामना एवं अटल जी की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय की अध्यक्षता में औरंगाबाद स्थित उनके आवास पर जयंती समारोह की तैयारी समिति की बैठक आज सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 25 दिसंबर को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, महान स्वतंत्रता सेनानी भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती समारोह भव्य रूप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। चर्चा के दौरान कहा गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती समारोह पूरे गरिमामय और भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने अपने-अपने कार्यकाल में भारत की स्वाधीनता, विकास और सम्मान के लिए जो



कालजयी योगदान दिए हैं, वे भारतीय इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हैं। दोनों विभूतियों ने भारत माता की स्वाधीनता और राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि यद्यपि एक महापुरुष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे और दूसरे जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे, फिर भी दोनों में यह समानता रही कि हिंदी और हिंदुस्तान के स्वाभिमान को स्थापित करने के लिए दोनों ने अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन दोनों महान व्यक्तित्वों के योगदान को स्मरण करना और समाज को स्मरण कराना हम सभी तथा आने वाली पीढ़ियों का पावन दायित्व है। चाणक्य परिषद वर्षों से इस कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जयंती के अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन करती आ रही है, ताकि समाज को उनके आदर्शों और मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में हम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार चौबे, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं रेड क्रॉस के सचिव दीपक कुमार पाण्डेय, डॉ सुधांशु शेखर त्रिवेदी, भारतीय सेवा दल के विभांशु मिश्र रौशन, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामानुज पाण्डेय, अमरिंदर पाण्डेय, शिक्षक नेता एवं जिला मंत्री निर्भय त्रिवेदी, पुरुषोत्तम चौबे, पंकज पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093